Punjab Files
ਪੰਜਾਬੀ ਸਨਾਤਨੀ ਦੀ ਆਵਾਜ਼



# YEAR 1993

## पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

जवाबी फायरिंग किए जाने पर 1 मिलिटैंट मारा गया । उसका साथी बच कर भाग गया । घटनास्थल से एक राइफल भी मिली है ।

**क्रास फायरिंग में 1 मिलिटैंट मरा :** बटाला (चौधरी, कोछड़): पुलिस जिला बटाला के घुमान थाना के अधीन दकोहा गांव में कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 1 मिलिटैंट मारा गया । एस.एस.पी. श्री रोहित चौधरी ने बताया कि पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक मिलिटैंट शेर सिंह उर्फ़ शेरा उर्फ़ राजू पुत्र जोगिन्द्र सिंह निवासी घुमान को गिरफ्तार किया तथा उससे एक पिस्तौल और आधा किलो विस्फोटक बरामद किया । पुलिस जब शेर सिंह को और हथियारों की बरामदगी के लिए ले जा रही थी तो दकोहा गांव के निकट मिलिटैंटों के एक गिरोह ने हमला कर दिया । पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग की गई । क्रास फायरिंग में शेर सिंह मारा गया । वह के.ए.एफ. से सम्बद्ध था । जिला बटाला तथा लुधियाना में कई वारदातों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की थी ।

**एक मिलिटैंट गिरफ्तार :** पटियाला जिला के थरुग गांव से पुलिस ने कल एक मिलिटैंट को गिरफ्तार किया तथा उसके कब्जे से एक किलो विस्फोटक पदार्थ बरामद किया ।

# बब्बर खालसा के चीफ हाकम सिंह उर्फ़ फौजी समेत 7 मिलिटैंट मरे, 2 सुरक्षा कर्मियों की हत्या

चंडीगढ़, 6 जनवरी (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान बब्बर खालसा के चीफ हाकम सिंह उर्फ़ फौजी, लै. जनरल बलविंदर सिंह उर्फ़ गलाबा तथा एरिया कमांडर जसवंत सिंह समेत 7 मिलिटैंट मारे गए, जबकि 2 सुरक्षा कर्मियों की हत्या हुई ।

**बब्बर खालसा के चीफ समेत 2 मिलिटैंट मरे** : लुधियाना (धीमान): पुलिस जिला खन्ना में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मारे गए । घटना का विवरण देते हुए लुधियाना रेंज के डी.आई.जी. श्री चंद्र शेखर ने बताया कि गांव घमाना थाना माछीवाड़ा में हुए मुकाबले में मारे गए दो में से एक मिलिटैंट की पहचान हो गई है, जिसका नाम हाकम सिंह उर्फ़ फौजी था । वह बब्बर खालसा इंटरनैशनल का चीफ था । वह एक सौ से अधिक हत्याओं, अपहरणों व दूसरी घटनाओं में वांछित था । उसकी गिरफ्तारी के लिए 5 लाख रुपए का पुरस्कार था । उसने इंका सांसद श्री गुरचरण सिंह गालिब के दामाद और तत्कालीन डी.जी.पी. श्री डी.एस. मांगट के संबंधियों का अपहरण किया था । उसके कारण स्थानीय राहों रोड पर काफी आतंक फैला हुआ था । उसने इस क्षेत्र में कुछ उद्योगकारों का भी अपहरण किया था, कुछ हत्याएं भी कीं । उसके कब्ज़े से दो ए.के. 47 असाल्ट राइफलें और भारी परिमाण में गोली-सिक्का भी मिला है ।

**400 कत्लों में वांछित** : खन्ना से 'शर्मा' के अनुसार पुलिस अधीक्षक श्री राज किशन बेदी के अनुसार फौजी 400 हत्याओं में वांछित था और वह गांव शानोवाल का रहने वाला था ।

**भिड़ंत में 3 मिलिटैंट व 2 सुरक्षा कर्मी मरे** : अमृतसर (नारंग): गत रात पुलिस थाना कत्थनंगल के गांव अबदाल में मिलिटैंटों के साथ हुई एक भिड़ंत में दो पुलिस कर्मी मारे गए जबकि पुलिस ने बब्बर खालसा के एक लैफ्टिनैंट जनरल समेत 3 मिलिटैंटों को मार गिराया ।

बताया गया है कि पुलिस को एक पुष्ट सूचना मिली थी कि उक्त गांव में कुलदीप सिंह मेहरा के घर कुछ मिलिटैंट बैठक कर रहे हैं व उनकी योजना कोई बड़ा नरसंहार करने की है । इस पर पुलिस ने गांव में उक्त मकान पर छापा मारा । जैसे ही सुरक्षा कर्मियों ने मकान का दरवाजा खटखटाया तो अंदर से ज़बरदस्त फायरिंग शुरू हो गई, जिससे दो सिपाही निर्मल सिंह व सुखबीर सिंह मारे गए, जबकि ए.एस.आई. बलवंत सिंह, हैडकांस्टेबल धर्मपाल व कांस्टेबल जसबीर घायल हो गए ।

इसके बाद सुरक्षा बलों ने घेराबंदी करके जवाबी फायरिंग की और तीन मिलिटैंटों को मार गिराया । मारे गए मिलिटैंटों में से एक की शिनाख्त नहीं हो सकी । एक मिलिटैंट बब्बर खालसा का लै. जन. बलविंदर सिंह उर्फ़ गुलाबा पुत्र जसवंत सिंह निवासी अबदाल तथा दूसरा मिलिटैंट बब्बर खालसा का एरिया कमांडर जसवंत सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी अबदाल है । पुलिस के अनुसार ये दोनों हत्याओं, लूट, अपहरण आदि की कई घटनाओं में संलिप्त थे । घटनास्थल से एक जी.पी.एम., दो ड्रम मैगज़ीन, एक एस.एल.आर., एक मैगज़ीन, एक ए.के. 47, एक मैगज़ीन, 6 हथगोले, 7 किलो विस्फोटक पदार्थ व अन्य काफी गोली-सिक्का मिला है ।

'वार्ता' के अनुसार मजीठा पुलिस प्रमुख श्री परमजीत सिंह गिल ने बताया कि बलविंदर सिंह पिछले 4 वर्षों से वारदातें कर रहा था । उसने पिछले साल बद्दोवाल गांव में परिवहन मंत्री मास्टर जागीर सिंह के 6 रिश्तेदारों तथा मजीठा पुलिस जिला में कई पुलिस कर्मियों के संबंधियों की भी हत्या की थी ।

**1 मिलिटैंट मरा** : मालेरकोटला से 'आजिज़' तथा संगरूर से 'गर्ग' के अनुसार गत रात्रि अमरगढ़ पुलिस ने गांव बाठां के निकट नाका लगा रखा था । इस बीच दो संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिए, जब उन्हें रुकने का संकेत किया गया तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस द्वारा

(शेष पृष्ठ 10 पर)

# हर्षद मेहता दुबई में एक नई कम्पनी खोलने वाला था

नई दिल्ली, 6 जनवरी (वार्ता): अभूतपूर्व प्रतिभूति घोटाले के प्रमुख अभियुक्त हर्षद मेहता ने दुबई में एक नई कम्पनी की शुरुआत करने की योजना बनाई थी ।

प्रवर्तन निदेशालय के अनुसार हर्षद वहां अपने साथी जयराज जावा के साथ ग्रोवैल इंटरनेशनल नाम की कम्पनी की शुरुआत करने वाला था ।

निदेशालय ने घोटाले की जांच कर रही संयुक्त संसदीय समिति के सामने पेश अपने लिखित बयान में कहा है कि वित्तीय सलाह देने वाली यह कम्पनी दुबई की नगर पालिका में जयराज जावा तथा एक स्थानीय सांझीदार के नाम से पंजीकृत है । संयुक्त अरब अमीरात के कानून के मुताबिक किसी कम्पनी के पंजीकरण के लिए स्थानीय सांझीदार का होना आवश्यक है ।

रिपोर्ट में कहा गया है कि हर्षद मेहता के निकट सहयोगी निरंजन शाह के कम्प्यूटरीकृत खाते में हर्षद मेहता का दो लाख अमरीकी डालर जमा दिखाया गया है । इससे इस बात का संकेत मिलता है कि हर्षद मेहता ने यह राशि नई कम्पनी स्थापित करने के लिए दी थी । नोट में कहा गया है कि बाद में प्रतिभूति घोटाले का भंडाफोड़ होने तथा अन्य घटनाओं के कारण यह कम्पनी कोई कारोबार नहीं कर सकी ।

निरंजन शाह एक जून 1992 को नेपाल भाग गया था तथा वहां से वह दुबई चला गया । केन्द्रीय जांच ब्यूरो तथा प्रवर्तन निदेशालय उसे पूछताछ के लिए भारत लाने की कोशिश कर रहे हैं । इस बात की काफी सम्भावना है कि विशेष अदालत एक-दो दिन में उसके विरुद्ध गिरफ्तारी का वारंट जारी करेगी ।

निदेशालय अब तक उन 36 लोगों से पूछताछ कर चुका है जिनके नाम का जिक्र शाह के खाते में है। इनमें हर्षद मेहता तथा उसके भाई अश्विन व सुधीर भी शामिल हैं।

बयान के अनुसार श्री शाह के सांझीदारों तथा सहयोगियों से पूछताछ के बाद यह स्पष्ट हो गया कि जब्त खातों का सम्बन्ध हवाला कारोबार से है।

बयान में कहा गया है कि श्री शाह के घर पर मारे गए छापे के दौरान एक डायरी बरामद की गई। इसमें स्विट्जरलैंड में हर्षद मेहता के खाते में राशि जमा दिखाई गई है। एक अन्य विवरण हिंडलबर्ग बैंक खाते का जिक्र करता है। हर्षद मेहता ने ऐसे किसी कारोबार में अपना हाथ होने से इन्कार किया था।

Punjabi Sanatani

## पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

संगठन ही वहन करता था । इससे पूर्व गुरबीर सिंह भटिंडा में रेलवे दूरसंचार की तारें तोड़ने तथा दो पुलिस अधिकारियों के बेटों के अपहरण में भी संलिप्त था जिन्हें बाद में छोड़ दिया गया था । गुरबीर सिंह ने बताया कि कालेज का एक और छात्र भी मिलिटैंसी की वारदातों में उसे मदद देता रहा है ।

एस.पी. ने बताया कि पुलिस मुठभेड़ में जुगनू मारा जा चुका है, शीरा भटिंडा पुलिस की हिरासत में है और सुक्खा फरार है । गुरबीर सिंह को पुलिस ने विगत शुक्रवार को पटियाला सदर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया ।

**8 मिलिटैंट गिरफ्तार** : थाना बंगा की पुलिस ने कल रात मुकंदपुर गांव में छापा मार कर 5 मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया । ये मिलिटैंट गांव के एक बैंक में डाका मारने तथा पंचायत चुनावों के दौरान गड़बड़ करने की योजना बना रहे थे । गिरफ्तार मिलिटैंटों की पहचान नरेंद्रपाल सिंह, समंद, दविंद्र कुमार, बहादुर सिंह तथा गुरनाम सिंह के रूप में हुई है । उनसे दो रिवाल्वर, 3 पिस्तौल तथा कुछ गोली-सिक्का भी मिला है ।

Punjabi Saratani

थाना नवांशहर की पुलिस ने आज तड़के गांव आलोमाजरा की नहर पर एक संक्षिप्त मुकाबले के बाद 2 मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया । उनकी पहचान संतोख सिंह सोखी तथा राज कुमार उर्फ डाक्टर के रूप में हुई है । उनसे कुछ हथियार और गोली-सिक्का भी मिला है । दोनों मिलिटैंट बब्बर खालसा से सम्बद्ध बताए जाते हैं ।

राहों पुलिस ने आज प्रातः गरचा गांव के निकट नाकाबंदी के दौरान कुलदीप राय नामक एक मिलिटैंट को गिरफ्तार किया । वह मिलिटैंटों को शरण भी देता था ।

**मुठभेड़ में 1 मिलिटैंट मरा** : गुरदासपुर में काहनूवान रोड पर कल सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में इकबाल सिंह नामक एक मिलिटैंट मारा गया । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल तथा एक स्टिक बम बरामद हुआ ।

# पंजाब में 1 मिलिटैंट मरा, 11 काबू, आबकारी व कराधान आयुक्त ए. के. मिश्रा की हत्या के संदर्भ में छात्र गिरफ्तार

चंडीगढ़, 10 जनवरी (वार्ता, प.स.): पटियाला पुलिस ने आबकारी तथा कराधान आयुक्त श्री ए.के. मिश्रा की हत्या के संदर्भ में एक एम.फिल. छात्र को गिरफ्तार किया है । इसके अतिरिक्त पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान 1 मिलिटैंट मारा गया तथा 11 अन्य को पुलिस ने काबू किया ।

**आबकारी व कराधान आयुक्त की हत्या के मामले में छात्र गिरफ्तार** : पटियाला (राजू, भूषण, वार्ता): पुलिस ने आबकारी एवं कराधान आयुक्त श्री ए.के. मिश्रा की हत्या के मामले में गवर्नमैंट कालेज आफ फिजीकल एजुकेशन के एम. फिल. के छात्र गुरबीर सिह को गिरफ्तार किया है । गुरबीर सिंह, जोकि मानसा के वकील गुरदयाल सिंह का पुत्र है, को पुलिस ने पत्रकारों के समक्ष पेश किया ।

एस.पी. (डिटैक्टिव) श्री हरजिन्दरपाल सिंह ने बताया कि गुरबीर सिंह ने रहस्योद्घाटन किया है कि वह खालिस्तान लिबरेशन फोर्स का प्रमुख सदस्य था और फरीदकोट एरिया कमांडर सुखदेव सिंह सुक्खा संगतपुरा के अधीन काम करता था । गुरबीर सिंह ने यह भी बताया कि वह कालेज होस्टल के अपने कमरे में खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के मिलिटैंटों को शरण देता था । गुरबीर सिंह ने बताया कि श्री मिश्रा की हत्या इसलिए की गई ताकि सारे प्रदेश में शराब के ठेकों को बंद किया जा सके ।

वालीबाल खिलाड़ी गुरबीर सिंह ने बताया कि खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के सुखदेव सिंह सुक्खा, जगपाल सिंह जग्गा तथा जसपाल सिंह भीरा ने मिलिटैंसी में शामिल होने के लिए उसे उकसाया । उसने यह भी बताया कि वे लोग श्री मिश्रा की हत्या से 3 दिन पहले वारदात की रिहर्सल करते रहे । उसने बताया कि हत्या में प्रयुक्त होने वाली ए.के. 47 राइफल तथा .30 बोर की पिस्तौल शीरा लेकर आया था । गुरबीर सिंह के अनुसार जुगनू तथा सुक्खा ने श्री मिश्रा की कार पर फायरिंग की थी ।

गुरबीर सिह ने यह भी बताया कि वह अपने संगठन के हथियार निकटवर्ती स्टेट कालेज आफ एजुकेशन की कैंटीन के स्टोर में छिपा कर रखता था । गुरबीर सिंह के अनुसार उसका संगठन कुलवंत सिंह गुंती नामक मिलिटैंट से दिशा निर्देश हासिल करता था । गुरबीर सिंह के रहन-सहन का सारा खर्च भी उसका

(शेष पृष्ठ 10 पर)



*शिमला के रेलवे स्टेशन के निकट रेलवे श्रमिक रेल पटरी पर से बर्फ हटाते हुए ताकि रेल यातायात बरकरार रखा जा सके ।* (फोटो : सूद)

Punjabi Sanatani




*करनाल के रणधीर सिनेमा में बुधवार को हुए बम विस्फोट में चार व्यक्ति मारे गए व 2 अन्य घायल हो गए। चित्र में (1) फूल-पौधों में पड़ा शव, (2, 3) अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ गए व्यक्तियों के शव, (4) टिकट खिड़की के पास पड़ा शव तथा (5, 6) अस्पताल में उपचाराधीन दो घायल। (छाया : ढींगरा, विवरण : गांधी)*

# करनाल के रणधीर सिनेमा परिसर में बम विस्फोट से 4 मरे : 2 अन्य घायल

चंडीगढ़, 13 जनवरी (राकेश संघी): करनाल के रणधीर सिनेमा के प्रांगण में आज प्रातः करीब साढ़े दस बजे हुए एक शक्तिशाली बम विस्फोट में चार व्यक्तियों की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

मृतकों में सिनेमा का सफाई कर्मचारी पवन कुमार व तीन दर्शक गांव सतोंदी का जोगिंदर सिंह, गांव गोगदीपुर का शशिपाल व गांव गंजबड़ का राजेश कुमार शामिल हैं। घायलों में जालंधर के एक फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर का एजैंट बलदेव राज हांडा व गांव कराड़ का प्रवीण कुमार शामिल हैं।

उक्त जानकारी देते हुए राज्य के पुलिस महानिदेशक श्री कल्याण रुद्र ने पत्रकारों को बताया कि अब तक प्राप्त सूचनाओं के अनुसार यह बम घटना में मारे गए किसी व्यक्ति के हाथ में था। उन्होंने बताया कि यह शक्तिशाली टाइम बम एक बैग में था। संभवतः यह बैग लावारिस पड़ा हुआ पाया जाने पर सिनेमा के सफाई कर्मचारी को सौंपा जा रहा था।

उन्होंने कहा कि प्रारम्भिक जांच से पता चलता है कि इस तरह के अत्याधुनिक टाइम बम बनाने की तकनीक बब्बर खालसा से सम्बन्धित मिलिटैंटों के पास है। इसलिए इस वारदात में बब्बर खालसा का हाथ होने से इन्कार नहीं किया जा सकता।

घटना की सूचना मिलने पर श्री रुद्र मौके का जायजा लेने के लिए करनाल रवाना हो गए।

**बम धमाके में मारे गए किसी व्यक्ति के हाथ में था : कल्याण रुद्र; विस्फोट में बब्बर खालसा का हाथ होने का संदेह**

'वार्ता' के अनुसार दो व्यक्ति मौके पर ही मारे गए और दो ने अस्पताल के रास्ते में दम तोड़ा।

दोनों घायल व्यक्तियों को पी.जी.आई. चंडीगढ़ में दाखिल कराया गया है। उनकी हालत गंभीर बताई गई है। बम विस्फोट के समय सिनेमाघरों में सुबह का शो चल रहा था।

जिले के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर तुरन्त पहुंच गए। निकटवर्ती मधुबन पुलिस प्रशिक्षण कालेज से अपराध विज्ञान के विशेषज्ञ डा. एल.ए. कुमार भी वहां पहुंच गए। डा. कुमार के अनुसार यह बम देसी था। इसमें जिलेटिन भरा था व घड़ी लगी थी।

करनाल से 'गांधी' के अनुसार सिनेमा के प्रबन्धकों ने बताया कि आज प्रातः एक दर्शक बैग लेकर सिनेमा के भीतर आ रहा था । उसे बैग दिखाने को कहा गया तो बम फट गया । कुछ लोगों का यह भी कहना है कि सिनेमा हाल में से सफाई कर्मचारी बैग उठा कर लाया तथा बाहर बैठे सिनेमा से सम्बन्धित लोगों को जानकारी देने आया । उसके बाद क्या हुआ यह किसी को ज्ञात नहीं है ।

जिस स्थान पर बम फटा वहां करीब एक फुट गहरा गड्ढा बन गया है । मौके पर मरने वालों में एक का शव करीब दस फुट दूर फूलों के पौधों में जा गिरा तथा कई टुकड़ों में बंट गया । दूसरा शव करीब 25 फुट दूर सिनेमागृह की टिकट खिड़की के पास गिरा पाया गया ।

Punjabi Sanatani

# पंजाब में विभिन्न क्षेत्रों में 6 मिलिटैंट मरे : भिड़ंत में 2 सुरक्षा कर्मियों की मौत

चंडीगढ़, 18 जनवरी : कल गांव सत्तोवाली में हुई भिड़ंत में मरने वाले मिलिटैंटों की कुल संख्या 4 हो गई है । इस भिड़ंत में तीन सुरक्षा कर्मी भी शहीद हो गए । मारे गए मिलिटैंटों में बी.टी.एफ. का दुर्दांत मिलिटैंट मिकी भी शामिल है । पंजाब में गत रात से अब तक 4 मिलिटैंट मारे गए ।

**चंडीगढ़ में तलाशियां, 14 हिरासत**

'वार्ता' के अनुसार आज प्रातः चंडीगढ़ पुलिस ने शहर के सैक्टर 35 में तलाशियां लीं । तलाशियों का क्रम सुबह 4.45 बजे से 8.40 बजे तक चला । एक सरकारी प्रवक्ता ने यहां बताया है कि तलाशियां लेने से पूर्व सारे क्षेत्र की घेराबंदी की गई थी । सारे अभियान में महिला कर्मियों समेत 220 सुरक्षा कर्मियों ने भाग लिया ।

**दो सुरक्षा कर्मी व दो मिलिटैंट और मरे** : जालन्धर : कल गांव सत्तोवाली में हुई भिड़ंत, जिसमें टांडा पुलिस थाना के एस.एच.ओ. नरेन्द्र पाल सिंह सेखों मारे गए थे, में मरने वाले सुरक्षा कर्मियों की संख्या श्री सैखों सहित 3 तथा मिलिटैंटों की संख्या चार हो गई है ।

श्री सेखों के अलावा इस भिड़ंत में सेना का एक हवलदार व पुलिस का एक कांस्टेबल भी मारा गया । भिड़ंत में 5 सुरक्षा कर्मी घायल हुए जिनमें सेना का एक कर्नल भी बताया गया है । मारे गए चार मिलिटैंटों में से एक मिलिटैंट कुलविंदर सिंह उर्फ मिक्की है, जो बी.टी.एफ. का लैफ्टिनैंट जनरल था तथा उस पर 10 लाख का ईनाम घोषित था ।

यह भिड़ंत उस समय शुरू हुई थी जब हवलदार प्यारा सिंह के घर में छिपे मिलिटैंटों को पकड़ने के लिए सुरक्षा बलों ने धावा बोला था । जब इस घर में एक हथगोला फैंका गया तो मिलिटैंट वहां से निकल कर समीपवर्ती खेतों में जा छिपे थे और काफी देर तक मुकाबला चलता रहा था । घटनास्थल से एक जी.पी.एम., 315 बोर की एक बन्दूक, 7.62 बोर की एक राइफल भी मिली है ।

घायलों में फायर ब्रिगेड का एक कर्मचारी अमरजीत सिंह भी शामिल है । सुरक्षा बलों ने घर में छिपे हुए मिलिटैंटों को बाहर निकालने के लिए हथगोला छोड़ा था, जिससे उक्त घर में आग लग गई थी ।

**दो खतरनाक मिलिटैंट मरे** : बटाला (चौधरी) : गत रात्रि पुलिस जिला बटाला के गांव किशनकोट में हुई क्रास फायरिंग में दो मिलिटैंट मारे गए । पुलिस अधीक्षक श्री रोहित चौधरी और एस.पी. (डी) श्री आर.एस. खेड़ा ने पत्रकारों को बताया कि महाराष्ट्र पुलिस की ओर से गिरफ्तार किए गए दो मिलिटैंटों निर्मल सिंह और मनजीत सिंह जिन्हें हाल ही में बटाला पुलिस के हवाले किया गया था, को श्रीहरगोबिन्दपुर पुलिस हथियारों की बरामदगी के लिए ले जा रही थी कि किशनकोट में मिलिटैंटों के एक ग्रुप ने उक्त खतरनाक मिलिटैंटों को पुलिस के शिकंजे से छुड़वाने के लिए पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी । इसके जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की । इस भिड़ंत की लपेट में आकर उक्त दोनों मिलिटैंट मारे गए । ये मिलिटैंट के.सी.एफ. (पंजवड़) से सम्बन्ध रखते थे ।

**अज्ञात मिलिटैंट मरा** : जिला जालन्धर के गांव रसूलपुर के निकट सुरक्षा बलों के साथ हुई भिड़ंत में एक मिलिटैंट के मारे जाने की सूचना है । मृतक मिलिटैंट की शिनाख्त नहीं हो सकी । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल बरामद हुई है ।

**अपहर्ता मारा गया** : रोपड़ : जिला पुलिस ने रमण कुमार नामक एक व्यक्ति का अपहरण करने वाले एक अज्ञात व्यक्ति को मार गिराया ।

मारा गया अपहर्ता एक सैनिक फकीर सिंह बताया गया है जो छुट्टी पर आया हुआ था ।

Punjabi Sanatani

# पंजाब में 3 मिलिटैंट मरे, 2 सुरक्षा कर्मी जख्मी

चंडीगढ़, 20 जनवरी (वार्ता, प. स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान 3 मिलिटैंट मारे गए, जबकि मुठभेड़ में 2 सुरक्षा कर्मी घायल हो गए।

**एक मिलिटैंट मरा :** संगरूर से 'गर्ग' के अनुसार यहां से 17 किलोमीटर दूर गांव लोहार खेड़ी के निकट पुलिस और सी. आई. ए. स्टाफ द्वारा नाका लगाया गया था। रात्रि में लगभग 9.45 बजे दो संदिग्ध मिलिटैंट आते दिखाई दिए। पुलिस कर्मियों ने उन्हें रुकने के लिए कहा तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी, जिस पर पुलिस कर्मियों ने भी जवाबी फायरिंग की जिससे एक मिलिटैंट मारा गया जबकि दूसरा अंधेरे का लाभ उठा कर भाग गया। मारे गए मिलिटैंट की पहचान नहीं हो सकी। उसके पास से एक 12 बोर की बंदूक और कुछ चले हुए कारतूस बरामद किए गए।

**दो मिलिटैंट मरे :** फतेहगढ़ साहिब से 'राकेश' के अनुसार यहां से कुछ मील दूर गांव भमौर में हुए एक मुकाबले में दो मिलिटैंट मारे गए तथा दो सुरक्षा कर्मी घायल हो गए ।

प्राप्त समाचारों के अनुसार पुलिस को विश्वस्त सूत्रों से सूचना मिली थी कि गांव भमौर में बलजिंदर सिंह नामक व्यक्ति के घर कुछ मिलिटैंट छिपे हुए हैं । सुरक्षा बलों ने मौके पर पहुंच कर जब मकान की छानबीन करनी चाही तो अंदर छिपे मिलिटैंटों ने गोलियां चलानी आरम्भ कर दीं । सुरक्षा बलों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने से दो मिलिटैंट मारे गए, जबकि इस मुठभेड़ में दो सुरक्षा कर्मी अजीत सिंह व बाज सिंह घायल हो गए । घायलों को उपचार के लिए राजेन्द्रा अस्पताल पटियाला में भर्ती करवाया गया है ।

Punjabi Sanatani

# मिलिटैंटों द्वारा सरपंच की हत्या, 2 अन्य घायल

जगराओं, 23 जनवरी (मल्होत्रा, भंडारी): आज दोपहर बाद लगभग 3 बजे निकटवर्ती गांव पब्बियां में मिलिटैंटों ने सरपंच जगदेव सिंह पुत्र रोशन सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी तथा उसके भाई गुरदेव सिंह और उसके चाचा के पुत्र चनन सिंह को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । उन्हें सी.एम.सी. लुधियाना में दाखिल करवाया गया है । उल्लेखनीय है कि जगदेव सिंह सर्वसम्मति से गांव का सरपंच चुना गया था ।

लुधियाना से 'मुसाफिर' के अनुसार सरपंच जगदेव सिंह, जो पूर्व हैडकांस्टेबिल था, आज सुबह अपने घर में बैठा था कि दो आदमी आए और उससे कहा कि ट्यूबवैल पर कुछ आदमी बैठे हैं । उनके लिए रोटी लेकर आओ । जगदेव सिंह ने रोटी बनवाई और अपने साथ 7-8 आदमी लेकर ट्यूबवैल पर गया । वहां मिलिटैंट बैठे थे । उन्होंने उसे देखते ही गोलियां चला दीं जिससे जगदेव सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी घायल हो गए । इसी बीच जगदेव सिंह के बाकी साथी मिलिटैंटों से गुत्थमगुत्था हो गए लेकिन मिलिटैंट अपने को छुड़ा कर भाग गए । अलबत्ता उनका एक रिवाल्वर वहीं रह गया ।

**कार छीन कर ले गए** : अमृतसर (नारंग): आज रात्रि लगभग 9 बजे दो मिलिटैंट पिस्तौल की नोक पर ग्रीन एवेन्यू क्षेत्र में से प्रो. दरबारी लाल की कोठी के बाहर से एक मारुति कार पी.पी. नं. 028-5353 छीन कर ले गए । यह कार स्वर्गीय एस.एस.पी. श्री जोगेन्द्र सिंह खेरा के बेटे गुरप्रीत सिंह की है ।

# पत्रकार मासूम की हत्या : 1 मिलिटैंट मरा, 4 द्वारा आत्मसमर्पण, 4 बंदी

चंडीगढ़, 31 जनवरी (प.स., वा.): पंजाब में मिलिटैंटों ने राजपुरा में आज वरिष्ठ पत्रकार श्री भोलानाथ मासूम की हत्या कर दी, जबकि अन्यत्र 1 मिलिटैंट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया तथा विभिन्न स्थानों पर 4 मिलिटैंट गिरफ्तार किए गए, जबकि 4 मिलिटैंटों ने आत्मसमर्पण किया है ।

**एक अज्ञात मिलिटैंट मरा** : संगरूर जिले में मालेरकोटला पुलिस थाने के अंतर्गत मनवा गांव के निकट आज प्रातः एक पुलिस नाका दल ने मुठभेड़ में एक मिलिटैंट को मार गिराया । इस मिलिटैंट की पहचान नहीं हो सकी । इस मिलिटैंट के पास से एक 12 बोर की दुनाली बंदूक, कुछ जीवित तथा कुछ चले कारतूस भी बरामद किए गए ।

**पत्रकार भोलानाथ मासूम की हत्या** : राजपुरा (पुरुषोत्तम): आज सायं 4.30 बजे यहां 3 अज्ञात मिलिटैंटों ने वरिष्ठ पत्रकार श्री भोलानाथ मासूम की उनके घर के बाहर गोली मार कर हत्या कर दी । उनके शरीर पर तीन गोलियां लगी हैं ।

पटियाला से 'राजू' के अनुसार श्री मासूम वारदात के समय अपनी मोपेड पर सवार थे, जब स्कूटर पर 2 मिलिटैंट सवार उनके पास आ पहुंचे और उन पर पीछे से तीन गोलियां मारीं, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई ।

पंजाब के मुख्यमंत्री श्री बेअंत सिंह और राजपुरा के विधायक श्री राज खुराना ने श्री मासूम की हत्या की कड़ी निन्दा की है ।

इस बीच पुलिस तथा अर्धसैनिक बलों ने सारे क्षेत्र में अपराधियों की खोजबीन शुरू कर दी है ।

**लैफ्टिनैंट जनरल, एरिया कमांडर और महिला मिलिटैंट गिरफ्तार** : अमृतसर (नारंग): जिला अमृतसर की पुलिस ने एक महिला मिलिटैंट समेत 3 मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है । बताया जाता है कि थाना झंडेर के एस.एच.ओ. ने गत रात्रि गांव जगदेव कलां के निकट सक्की पुल पर नाका लगा रखा था कि 2 मिलिटैंटों को आते हुए देखा । जब उन्हें रुकने का संकेत किया गया तो उन्होंने फायरिंग करनी शुरू कर दी लेकिन पुलिस ने संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात उस पर काबू पा लिया । इनके नाम गुरदित्त सिंह उर्फ बख्शी पुत्र गुरबचन सिंह और हरजिन्द्र सिंह पुत्र जगतार सिंह निवासी तलवंडी रामा थाना डेरा बाबा नानक बताए गए हैं । गुरदित्त सिंह और हरजिन्द्र सिंह के.ए.एफ. के सतरा गुट से सम्बद्ध थे और क्रमशः लैफ्टिनैंट जनरल और एरिया कमांडर थे । इनके कब्जे से 2 ए.के. 47 राइफलें, 5 इसके मैगजीन, 300 कारतूस, 3 राकेट लांचर, 6 राकेट, 6 राकेट फ्यूज, 5 पैंसिल बम, एक स्नाईपर गन, 40 कारतूस, 25 किलोग्राम विस्फोटक, 70 ग्राम अफीम, 4 विदेशी शराब की बोतलें, विदेशी निरोधों का एक पैकेट बरामद किए गए हैं ।

श्री मध्य थाना सदर अमृतसर के प्रभारी श्री रविन्द्र शर्मा ने दुर्दांत मिलिटैंट रेशम सिंह थंदे गुट से सम्बद्ध एक महिला मिलिटैंट को गिरफ्तार किया है, जो मिलिटैंटों को शस्त्र पहुंचाती थी । थंदे ने इसके लड़के को एक ट्रैक्टर भी लेकर दिया हुआ था । इस महिला मिलिटैंट के बताने पर मिलिटैंटों के कुछ शरणदाता गिरफ्तार किए गए थे, लेकिन वे राजनीतिक कारणों से छूट गए ।

जिला संगरूर में भी एक मिलिटैंट गिरफ्तार किया गया है ।

**बब्बर खालसा के दर्शन सिंह सहित 4 मिलिटैंटों द्वारा आत्मसमर्पण** : बटाला (सुभाष कोछड़, चौधरी): औद्योगिक शहर बटाला की चिट्टी ग्राउंड में आज प्रातः जिला पुलिस प्रशासन की ओर से आयोजित पंचों-सरपंचों की विशाल जनसभा में एस.पी. मुख्यालय श्री चरणजीत सिंह बावा व एस.पी. डिटैक्टिव श्री रणबीर सिंह खटड़ा के सामने कुछ पंचों-सरपंचों ने 4 खतरनाक मिलिटैंटों की ओर से हथियारों सहित आत्मसमर्पण करवाया । इस अवसर पर पुलिस जिला बटाला के लगभग सभी डी.एस.पी. व एस.एच.ओज़ भी मौजूद थे ।

बाद में एस.एस.पी. श्री रोहित चौधरी ने प्रैस

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjabi Sanatani

# महिला मिलिटैंट समेत तीन मरे

चंडीगढ़, 14 फरवरी : पंजाब में सुरक्षा बलों ने विभिन्न मुकाबलों में एक महिला समेत तीन मिलिटैंटों को मार गिराया । एक मिलिटैंट के.सी.एफ. का एरिया कमांडर था ।

**एक एरिया कमांडर व एक महिला मिलिटैंट मरी** : संगरूर : आज जिला संगरूर के गांव खनाल खुर्द में सुरक्षा बलों ने एक मिलिटैंट व उसकी साथी एक महिला को 5 घंटे तक चली भिड़ंत के दौरान मार गिराया । मारे गए मिलिटैंट की शिनाख्त भोला सिह के रूप में हुई है । वह के.सी.एफ. का एरिया कमांडर था । मारी गई महिला का नाम चरण कौर है ।

**सुनाम (सिंगला)**: संगरूर के एस.एस.पी. श्री जसमिंदर सिंह के अनुसार भिड़ंत बाद दोपहर 1.30 बजे शुरू हुई थी । मिलिटैंटों ने पुरुषों के कपड़े पहने हुए थे । चरण कौर पहले भी पकड़ी जा चुकी थी । पंचायत के कहने पर दो बार उसे छोड़ा गया था, परन्तु इसके बावजूद वह मिलिटैंटों से जा मिली थी । घटनास्थल से दो ए.के. 47 राइफलें तथा दोनों के चित्र मिले हैं। ये दोनों 50 से अधिक हत्याओं के मामलों में वांछित थे ।

Punjabi Sanatani

**1 मिलिटैंट मरा** : गुरदासपुर : गुरदासपुर जिले के ठीकरीवाल गांव के पास कल रात सुरक्षा बलों के साथ हुई एक मुठभेड़ में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया । मृतक के पास से एक ए.के. 47 राइफल और 50 कारतूस बरामद किए गए हैं ।

**मिलिटैंट पंचायत को सौंपे गए** : जगराओं : गत दिवस पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करने वाले 10 मिलिटैंटों में से 8 को सम्बद्ध पंचायतों के हवाले कर दिया गया है । यह कार्रवाई पंचायतों के इस लिखित आश्वासन पर की गई है कि ये लोग फिर से मिलिटैंसी की गतिविधियों में शामिल नहीं होंगे ।

# दिल्ली में 'बीयर पब' खुलेंगे

नई दिल्ली, 14 फरवरी (हि.टा.): दिल्ली प्रशासन ने दिल्ली में अगली गर्मियों से 'बीयर पब' खोलने का निर्णय लिया है । उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार प्रशासन ने परीक्षण के तौर पर उन स्थानों पर 'बीयर पब' खोलने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है, जहां भारी संख्या में पर्यटक आते हैं । पिछले कई वर्षों से बम्बई तथा बंगलूर में ऐसे पब सफलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं ।

## पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

कांफ्रैंस में पत्रकारों को बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले 4 मिलिटैंटों में बब्बर खालसा का खतरनाक मिलिटैंट दर्शन सिंह निवासी बोदे-दी-खुई भी शामिल है । इसने एक सैल्फ़ लोडिंग राइफल, इसके मैगज़ीन व काफी गिनती में ज़िन्दा कारतूस भी पुलिस को सौंपे हैं । यह पुलिस की हत्याओं व गोलीबारी की कम से कम 50 वारदातों में वांछित था और इसका आत्मसमर्पण पुलिस प्रशासन की एक बड़ी उपलब्धि है ।

श्री रोहित चौधरी ने बताया कि अन्य तीन में कम से कम 15 मिलिटैंसी की कार्रवाइयों में वांछित दशमेश रैजिमैंट आफ खालिस्तान का सूचीबद्ध मिलिटैंट निशान सिंह उर्फ़ निशाना निवासी शाहपुर गोराया, 3 सुरक्षा कर्मचारियों सहित 4 हत्याओं में वांछित के.सी.एफ. (ज़फ़रवाल) का मिलिटैंट दिलबाग सिंह उर्फ़ लवली निवासी टडियाला नजारा व लूटा-खोहां व जबरी वसूलियों के कई मामलों में संलिप्त मिलिटैंट जगजीत सिंह उर्फ़ बिट्टू निवासी

Punjabi Sanatani

# के.सी.एफ. माझा क्षेत्र के चीफ़ गोल्डी, लैफ्टि. जनरल भूचाल सहित 12 मिलिटैंट मारे गए

## फिरोज़पुर व जगराओं में 25 मिलिटैंटों द्वारा आत्मसमर्पण; फिरोज़पुर मिलिटैंटों से मुक्त : बख्शी राम

## गोल्डी 500 से अधिक हत्याओं में वांछित था : भूचाल शस्त्र सप्लाई करता था

चंडीगढ़, 13 फरवरी : पंजाब में आज फिरोजपुर पुलिस के समक्ष 15 और जगराओं में 10 मिलिटैंटों ने शस्त्रास्त्रों समेत आत्मसमर्पण कर दिया । इसी बीच पिछले 24 घंटों के दौरान सुरक्षा बलों ने विभिन्न भिड़ंतों में 12 मिलिटैंटों को मार गिराया । इनमें के.सी.एफ. (पंजवड़) का माझा क्षेत्र का चीफ सुखविन्दर सिंह उर्फ गोल्डी तथा के.सी.एफ. (ज़फरवाल) का लै. जन. गुरनाम सिंह भूचाल भी शामिल हैं ।

**मुठभेड़ में लै. जनरल मरा** : अमृतसर (नारंग): गत रात्रि साढ़े 9 बजे के लगभग मजीठा पुलिस जिला के एस.एस.पी. श्री परमजीत सिंह गिल्ल ने 'फाइनल असाल्ट' योजना के अधीन जंडियाला थाना के दशमेश नगर में विशेष नाका लगाया हुआ था कि स्कूटर पर सवार एक संदिग्ध व्यक्ति उधर से गुजरा, चुनौती दिए जाने पर उसने फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर उक्त मिलिटैंट मारा गया ।

मृतक की पहचान सुखविन्दर सिंह बराड़ उर्फ गोल्डी, पुत्र मुख्तियार सिंह लोपोके के रूप में हुई है । वह के.सी.एफ. (पंजवड़) का लैफ्टिनैंट जनरल था । उस पर 10 लाख रुपए का इनाम था और वह 500 से अधिक हत्याओं में संलिप्त था ।

घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक मैगजीन, एक माऊज़र, एक वाकी-टाकी सैट, 2 हथगोले व वैस्पा स्कूटर (नं. पी.बी. 02-बी 4240) बरामद हुआ है ।

श्री गिल ने बताया कि सुखविन्दर सिंह ने क्षेत्र में अत्यधिक आतंक फैलाया हुआ था । उसके मारे जाने से पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है ।

श्री गिल ने कहा कि गोल्डी ने अधिकतर सुरक्षा कर्मियों के अलावा पूर्व अकाली विधायक दलबीर सिंह रानीके और इंका कार्यकर्ता त्रिलोचन सिंह जैसे राजनीतिज्ञों की हत्या की थी ।

वार्ता के अनुसार सुखविन्दर सिंह खालिस्तान कमांडो फोर्स (पंजवड़) का माझा क्षेत्र का प्रमुख था ।

**7 मिलिटैंट मरे** : मक्खू (चंद्रशेखर): गत रात जिला फिरोजपुर में हुए दो मुकाबलों में सुरक्षा बलों ने 7 मिलिटैंटों को मार गिराया ।

पहला मुकाबला यहां से 20 कि.मी. दूर मल्लांवाला के निकट आशीके-माछीके के निकट हुआ । इस मुकाबले में 3 मिलिटैंट मारे गए जबकि इनका एक साथी भाग निकला । पता चला है कि यह मुकाबला कल रात 1.30 बजे शुरू हुआ था तथा 4 घंटे तक चलता रहा । घटनास्थल से .38 बोर की एक रिवाल्वर, .12 बोर की एक पिस्तौल, दो हथगोले तथा एक मैगजीन मिला है ।

दूसरा मुकाबला अबोहर के निकट हुआ जिसमें 4 मिलिटैंट मारे गए ।

**फिरोजपुर (बागी)**: पहली भिड़ंत में मरने वालों के नाम इस प्रकार हैं : बलवंत सिंह उर्फ बंती पुत्र गुरमेज सिंह निवासी फिरोजपुर छावनी, जग्गा पुत्र श्याम सिंह निवासी मौजा रोडीकपूरा, जगतार सिंह पुत्र सरवन सिंह निवासी जगराओं ।


दूसरी भिड़ंत में मरने वालों के नाम जागीर सिंह पुत्र सोहन सिंह अबोहर, गुरमेज सिंह उर्फ गेजा पुत्र दर्शन सिंह निवासी सरावां बोदला, कुलबीर सिंह पुत्र अजायब सिंह निवासी हरिके तथा दलजिन्दर सिंह पुत्र हरबंस सिंह, हैं । इनके पास से एक स्प्रिंग फील्ड राइफल, कुछ कारतूस, तीन पिस्तौलें व कुछ गोली सिक्का मिला है ।

**5 लुटेरे गिरफ्तार** : गांव कोहाला में गत रात्रि पुलिस के एक गश्ती दल के साथ लुटेरों की मुठभेड़ हुई । जब उनको पुलिस ने ललकारा तो उन्होंने फायरिंग करनी शुरू कर दी । पुलिस ने फायरिंग का जवाब जब फायरिंग से देना शुरू कर दिया तो उन्होंने हाथ खड़े करके आत्मसमर्पण कर दिया । पुलिस ने उनको गिरफ्तार कर लिया । उनके नाम निम्नलिखितानुसार हैं : तेजविन्द्र सिंह उर्फ तेजी पुत्र गुलज़ार सिंह निवासी गांव झुग्गियां, रमेश लाल पुत्र करनैल दास निवासी गांव झुग्गियां, सरजीत सिंह उर्फ सीता पुत्र प्रीतम सिंह निवासी गांव झुग्गियां, बलविन्द्र सिंह उर्फ बैंसी पुत्र कपूर सिंह गांव अलगपुरा, थाना सदर जलालाबाद, बख्शी सिंह पुत्र करतार सिंह निवासी गांव सोहियां थाना डबवाली हरियाणा । पुलिस ने इनके कब्जे से 2 पिस्तौल 12 बोर, 3 हथगोले और कुछ गोली सिक्का बरामद किया है ।

**15 खतरनाक मिलिटैंटों द्वारा आत्म समर्पण** : आज यहां 15 मिलिटैंटों ने आत्मसमर्पण किया । उन्होंने यह आत्मसमर्पण डी.आई.जी. श्री बख्शी राम तथा पुलिस अधीक्षक महम्मद मुस्तफा के समक्ष किया । इस अवसर पर

(शेष पृष्ठ 14 पर)






*जगराओं में शनिवार को 10 मिलिटैंटों ने आत्म-समर्पण किया । चित्र में (ऊपर) इस मौके पर आयोजित समागम को जगराओं के पुलिस प्रमुख सम्बोधित करते हुए, (मध्य) समर्पण करने वाले मिलिटैंट तथा (नीचे) उपस्थिति का दृश्य ।* (छाया : मल्होत्रा)

Punjabi Sanatani

## पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)


**विष खाकर आत्महत्या :** जालन्धर जिले के अड्डा सरायखास के निकट कल रात सुरक्षा बलों द्वारा घिर जाने पर एक अज्ञात मिलिटैंट ने सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली।

**कृषि मूल्य आयोग के अध्यक्ष का हत्यारा काबू :** अमृतसर (अशोक सोनी): कृषि मूल्य आयोग के अध्यक्ष श्री त्यागी की गत वर्ष हुई हत्या में संलिप्त एक मिलिटैंट नरेन्द्र सिंह उर्फ निंदी उर्फ डंडू को बटाला पुलिस ने काबू करने में आज यहां सफलता पाई है। इस संबंध में एस.एस.पी. कार्यालय बटाला से जारी एक प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार बटाला पुलिस को सूचना मिली थी कि श्री त्यागी की हत्या में संलिप्त कुख्यात मिलिटैंट बटाला के क्षेत्र में मौजूद है, जिस पर पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर नाके लगा कर संदिग्ध व्यक्तियों की जांच का कार्य शुरू किया हुआ था कि पुलिस की एक नाका पार्टी ने दो संदिग्ध युवकों को रोका। इस दौरान इन संदिग्ध युवकों ने पुलिस पर फायरिंग की। पुलिस की जवाबी कार्रवाई के दौरान एक युवक भाग निकलने में सफल रहा जबकि दूसरा काबू कर लिया गया। काबू किए गए युवक ने अपनी शिनाख्त नरेन्द्र जीत उर्फ निंदी उर्फ डंडू पुत्र सुरेन्द्र सिंह के रूप में करवाई। पुलिस ने उसके कब्जे से ए.के. 47 राइफल और दो मैगजीन भी बरामद किए।

प्राथमिक पूछताछ के दौरान निंदी ने पुलिस को बताया कि उसने अमरजीत सिंह उर्फ लाडी निवासी 416 पश्चिम विहार नई दिल्ली के साथ मिल कर गत वर्ष श्री त्यागी की हत्या में भूमिका निभाई थी। निंदी ने पुलिस को बताया कि बब्बर खालसा के दो कुख्यात मिलिटैंट त्रिलोक सिंह और जोगेन्द्र सिंह उर्फ भोला, जो पंजाब के अतिरिक्त दिल्ली में भी सक्रिय रहे हैं और जिन्होंने श्री त्यागी की हत्या की योजना तैयार की थी, के निर्देश पर वह (निंदी) और लाडी एक स्कूटर पर सवार होकर त्यागी के घर पर गए, जहां लाडी ने अपने पिस्तौल के साथ श्री त्यागी पर गोलियां चलाईं और श्री त्यागी वहीं ढेर हो गए। दोनों हत्यारे स्कूटर पर ही भाग निकलने में सफल रहे। थोड़ी दूरी पर वे गुरमीत सिंह और परमजीत सिंह, जो एक मारुति कार में उनकी प्रतीक्षा में थे, के साथ कार में फरार हो गए और स्कूटर वहीं पर फैंक गए। एक दिन दिल्ली में रहने के बाद वे दोनों कोटा चले गए ताकि दिल्ली में वे पहचान न लिए जाएं। कोटा में वे मल्कीयत सिंह के घर में ठहरे, जो एक सरकारी विभाग में क्लर्क था।

प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार इस मल्कीयत सिंह और उसकी पत्नी हरजिन्द्र कौर की दिल्ली में पुलिस के साथ एक मुठभेड़ में 9 अगस्त, 1992 को मृत्यु हो चुकी है। जांच में निंदी ने पुलिस को यह भी जानकारी दी है कि अब उसकी कुछ अन्य मिलिटैंटों से मिल कर पंजाब से बाहर एक भयंकर विस्फोट करके कोई बड़ी कार्रवाई करने की योजना थी। पुलिस को इस विस्फोट में प्रयुक्त होने वाले पांच किलो विस्फोटक पदार्थ को भी बरामद करने में सफलता मिली है।





*मिलिटैंटों ने 4 फरवरी की मध्य रात्रि को जालन्धर-पठानकोट रेल प्रखंड पर जेहलम एक्सप्रैस को बम से उड़ाने की कोशिश की और 2 होमगार्ड जवानों गुरमीत सिंह (ऊपर) और (नीचे) रामपाल की हत्या कर दी ।*

**रेलवे लाइन के दोनों तरफ रात्रि का कर्फ्यू :** अमृतसर (प.स.): जिला मैजिस्ट्रेट कर्णबीर सिंह सिद्धू ने आज जिला अमृतसर में पड़ने वाले रेल मार्गों के दोनों तरफ एक सौ-सौ फुट के क्षेत्र में सूर्यास्त से सूर्योदय तक कर्फ्यू लगा दिया है । कर्फ्यू का समय रात्रि 8 से प्रातः 5 बजे तक होगा । पालिका क्षेत्र तथा अन्य नगर-क्षेत्रों को इससे मुक्त रखा गया है ।

## शोभा यात्रा व सम्मान समारोह

लुधियाना, 5 फरवरी (राजपाल): आज यहां गुरु रविदास सभा (रजि.) और डा. अम्बेदकर यंग फैडरेशन के तत्वावधान में श्री रविदास जी की जयन्ती के उपलक्ष्य में शोभा यात्रा निकाली गई, जिसका नेतृत्व लुधियाना कांग्रेस के प्रधान श्री सुरिन्द्र डावर, श्री मनसा राम आदि ने किया । डा. अम्बेदकर यंग फैडरेशन के सचिव श्री अजीत कल्याण के संयोजकत्व में जलूस के स्वागत में आयोजित शानदार समारोह में हिन्द समाचार पत्र समूह के संयुक्त सम्पादक श्री अविनाश चोपड़ा को उनकी बहुमूल्य सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया । श्री कल्याण ने हिन्द समाचार परिवार की कुर्बानियों का उल्लेख किया । फैडरेशन की तरफ से कांग्रेसी नेता श्री चमन लाल आहूजा, राधेश्याम आहूजा व कृष्ण राजपाल आदि को भी सम्मानित किया गया ।

# मिलिटैंटों द्वारा जेहलम एक्सप्रैस को बम से उड़ाने की कोशिश; रेल लाईन पर गश्त कर रहे 2 होम गार्डों की हत्या

चंडीगढ़, 5 फरवरी (प.स., वार्ता): मिलिटैंटों ने गत रात्रि जालन्धर-पठानकोट रेल प्रखंड पर टांडा-उड़मुड़ और खुड्डा-कुराला स्टेशनों के मध्य रेल लाईन पर बम फैंक कर जेहलम एक्सप्रैस को उड़ाने की नाकाम कोशिश की और रेल लाईन पर गश्त कर रहे 2 होमगार्ड जवानों की हत्या कर दी। इसी मध्य कृषि मूल्य आयोग के अध्यक्ष श्री त्यागी का हत्यारा काबू कर लिया गया है।

**जेहलम एक्सप्रैस को उड़ाने की कोशिश, 2 होमगार्ड जवान मारे गए :** दसूहा (झावर): गत रात्रि साढे 10 बजे 3 मिलिटैंटों ने खुड्डा और कुराला के मध्य रेलवे लाईन पर गश्त कर रहे 2 होमगार्ड जवानों गुरमीत सिंह और राम पाल की हत्या कर दी। ट्रैक इंचार्ज प्रीतम सिंह के नेतृत्व में 6 सदस्यीय गश्ती दल कुराला से खुड्डा जा रहा था कि बगोला गांव के निकट मिलिटैंटों ने ब्रस्ट मार कर 2 जवानों की हत्या कर दी। इस घटना की सूचना मिलते ही एस.पी. दसूहा जैमल सिंह राणा और जालन्धर रेलवे पुलिस के एस.एच.ओ. सुरजीत सिंह के नेतृत्व में काफी फोर्स मौके पर पहुंची। वहां आसपास की जांच के दौरान रेलवे लाईन पर एक बम, 2 डैटोनेटर, 10 मीटर फ्यूज वायर और एक साईकिल मिला। बम के साथ तारें लगी हुई थी और बैटरी के साथ कनैक्शन जोड़ना शेष था। उसी समय वहां से जेहलम एक्सप्रैस गुजरनी थी। घटनास्थल से 3 चले हुए कारतूस मिले। मिलिटैंटों का पता लगाने के लिए कुत्ता स्कवैड भी लाया गया, जो मयानी गांव की ओर गया। मिलिटैंटों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

**गिरोह की शिनाख्त :** होशियारपुर के पुलिस अधीक्षक श्री दिनकर गुप्ता ने कहा है कि गश्ती दल ने मिलिटैंटों को रेलवे लाईन पर बम फैंकने से रोका था। श्री गुप्ता ने कहा कि मिलिटैंटों के गिरोह की शिनाख्त कर ली गई है और उन्हें गिरफ्तार करने का अभियान शुरू कर दिया गया है।

**एक मिलिटैंट भी घायल :** पटियाला से 'भूषण' के अनुसार मिलिटैंटों ने बम रेलवे के जालन्धर-पठानकोट प्रखंड पर टांडा-उड़मुड़ और खुड्डा-कुराला स्टेशनों के मध्य रेलवे लाईन पर रखा था। यह भी बताया जाता है कि एक मिलिटैंट भी घायल हुआ है, जिसको उसके साथी अंधेरे में उठा कर ले गए।

रेलवे पुलिस के आई.जी. श्री एस.आर. शर्मा के अनुसार रेलवे सुरक्षा ड्यूटी दे रहे सुरक्षा-कर्मियों की हत्या की गत एक वर्ष के दौरान यह प्रथम घटना है।

**मिलिटैंट काबू :** मुकेरियां पुलिस ने गत दिनों वहिवल मंज के नहरी पुल से मिलिटैंट तेगा सिंह को एक देसी बम और डैटोनेटरों सहित काबू किया। सब-इंस्पैक्टर हरभजन सिंह के अनुसार यह बब्बर खालसा के साथ संबंधित है।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

## कृषि मूल्य आयोग के अध्यक्ष का हत्यारा काबू

## भगत व किडिया राज्यपाल नियुक्त

नई दिल्ली, 5 फरवरी (वार्ता): श्री बलिराम भगत को हिमाचल प्रदेश का तथा पी.आर. किंडिया को मिजोरम का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।

श्री भगत पूर्व विदेश मंत्री और श्री किंडिया मेघालय विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।

श्री वीरेन्द्र वर्मा द्वारा हिमाचल प्रदेश के और श्री स्वराज कौशल द्वारा मिजोरम के राज्यपाल पद से इस्तीफा देने के बाद से स्थान रिक्त हो गए थे।

Punjabi Sanatani

## पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 1 का शेष)

निकट हुई भिड़ंत में ट्रैक्टर पर सवार दो मिलिटैंट मारे गए । इनकी पहचान सुखदेव सिंह उर्फ़ सुक्खा निवासी बामणीवाला तथा बलदेव सिंह उर्फ़ देबा निवासी कैरों के रूप में हुई है । सुक्खा,जो कि बब्बर खालसा का लैफ्टिनैंट जनरल था,300 के करीब हत्याओं व अन्य अपराधों के सिलसिले में पुलिस को वांछित था तथा उस पर दस लाख रु. का ईनाम था । देबा 200 के करीब अपराधों में वांछित था तथा उस पर 5 लाख रु. का ईनाम था । वह बब्बर खालसा का एरिया कमांडर था ।

प्रात: 4.35 से लेकर 5.05 बजे तक चली इस भिड़ंत के उपरांत घटनास्थल से एक ए.एल.आर., इसके दो मैगज़ीन, 10 कि.ग्रा. बारूद, 10 डैटोनेटर, एक ट्रैक्टर, बड़ी मात्रा में गोली-सिक्का व 300 ग्राम अफीम मिली है ।

**अज्ञात व्यक्ति मरा** : बरनाला : बरनाला पुलिस जिले के गुमटी गांव के निकट कल रात सुरक्षा बलों तथा मिलिटैंटों के एक गिरोह के बीच हुई मुठभेड़ में एक व्यक्ति मारा गया । मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी ।

**दुर्दांत मिलिटैंट द्वारा आत्महत्या** : रोपड़ : बब्बर खालसा इंटरनैशनल के एरिया कमांडर, दुर्दांत मिलिटैंट कुलदीप सिंह ने कल रात रोपड़ जिले के कमराह सुभाना गांव के निकट सुरक्षा बलों के घेरे में आने पर सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली ।

**एक मिलिटैंट गिरफ्तार** : जालन्धर : नवांशहर के डी.एस.पी. श्री बलकार सिंह के अनुसार गत रात कुलविंदर सिंह पुत्र निरवैर सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसका सम्बन्ध बब्बर खालसा से बताया जाता है । वह 25 नवम्बर, 1992 को होम गार्ड के एक जवान ख्याल सिंह तथा किरती कियान यूनियन के नेता ज्ञान सिंह संघा की हत्या के मामलों में पुलिस को वांछित था। अन्य कई घटनाओं के सम्बन्ध में भी पुलिस को उसकी तलाश थी।

**मिलिटैंट की शिनाख्त** : फिल्लौर (भाखड़ी, निर्मल): फिल्लौर पुलिस के साथ पिछले दिनों मुठभेड़ में मारे गए दो मिलिटैंटों में से एक की पहचान लैम्बर राम उर्फ रांझा पुत्र दास राम गांव बिलगा (नूरमहल) के रूप में हुई है । वह के.सी.एफ. का मैम्बर था तथा पुलिस को बैंक डकैतियों, कत्लों व लूट की कई घटनाओं में वांछित था ।

## उग्रवादियों के हमले में 1 मरा

अगरतला, 6 फरवरी (वार्ता): चुनाव पूर्व हिंसा में आज दक्षिण त्रिपुरा के तेनतैबारी में आल त्रिपुरा ट्राइबल फोर्स के उग्रवादियों ने एक सरकारी वाहन पर घात लगा कर हमला कर एक व्यक्ति की हत्या कर दी तथा चार को घायल कर दिया । राज्य में 15 फरवरी को विधानसभा चुनाव होने हैं ।

# किला रायपुर व बद्धोवाल रेल यात्री हत्याकांडों के दो दोषियों समेत 5 मिलिटैंट मरे : अन्यत्र एक व्यक्ति की मौत

चंडीगढ़, 6 फरवरी : सुरक्षा बलों ने गत रात लुधियाना के निकट एक भिड़ंत के दौरान, इस जिला में हुए बद्धोवाल व किला रायपुर रेल यात्री हत्याकांडों के दोषी दो दुर्दांत मिलिटैंटों निर्मल सिंह बुटारी तथा कुलदीप सिंह सहेड़ा को मार गिराया । राज्य में अन्यत्र बब्बर खालसा के दो खतरनाक मिलिटैंट सुरक्षा बलों के साथ हुए मुकाबले में मारे गए, जबकि एक मिलिटैंट ने सुरक्षा बलों से घिर जाने पर सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली । इसी बीच एक अज्ञात व्यक्ति सुरक्षा बलों व मिलिटैंटों के मध्य हुई गोलीबारी की लपेट में आने से मारा गया ।

**रेल यात्री हत्याकांडों के दोषी 2 खतरनाक मिलिटैंट मरे** : लुधियाना (धीमान): आज प्रातः गांव डगरी के निकट धांदरा रोड पर खालिस्तान लिबरेशन फोर्स (गुरजंट सिंह बुद्धसिंहवाला ग्रुप) के दो खतरनाक मिलिटैंट सुरक्षा बलों के साथ मुकाबले में मारे गए । सुरक्षा बलों ने संयुक्त रूप से नाका लगा रखा था कि तीन व्यक्ति पैदल आते दिखाई दिए । नाका पार्टी ने जब उनको रुकने को कहा तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । नाका पार्टी ने जवाबी फायरिंग की, जिससे दो मिलिटैंट मारे गए, जबकि तीसरा अंधेरे का लाभ उठाते हुए फरार होने में सफल हो गया । यह मुकाबला लगभग बीस मिनट तक चला । पुलिस को घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक 20 बोर का माउज़र और कुछ गोली-सिक्का मिला है ।

मरने वालों की पहचान निर्मल सिंह गांव बुटारी और कुलदीप सिंह सहेड़ा के रूप में हुई है । दोनों रेल गोली कांडों में संलिप्त थे । निर्मल सिंह और उसके साथियों ने गत 5 जून 1991 को किलारायपुर रेलवे स्टेशन पर रेल गाड़ी पर अंधाधुंध फायरिंग करके 25 यात्रियों की हत्या की थी । वह स्वयं भी इस गोली कांड में गम्भीर घायल हो गया था ।

दूसरा इस ग्रुप का कुलदीप सिंह निवासी गांव सहेड़ा था । उसने भी जून 1991 में उसी रात बद्धोवाल रेलवे स्टेशन पर रेल गाड़ी पर गोली चलाने वालों का साथ दिया था । उस गोली कांड में 75 लोग मरे थे । यह मिलिटैंटों की ओर से की गई किसी भी अन्य वारदात से बड़ी थी, क्योंकि इसमें सब से अधिक लोगों की हत्या की गई थी और न केवल पंजाब अपितु सारा देश ही कांप उठा था । बताया जाता है कि इस गोली कांड में कुलदीप सिंह के घुटने पर भी गम्भीर चोट आई थी । इन दोनों ने हत्याओं की वारदातों के अतिरिक्त थाना डेहलों के क्षेत्र में बैंक लूटने, जलाने व शराब के ठेके जलाने की वारदातें भी की थीं ।

मंडी अहमदगढ़ के निकट एक पुलिस मुकाबले में कुलदीप सिंह की एक हाथ की उंगली कट गई थी । यह दोनों खतरनाक मिलिटैंट के.एल.एफ. के चीफ़ जसपाल सिंह उर्फ़ टैनी के साथ मिल कर वारदातें किया करते थे । गांव चौंहता में एक व्यापारी का अपहरण करके दस लाख रुपए की फिरौती वसूल करने के पीछे भी इसका हाथ था ।

**बब्बर खालसा का एक लै. जन. व एक एरिया कमांडर मरा** : अमृतसर (नारंग): आज प्रातः पट्टी पुलिस थाना के तहत गांव सभरा के

(शेष पृष्ठ 12 पर)

Punjabi Sanatani

# लखविन्दर सिंह समेत 3 मिलिटैंट मरे, 1 व्यक्ति की हत्या

चंडीगढ़, 7 फरवरी (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान 3 मिलिटैंट मारे गए, जबकि 1 व्यक्ति की हत्या हुई ।

**एक व्यक्ति की हत्या** : बटाला सदर थाना के अधीन बल पुरियां गांव में कल शाम मिलिटैंटों ने बहादुर सिंह नामक एक व्यक्ति की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

**मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मरे** : फरीदकोट जिला के सैदोवाल गांव के निकट कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मारे गए । घटनास्थल से एक बन्दूक, एक पिस्तौल तथा कुछ कारतूस बरामद हुए हैं ।

**एक व्यक्ति की हत्या, मुठभेड़ में मिलिटैंट मरा** : बटाला (कोछड़, चौधरी): पुलिस जिला बटाला के गांव नवांपिंड के निकट गत रात्रि पुलिस व सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में लखविंदर सिंह उर्फ लक्खा उर्फ मारुति मारा गया । वह गांव बल्ल का रहने वाला था । मौका से चीन निर्मित एक माऊजर व गोली-सिक्का मिला है ।

पुलिस जिला बटाला के एस.एस.पी. श्री रोहित चौधरी ने पत्रकारों को बताया कि गत 5-6 फरवरी की रात को गांव बल्ल के निकट से मक्खन सिंह नामक व्यक्ति का गोलियों से छलनी शव पुलिस को मिला था । डी.एस.पी. होशियार सिंह व एस.एच.ओ. थाना सदर बटाला ने जांच करके इसी गांव के दो लोगों जोगिंदर सिंह व जसपाल सिंह को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया ।

श्री चौधरी ने बताया कि पूछताछ में इन दोनों ने बताया कि मक्खन सिंह को गोली लखविंदरसिंह ने किसी निजी कारण से मारी थी और ये दोनों लाश कहीं अन्यत्र ठिकाने लगाने वाले थे । पुलिस व सुरक्षा बलों ने लखविंदर सिंह की खोजबीन आरम्भ कर दी । गत रात पुलिस ने इसे काबू करने के लिए इसके ठिकाने पर जब छापा मारा तो इसने पुलिस पर गोली चला दी । जवाबी फायरिंग में लखविंदर सिंह मारा गया । श्री चौधरी ने कहा कि पुलिस की सूझबूझ से हत्या की गुत्थी 24 घंटों में सुलझ गई अन्यथा हत्यारे ने इसे उलझाने का भरसक प्रयास किया था । उल्लेखनीय है कि मृतक लखविंदर पहले के.सी.एफ. जफरवाल का सूचीबद्ध मिलिटैंट था । कुछ समय पूर्व उसने आत्मसमर्पण कर दिया था ।

**लुटेरों का गिरोह काबू** : अमृतसर (नारंग): एस.पी. (डी.) श्री अर्पित शुक्ला ने बताया कि सुल्तानविंड पुलिस ने लुटेरों के एक गिरोह को काबू किया है, जो लूटपाट की योजना बना रहा था । गिरोह के गिरफ्तार सदस्यों के नाम प्रकाश सिंह लभाया, लखविन्द्र सिंह, जसविन्दर सिंह तथा जीता हैं । इनका एक साथी फरार है । लुटेरों से एक बन्दूक, 2 पिस्तौलें तथा कुछ गोली-सिक्का बरामद किया है । इन लुटेरों ने लूटपाट तथा अपहरण की कई वारदातों में अपनी संलिप्ता स्वीकार की है ।

# विस्फोट में 13 लोग मरे

लाहौर, 8 फरवरी (डी.पी.ए.): पाकिस्तान के लाहौर शहर में आज एक रिहायशी इमारत में गैस सिलैंडर के विस्फोट से 13 लोगों की मृत्यु हो गई ।

## पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

के मिलिटैंट होते थे । मारे गए खतरनाक मिलिटैंट जगरूप सिंह कालिख की पत्नी भी कुलवंत सिंह के घर रहती थी । उन्होंने बताया कि कुलवंत सिंह वकील ने रोपड़ थर्मल प्लांट को बम से उडाने की योजना बनाई थी ।

गौरतलब है कि रोपड़ के वकील पुलिस पर आरोप लगा रहे थे कि उसने कुलवंत सिंह, उसकी पत्नी व बच्चे को गिरफ्तार किया हुआ है, लेकिन रोपड़ पुलिस ने वकीलों के आरोप को बेबुनियाद बताया था ।

## अदालती सूचना

**आदेश 5 कानून 20 सी.पी.सी. के अन्तर्गत**

**घोषणा**

श्री बेअन्त सिंह बेदी, ए.डी. डिस्ट्रिक्ट जज, लुधियाना के कोर्ट में

अनिल कुमार ...याचक

बनाम

आशा —प्रतिवादी

प्रति,

आशा पत्नी अनिल कुमार जैन, पुत्री श्री हरीश जैन 22, गंगोरी का रस्ता, जौहरी बाजार, जयपुर (राजस्थान) क्योंकि उपरोक्त लिखित याचक ने उपरोक्त कहा गया एच.एम.ए. केस सैक्शन 13 के अन्तर्गत दायर किया है तथा क्योंकि यह कोर्ट इस बात से संतुष्ट है कि उपरोक्त नाम वाले प्रतिवादी को सामान्य ढंग से बताया नहीं जा सकता, इसलिए उसे यहां इस प्रकाशन के माध्यम से 17.2.93 को सुबह 10 बजे व्यक्तिगत रूप से या वकील के माध्यम से इस कोर्ट में उपस्थित होने का नोटिस दिया जाता है, उपस्थित न होने की सूरत में उसके विरुद्ध एक तरफा निर्णय दे दिया जाएगा ।

मेरे हस्ताक्षर तथा इस कोर्ट की मोहर के अन्तर्गत 1 फरवरी 1993 को जारी ।

एडी. डिस्ट्रिक्ट जज, लुधियाना

Punjabi Sanatani

# पंजवड़ के दाहिने हाथ लैफ्टिनैंट जनरल लाडी सहित 6 मिलिटैंट मरे : आपसी दुश्मनी में वकील की परिवार सहित हत्या

चंडीगढ़, 8 फरवरी (प.स., वार्ता): पंजाब में गत रात से खालिस्तान कमांडो फोर्स (पंजवड़) के लै. जनरल लाडी, बब्बर खालसा के एरिया कमांडर सहित 6 मिलिटैंट मारे गए । इनमें से 2 मिलिटैंटों ने सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली थी । इसके अतिरिक्त आपसी दश्मनी में रोपड़ के एक वकील कुलवंत सिंह, उसकी पत्नी व बच्चे को मिलिटैंटों ने अपहरण करने के बाद मार डाला ।

**पंजवड़ के दाहिने हाथ लाडी सहित 3 मिलिटैंट मरे :** अमृतसर (नारंग): आज प्रातः 10 बजे के लगभग तरनतारन के डी.एस.पी. सिटी व एस.एच.ओ. सदर ने एक पुष्ट सूचना के आधार पर फोर्स सहित मथ्थरेवाल गांव में नाकाबंदी की हुई थी कि पुल ड्रेन के पास पुलिस पर गोलियां चलाई गईं। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की और 10 बजकर 10 मिनट से लेकर साढ़े 11 बजे तक मुकाबला चलता रहा। इस मुकाबले में 3 मिलिटैंट मारे गए जिनमें से एक की शिनाख्त लाडी पुत्र कर्म सिंह गांव पखोके के रूप में की गई है। मृतक मिलिटैंट के.सी.एफ. (पंजवड़) का लै. जनरल था तथा 200 से अधिक हत्याओं में पुलिस को वांछित था। उस पर 10 लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया था। लाडी को परमजीत सिंह पंजवड़ का दाहिना हाथ माना जाता था तथा परमजीत की अनुपस्थिति में लाडी ही संगठन का संचालन किया करता था। घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल-1, मैगजीन-2, .303 बोर की कटी हुई राइफलें-2, .30 बोर का स्पैशल माऊजर-1, एच.ई. 36 हैंड ग्रेनेड-2, ए.के. 47 के खोल 63, .303 के खोल-20, .303 के कारतूस-15, 100 ग्राम अफीम तथा 3 डिब्बी स्मैक बरामद हुई है।

**एरिया कमांडर मरा :** मोगा (बांसल): फरीदकोट के पुलिस अधीक्षक श्री एम.के. तिवाड़ी ने बताया कि गत रात्रि गांव सेवावाल में पुलिस के साथ एक मुकाबले में बब्बर खालसा का एरिया कमांडर मेहरबान सिंह मारा गया। उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि उक्त मिलिटैंट गांव में छिपा हुआ है, जिस पर पुलिस ने उसके छिपने वाले ठिकानों पर छापे मारे। यह मिलिटैंट अपने चाचा के घर ठहरा हुआ था। उन्होंने बताया कि जब पुलिस ने मकान को घेरे में ले लिया तो उसके अंदर से पुलिस पर फायरिंग की गई। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, जिससे उक्त मिलिटैंट मारा गया। पुलिस को उसके कब्जे से 36 बोर का रिवाल्वर मिला है।

श्री तिवाड़ी ने बताया कि मेहरबान सिंह 'ए' श्रेणी का मिलिटैंट तो नहीं था लेकिन उसने जो वारदातें की थीं, वह किसी 'ए' क्लास मिलिटैंट से कम नहीं थीं। यह मिलिटैंट जैतों के निकट हुई 19 कामरेडों की हत्या, गांव सुक्खनवाल में 2 निरंकारियों की हत्या, भटिंडा के एक राइस शैलर मालिक और बलविंदर सिंह फुंडर की हत्या, एस.एच.ओ. कोटभाई और एस.एच.ओ. गिद्दड़बाहा और दो सांसदों पर हुए हमलों से वांछित था। हाल ही में उसने 2 होम गार्डों की भी हत्या की थी।

**2 मिलिटैंटों ने सायनाइड खा लिया :** आज सुबह रोपड़ जिले में चमकौर साहब पुलिस थाना के अंतर्गत गांव अटारी में पुलिस ने सुरजीत सिंह व रुलदा सिंह नामक दो मिलिटैंटों को जब उनकी दुकान में ही घेर लिया तो उन्होंने सायनाइड के कैप्सूल खाकर आत्महत्या कर ली। एक सूचना के अनुसार उक्त मिलिटैंटों ने रोपड़ शहर की ज्ञानी जैल सिंह कालोनी में घेरे जाने पर आत्म-हत्या की।

**आपसी दुश्मनी में वकील की परिवार सहित हत्या, 2 मिलिटैंटों ने सायनाइड खा लिया :** रोपड़ (राकेश): रोपड़ के एस.पी. (आपरेशन) स्वतंत्रपाल बसरा ने पत्रकारों को बताया कि रोपड़ के वकील कुलवंत सिंह, उसकी पत्नी अमरजीत कौर और पुत्र करणवीर सिंह का मिलिटैंटों ने कार सहित अपहरण किया तथा बाद में सरहिन्द के पास भाखड़ा मेन लाईन में मार कर फैंक दिया । उन्होंने कहा कि कुलवंत सिंह की मिलिटैंटों से आपसी दुश्मनी हो गई थी ।

घटना का ब्यौरा बताते हुए उन्होंने कहा कि 28 जनवरी को मिलिटैंटों ने कुलवंत सिंह का परिवार सहित अपहरण कर लिया था । उन्होंने कहा कि इसका पता मिलिटैंट हरप्रीत सिंह उर्फ लक्की को गिरफ्तार करने से चला । हरप्रीत सिंह ने पूछताछ में बताया कि वह आत्मसमर्पण करना चाहता था लेकिन वकील कुलवंत सिंह ने उसे धमकी दी कि यदि आत्मसमर्पण किया तो परिवार सहित मरवा दूंगा । इस पर हरप्रीत सिंह ने सुरजीत सिंह को साथ लेकर कुलवंत सिंह वकील का परिवार सहित अपहरण कर लिया तथा मार कर बाद में सरहिन्द नहर में फैंक दिया । उन्होंने कहा कि पुलिस ने हरप्रीत सिंह की निशानदेही पर रोपड़ चोरहटिया में छापा मारा । वहां पर दो व्यक्तियों ने तुरंत सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली, क्योंकि उन्हें पुलिस ने घेर लिया था । बाद में इनकी शिनाख्त सुरजीत सिंह व रुल्दा सिंह के रूप में हुई । ये दोनों चमकौर साहब पुलिस थाना के गांव अटारी के धर्म सिंह के पुत्र थे ।

एस.पी. ने बताया कि सुरजीत सिंह और हरप्रीत सिंह रोपड़ के कामरेड राममूर्ति की हत्या, कुलवंत सिंह वकील के परिवार के अपहरण व हत्या के लिए जिम्मेदार थे । इसके साथ ही इन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री श्री बेअंत सिंह को मारने की भी योजना बनाई थी ।

उन्होंने बताया कि रोपड़ का कुलवंत सिंह वकील अपने परिवार सहित इसलिए मारा गया क्योंकि वह हरप्रीत सिंह उर्फ लक्की को आत्मसमर्पण से रोक रहा था । उन्होंने बताया कि कुलवंत सिंह के घर प्रमुख दुर्दांत मिलिटैंट आते थे जिनमें मुख्य रूप से बब्बर खालसा और के.एल.एफ.

(शेष पृष्ठ 10 पर)

## निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिपुरा सरकार को चेतावनी

नई दिल्ली, 8 फरवरी (वार्ता): निर्वाचन आयोग ने आज त्रिपुरा सरकार को चेतावनी दी है कि यदि राज्य में 15 फरवरी को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए कानून-व्यवस्था की स्थिति पर पूरी तरह नियंत्रण नहीं किया जाता है तो चुनाव स्थगित भी किया जा सकता है । आयोग ने राज्य सरकार से 48 घंटे के भीतर यह सूचित करने को कहा है कि उसने स्थिति में सुधार के लिए क्या विशेष कदम उठाए हैं और स्थिति में कितना सुधार हुआ है । आयोग ने राज्य को भेजे एक नोटिस में कहा है कि उसे सूचना दस फरवरी की रात आठ बजे तक मिल जानी चाहिए ।

**भाजपा की मांग :** अगरतला (वार्ता): भारतीय जनता पार्टी ने आज अप्रत्याशित कदम उठाते हुए त्रिपुरा में 15 फरवरी से होने वाले चुनाव को टालने की मांग की है ।

**हिंसा :** नई दिल्ली (वार्ता): नागालैंड और त्रिपुरा में पिछले 24 घंटों के दौरान चुनावी हिंसा में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई, 10 व्यक्ति घायल हुए तथा दो को अगवा कर लिया गया ।

Punjabi Sanatani

## पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

47 राइफल' 3 मैगजीन, 1 हथगोला, के.ए.एफ. के लैटर पैड का एक बंडल, एक पैकेट विदेशी निरोध, 4 बोतल विदेशी शराब तथा 300 ग्राम अफीम बरामद की है ।

**अपहरणकर्त्ता औरतें बंदी :** पट्टी (पाठक) बाघापुराना की एक पुलिस पार्टी ने गत दिवस पट्टी में छापामार कर दो औरतों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक अपहृत बच्चा बरामद किया । पुलिस सूत्रों के अनुसार यह औरतें बच्चे उठाने वाले गिरोह की सदस्या थीं । यह बच्चों का अपहरण कर उनके मां बाप से भारी-भरकम राशि फिरौती में मांगती थीं । उन्होंने इस बच्चे की रिहाई के लिए भी दो लाख रुपए की मांग उसके मां-बाप से की थी ।

**1 मिलिटैंट मरा :** होशियारपुर जिले से प्राप्त समाचारों के अनुसार एक अभियुक्त लखबीर सिंह कल उस समय मारा गया जबकि उसे पुलिस पार्टी हथियार बरामद करने के लिए ले जा रही थी । इस पुलिस पार्टी पर मिलिटैंटों ने फायरिंग की । इसी फायरिंग के दौरान लखबीर सिंह क्रास फायरिंग में मारा गया ।

**मिलिटैंटों द्वारा आत्महत्या :** रोपड़ जिले में आलमपुर गांव के पास पुलिस से घिर जाने पर एक अज्ञात मिलिटैंट ने सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली ।

**एक मिलिटैंट बंदी :** संगरूर जिले में जहांगीर गांव में एक संदिग्ध मिलिटैंट हरबंस सिंह को पुलिस ने एक पिस्तौल तथा कारतूसों सहित गिरफ्तार किया है ।

**स्कूटर चोरी :** फगवाड़ा (कौड़ा): आज दोपहर करीब तीन बजे होशियारपुर रोड में एक स्कूटर पी.ए.के. 7934 चोरी हो गया । स्कूटर मालिक श्री गोबिन्द राम ने बताया कि वे लगभग तीन बजे आर्य हाई स्कूल में एक शोकसभा में गए और अपना स्लेटी रंग का बजाज चेतक स्कूटर बाहर खड़ा करके ताला लगा कर गए । दस मिनट के बाद जब वे बाहर आए तो उनका स्कूटर वहां नहीं था ।

Punjabi Sahitani

# पंजाब में 1 लै. जनरल, 2 एरिया कमांडरों व उनकी 2 महिला साथियों सहित 8 मिलिटैंट मरे : अपहृत बच्चा छुड़ाया गया

चंडीगढ़, 9 फरवरी (वा., पस.): पंजाब में पिछले 24 घंटों में खालिस्तान आर्म्ड फोर्स के स्वयंभू लै. जनरल हरप्रीत सिंह तथा बब्बर खालसा इन्टरनैशनल के दो एरिया कमांडरों सुलक्खन सिंह उर्फ बाबा, दिलबाग सिंह उर्फ काकू तथा इनकी साथी दो महिला मिलिटैंटों सहित 8 मिलिटैंट मारे गए । सुरक्षा बलों ने सुलक्खन सिंह के साथियों के कब्जे से एक अपहृत बच्चे को भी छुड़ा लिया ।

**2 महिला मिलिटैंटों समेत 5 मिलिटैंट मरे :** अमृतसर (सुभाष नारंग): तरनतारन पुलिस ने, इस पुष्ट सूचना कि गत 26 जनवरी को खैरा गांव से अपहृत 4 वर्षीय बच्चे 'शब्बे' को झामके और चक्क सिकंदर गांव में ही किसी स्थान पर रखा गया है, के आधार पर उक्त गांवों में तलाशियां ले रही थी कि प्रातः साढ़े 7 बजे के लगभग एक बहक से बच्चे के रोने की आवाज़ सुनाई दी । पुलिस ज्योंही उस बहक के पास पहुंची तो वहां छुपे मिलिटैंटों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी । इस बीच तरनतारन पुलिस जिला के प्रमुख श्री अजीत सिंह संधू भी घटनास्थल पर पहुंच गए और उन्होंने पुलिस कार्रवाई का संचालन किया । श्री संधू गोलियों की बौछार की परवाहन करते हुए बुलेट प्रूफ ट्रैक्टर पर बैठ कर उस बहक में गए जहां अपहृत बच्चा रस्सियों से बंधा हुआ था । श्री संधू बच्चे को सुरक्षित बाहर लाने में सफल रहे । मिलिटैंटों और पुलिस के बीच 2 घंटे तक मुकाबला चलता रहा जिसमें 2 महिला मिलिटैंटों सहित 5 मिलिटैंट मारे गए । मृत मिलिटैंटों में से 4 की शिनाख्त हो गई है, जिनमें से एक की शिनाख्त सुलखन सिंह उर्फ 'बाबा' उर्फ 'चंडैल' निवासी सभरा के रूप में हुई है । वह बब्बर खालसा का एरिया कमांडर था । दूसरे मिलिटैंट की शिनाख्त गुरनाम सिंह उर्फ 'काकू' उर्फ 'डाकू' निवासी मुच्छर के रूप में हुई है । वह भी बब्बर खालसा का एरिया कमांडर था । उक्त दोनों मिलिटैंटों की अढ़ाई सौ से अधिक हत्याओं, डकैतियों व अपहरणों में पुलिस को तलाश थी तथा इन पर 2, 2 लाख रुपए का इनाम घोषित था ।

मृत महिला मिलिटैंटों की शिनाख्त भजन कौर निवासी शाहबाजपुर तथा सविन्द्र कौर निवासी खैरा के रूप में हुई है । दोनों महिला मिलिटैंट कई बार पाकिस्तान जा चुकी थीं तथा मिलिटैंटों तक हथियार पहुंचाया करती थीं । ये दोनों ही बच्चों का अपहरण करने में माहिर थीं । इन्होंने तरनतारन, मजीठा, अमृतसर तथा बटाला पुलिस जिलों से 50 के लगभग बच्चों का अपहरण किया था । ये अपहृत बच्चों के अभिभावकों से फिरौती के रूप में भारी धन राशि इकट्ठी करके अपने संगठन के चीफ तक पहुंचाती थीं । इस बच्चे 'शब्बे' को छोड़ने के लिए भी इन मिलिटैंटों द्वारा 2 लाख रुपए की फिरौती की मांग की गई थी । पुलिस ने घटनास्थल से 2 दोनाली बन्दूकें, 2 पिस्तौलें, 1 हैंड ग्रेनेड, 3 स्टिक बम, काला बारूद 2 किलो तथा 4 डैटोनेटर बरामद किए हैं ।

बताया जाता है कि सुरेन्द्र कौर ने इस बच्चे को बहला-फुसला कर उसका दिलबाग सिंह की सहायता से अपहरण कर लिया था । दिलबाग सिंह उसका रिश्तेदार था । बताया जाता है कि यह गिरोह फिरौती की रकम वसूलने की प्रतीक्षा के दौरान एक फार्म हाऊस से दूसरे फार्म हाऊस में स्थानांतरित किया जाता रहा ।

**खालिस्तान आर्म्ड फोर्स का लै. जनरल मरा :** पुलिस जिला मजीठा के प्रमुख श्री परमजीत सिंह गिल ने बताया कि ब्यास थाना के अन्तर्गत उमरानंगल गांव में शैलर के पीछे एक पुलिस पार्टी गश्त कर रही थी कि मिलिटैंटों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की जिसमें एक मिलिटैंट मारा गया जिसकी शिनाख्त हरप्रीत सिंह उर्फ हरबंस सिंह पुत्र बख्शीश सिंह निवासी चीमाबाठ ब्यास के रूप में हुई है । मृत मिलिटैंट खालिस्तान आर्म्ड फोर्स का लै. जनरल था तथा आप्रेशन ब्लैक थंडर के दौरान पकड़ा गया था । बाद में गांव पंचायत के कहने पर उसे जमानत पर छोड़ दिया गया था । उसके 3-4 दिन बाद ही वह फरार हो गया और मिलिटैंसी की कार्रवाइयों में भाग लेने लगा । उसने अभी हाल ही में हुए पंचायत चुनावों के अवसर पर चननके गांव में संतोख सिंह नामक को-आप्रेटिव इंस्पैक्टर की हत्या की थी । वह इसी गांव के एक दम्पति की हत्या में भी संलिप्त था । उसने पुलिस गाड़ियों को 2 बार विस्फोट से ध्वस्त करने का प्रयत्न किया था जिनमें 6 पुलिस कर्मचारी घायल हो गए थे । वह 2 सौ से ज्यादा हत्याओं, फिरौतियों तथा बलात्कारों में पुलिस को वांछित था । इस मृत मिलिटैंट पर 5 लाख रुपए का इनाम घोषित था । पुलिस ने घटनास्थल से 'ए.के.

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjabi Sanatani

## पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

पठानकोट-मुकेरियां सड़क पर गांव चक्क-बीमा के पास नाकाबंदी कर रखी थी कि रात को लगभग 10 बजे 2 मिलिटैंटों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग की। पुलिस द्वारा भी जवाबी फायरिंग की गई। इस मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया जबकि एक भागने में सफल हो गया। मारे गए मिलिटैंटों से एक ए.के.47 राईफल, एक मैगजीन तथा कारतूस मिले हैं। श्री गोयल के अनुसार मारा गया मिलिटैंट संभवत: बब्बर खालसा से संबंधित था।

**वकीलों द्वारा हड़ताल :** बीते दिनों चंडीगढ़ के पास एक वकील कुलवन्त सिंह तथा उसके बच्चे की अपहरण के बाद मिलिटैंटों द्वारा की गई हत्या के विरोध में स्थानीय बार एसोसिएशन ने अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रखी है। बार एसोसिएशन के प्रधान श्री सुखविन्द्र सिंह धालीवाल ने कहा है कि इस सम्बन्ध में उच्च स्तर की जांच होनी चाहिए।

**नागरिक मारा गया :** लुधियाना जिले के कादियां गांव के निकट कार में सवार कुछ मिलिटैंटों ने एक पुलिस नाका दल पर गोलीबारी की। इस घटना में एक नागरिक मोहन लाल मारा गया। इसके बाद मिलिटैंट भाग निकले।

**एक मिलिटैंट गिरफ्तार :** संगरूर (गर्ग): एस. एस. पी. श्री जसविन्दर सिंह ने आज यहां बताया कि पुलिस ने बब्बर खालसा के एक कट्टर मिलिटैंट निर्मल सिंह को गिरफ्तार किया है जो हत्याओं की अनेक वारदातों में पुलिस को वांछित था। उन्होंने बताया कि निर्मल सिंह 11 सितम्बर, 1991 को गांव कुकरां के 6 व्यक्तियों की हत्या के लिए जिम्मेदार था। उसके तीन साथी सुखवीर सिंह, गुरदीप सिंह तथा भूपिन्दर सिंह पहले ही मारे जा चुके हैं।

**व्यापारी का अपहरण :** लुधियाना (मुसाफिर): आज दोपहर लगभग 12 बजे गिल रोड पर लोहे के व्यापारी सरदारा सिंह चावला का उस समय अपहरण कर लिया गया, जब वे खाना खाने के लिए कार में सवार होकर घर जा रहे थे । विवरणों के अनुसार तीन व्यक्ति पुलिस की वर्दी में चावला आयरन स्टोर पर आए और श्री चावला से सरिए का भाव पूछने लगे । श्री चावला ने कहा कि इस प्रकार का सरिया उनके पास नहीं है । इसके पश्चात जब वे कार में घर को रवाना हुए तो एक कार उनके पीछे लग गई । कुछ दूर जाकर कार वालों ने उन्हें रोक लिया और उनकी कार में सवार होकर अज्ञात स्थान की ओर चले गए । अभी तक श्री चावला का कोई सुराग नहीं मिला ।

Punjabi Sanatani

पत्रकारों से अधिक परिपक्वता की ...

# लै. जनरल सहित 4 मिलिटैंट मारे गए

चंडीगढ़, 10 फरवरी (प.स., वार्ता): पंजाब में कल रात से विभिन्न घटनाओं में के. एल. एफ. के लैफ्टिनैंट जनरल जितेन्द्र सिंह उर्फ बुड्ढा सहित चार मिलिटैंट मारे गए। इस बीच एक नागरिक भी मारा गया।

**के. एल. एफ. का लैफ्टिनैंट जनरल 2 साथियों सहित मारा गया :** अमृतसर (सुभाष नारंग) : जिला अमृतसर के थाना वैरोवाल के गांव अल्लोवाल में आज दोपहर पुलिस और मिलिटैंटों में हुए संघर्ष में तीन मिलिटैंट मारे गए।

### छोटी सी बात ... रंगा

मेरी भूमिका निरंतर कठिन होती जा रही है । संयुक्त राष्ट्र को कभी भी इस तरह इकट्ठे 6-7 समस्याओं से नहीं निपटना पड़ा था ।

—बुतरस घाली
(संयुक्त राष्ट्र महासचिव)



भाई साहब जब संयुक्त राष्ट्र को कुछ देश अपने हितों के लिए उपयोग करना शुरू कर दें तो बेचारे बुतरस घाली भी क्या करें !

बताया जाता है कि थाना वैरोवाल की पुलिस ने अल्लोवाल गांव के पास नहर के पुल के पास नाका लगा रखा था और पुलिस आने वाले वाहनों की तलाशियां ले रही थी कि कुछ मिलिटैंटों ने अचानक पुलिस पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। इस पर पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग की गई तथा मुकाबला दोपहर सवा 12 से 1 बजे तक चला। बाद में घटनास्थल की तलाशी लेने पर झाड़ियों की ओट में 3 मिलिटैंटों के शव मिले। मृतकों में से एक की शिनाख्त जितेन्द्र सिंह उर्फ बुड्ढा निवासी गांव मधरे थाना हरगोबिंदपुर के रूप में की गई है। वह के. एल. एफ. का लैफ्टिनैंट जनरल था और उसके सिर पर 10 लाख रुपए का ईनाम था।


पुलिस के अनुसार मारा गया मिलिटैंट 200 हत्याओं तथा अपहरणों, फिरौतियों व बलात्कारों की कई घटनाओं में वांछित था। घटनास्थल पर पुलिस को 2 ए. के. 47 राइफलें, 4 मैगजीन, एम .303 की बंदूक, एक स्टिक बम, 200 कारतूसों के खोल, 300 कारतूस, 150 ग्राम अफीम और विदेशी मार्क का निरोध का एक पैकेट मिला है।

**एक अन्य मिलिटैंट मरा :** गुरदासपुर : गत रात पुलिस जिला गुरदासपुर में पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया। जिला पुलिस प्रमुख श्री सुमन्त गोयल ने इस सम्बन्ध में बताया कि पठानकोट पुलिस को सूचना मिली थी कि बब्बर खालसा के कुछ मिलिटैंट इस क्षेत्र में घूम रहे हैं और कोई वारदात कर सकते हैं। इस सूचना के आधार पर पठानकोट की सी. आई. ए. से संबंधित पुलिस पार्टी ने श्री महिन्द्र सिंह इंस्पैक्टर के नेतृत्व में

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjabi Sahatani





पुलिस जिला तरनतारन के गांव रटौल में रविवार को हुई एक मुठभेड़ में (बाएं) मारे गए पंथक कमेटी के सदस्य एवं मिलिटैंट संगठन भिडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान के प्रमुख गुरबचन सिंह मानोचाहल के शव का एक चित्र। (दाएं) घटनास्थल से बरामद शस्त्रों का एक चित्र। शस्त्रों के पास वरिष्ठ पुलिस अधिकारी खड़े दिखाई दे रहे हैं।

(छाया: रवि भंडारी)

# गुरबचन सिंह मानोचाहल सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मारा गया

## पंजाब में अन्यत्र 2 मिलिटैंट मरे, कांस्टेबल समेत 5 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 28 फरवरी (प.स.): पंथक कमेटी का सदस्य और भिडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान का प्रमुख गुरबचन सिंह मानोचाहल आज शाम तरनतारन पुलिस जिला के रटौल गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया। इसके अतिरिक्त पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान विभिन्न घटनाओं में 2 मिलिटैंट मरे तथा एक पुलिस कांस्टेबल सहित 5 लोगों की हत्या हुई।

**मुठभेड़ में गुरबचन सिंह मानोचाहल मरा** : अमृतसर (मनोहर): तरनतारन पुलिस जिला के रटौल गांव में आज शाम सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में भिडरांवाला टाइगर्स फोर्स का प्रमुख गुरबचन सिंह मानोचाहल मारा गया। पंजाब के पुलिस प्रमुख श्री के.पी.एस. गिल ने बताया कि मानोचाहल गत दिवस तरनतारन पुलिस जिला के बागड़ियां गांव में सुरक्षा बलों को चकमा देकर भाग गया था। तभी से सुरक्षा बल उसकी तलाश में ... जहां मुठभेड़ के दौरान वह मारा गया।

मुठभेड़ में सेना की 2 कम्पनियों, सी.आर.पी.एफ. तथा पंजाब पुलिस के जवानों ने हिस्सा लिया। रटौल गांव में मानोचाहल के छिपे होने की सूचना उसके 2 सहयोगियों ने दी थी, जिन्हें गत रात्रि बागड़ियां गांव में मानोचाहल के अड्डे पर छापे के दौरान बंकरों से गिरफ्तार किया गया था। बागड़ियां गांव में छापा इटैलीजैंस रिपोर्ट मिलने पर मारा गया था।

बागड़ियां गांव में मानोचाहल के अड्डे से कल एक ए.के. 47 राइफल, एक डबल बैरल गन तथा दो रिमोट कंट्रोल बम बरामद हुए थे।

मानोचाहल उन मिलिटैंटों में शामिल था जो सर्वाधिक समय तक सक्रिय रहे। वह जरनैल सिंह भिडरांवाला का निकटवर्ती साथी था। 13 अप्रैल, 1978 को अमृतसर में ...



... सफाया हो गया है।

उल्लेखनीय है कि पिछले 3 वर्षों के दौरान मानोचाहल रटौल गांव में 3 बार सुरक्षा बलों को चकमा देकर भागा था। वह इस गांव में प्रायः आया करता था। मई, 1990 में भी मानोचाहल सुरक्षा बलों के साथ एक दिन से भी अधिक समय तक मुठभेड़ के दौरान बच कर भाग गया था। उस मुठभेड़ में उसके 9 साथी मारे गए थे तथा बार्डर रेंज के डी.आई.जी. श्री अजीत सिंह भी शहीद हो गए थे। 1991 में भी इसी गांव में दो मुठभेड़ों के दौरान मानोचाहल सुरक्षा बलों के घेरे से भाग जाने में सफल रहा था।

'प.स.' के अनुसार मानोचाहल को मिलिटैंटों ने अकाल तख्त का हैड ग्रंथी भी नियुक्त किया था, लेकिन एक पखवाड़ा पूर्व उसने इस्तीफा दे दिया ... पैतृक गांव मानोचाहल में एक कांस्टेबल की हत्या की थी। इसके बाद उसी वर्ष उसने तरनतारन में मुठभेड़ में एक और पुलिस कर्मी को मारा था। 1991 में तरनतारन पुलिस जिला में खब्बे राजपूतां गांव में एक परिवार के 5 लोगों की हत्या की कार्रवाई की स्वयं उसने निगरानी की थी। किसी समय वह भिडरांवाला का बॉडी गार्ड भी था। श्री भट्टी ने बताया कि वस्सन सिंह जफरवाल, जोकि पाकिस्तान की गुप्तचर संस्था इंटर सर्विसिज इंटैलीजैंस के बहुत निकट है, से मतभेद के कारण मानोचाहल पिछले 3 वर्षों से पाकिस्तान नहीं गया था।

मुठभेड़ का विवरण देते हुए तरनतारन पुलिस जिला के प्रमुख श्री अजीत सिंह संधू ने बताया कि बागड़ियां गांव में कल सर्वप्रथम कपूरथला पुलिस ने मानोचाहल के अड्डे पर छापा मारा था। वहां से ...

Punjabi Sanatani

## मानोचाहल मारा गया

(पृष्ठ 3 का शेष)

कुछ देर के बाद फायरिंग रुकने पर क्षेत्र की तलाशी ली गई तो वहां पर गुरबचन सिंह मानोचाहल को मृत पाया गया ।

पंजाब के पुलिस प्रमुख श्री के.पी.एस. गिल ने चंडीगढ़ में आयोजित एक प्रैस कांफ्रैंस में कहा कि मानोचाहल के मारे जाने से 'हमने लड़ाई जीत ली है ।' श्री गिल ने बताया कि मानोचाहल कई बार पाकिस्तान भी गया था । उन्होंने इस बात से इंकार किया कि मानोचाहल के दिल्ली में राजनीतिज्ञों से कोई संबंध थे । श्री गिल ने कहा कि किसी समय मानोचाहल के गिरोह में 500 सदस्य थे, लेकिन अब उन सब का सफाया हो चुका है ।

'अशोक' के अनुसार दिल्ली के चितरंजन पार्क में 15 लोगों की हत्या की घटना में भी मानोचाहल संलिप्त था । उसने लोगों को अपहृत कर लगभग साढ़े 3 करोड़ रुपए फिरौतियों के तौर पर वसूल किए थे । उस पर बलात्कार के भी आरोप थे ।

नई दिल्ली से प्राप्त एक रिपोर्ट के अनुसार उच्च रक्षा सूत्रों ने मानोचाहल के मारे जाने पर टिप्पणी करते हुए कहा कि "अब पंजाब में मिलिटैंसी 'मृत्यु शैय्या' पर आन पड़ी है ।"

Punjabi Sanjhi

**2 व्यक्ति मरे :** जगराओं के निकट सिद्धवां बेट गांव में मिलिटैंटों ने एक घर में घुस कर गुरजंट सिंह तथा उसकी पत्नी सुरेन्द्र कौर को गोलियों से मार दिया।

**पुलिस कर्मी की हत्या :** फरीदकोट जिला के डालियांवाली गांव में कल रात मिलिटैंटों ने पंजाब पुलिस के कांस्टेबल मलकीत सिंह की उसके घर में घुस कर हत्या कर दी। मलकीत सिंह सी. आई. डी. यूनिट फरीदकोट में नियुक्त था।

**मुठभेड़ में 1 मिलिटैंट मरा :** फतेहगढ़ साहिब जिले के सौंधागांव के पास कल हथियारों की बरामदगी के लिए मिलिटैंट दीदार सिंह उर्फ दारी को ले जा रहे पुलिस दल पर घात लगा कर हमला किया गया। इस मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया, जबकि दीदार सिंह भागने में सफल हो गया। मुठभेड़ स्थल से एक कारबाइन और कुछ कारतूस बरामद हुए।

# गुरबचन सिंह मानोचाहल सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मारा गया

## पंजाब में अन्यत्र 2 मिलिटैंट मरे, कांस्टेबल समेत 5 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 28 फरवरी (प.स.): पंथक कमेटी का सदस्य और भिडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान का प्रमुख गुरबचन सिंह मानोचाहल आज शाम तरनतारन पुलिस जिला के रटौल गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया । इसके अतिरिक्त पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान विभिन्न घटनाओं में 2 मिलिटैंट मरे तथा एक पुलिस कांस्टेबल सहित 5 लोगों की हत्या हुई ।

**मुठभेड़ में गुरबचन सिंह मानोचाहल मरा :** अमृतसर (मनोहर): तरनतारन पुलिस जिला के रटौल गांव में आज शाम सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में भिडरांवाला टाइगर्स फोर्स का प्रमुख गुरबचन सिंह मानोचाहल मारा गया । पंजाब के पुलिस प्रमुख श्री के.पी.एस. गिल ने बताया कि मानोचाहल गत दिवस तरनतारन पुलिस जिला के बागड़ियां गांव में सुरक्षा बलों को चकमा देकर भाग गया था । तभी से सुरक्षा बल उसकी तलाश में थे । आज शाम पौने पांच बजे सूचना मिलने पर सुरक्षा बलों ने रटौल गांव में उसे घेर लिया । लगभग पौना घंटा तक चले मुकाबले में मानोचाहल मारा गया । घटनास्थल से एक जनरल पर्पज़ मशीनगन, एक ए.के. 47 राइफल तथा भारी परिमाण में गोली-सिक्का बरामद हुआ है । मुकाबले के समय मानोचाहल अपने अड्डे में अकेला ही था । श्री के.पी.एस. गिल ने कहा कि यही समय है कि वस्सन सिंह जफरवाल, परमजीत सिंह पंजवड़ तथा दलजीत सिंह बिट्टू जैसे दुर्दांत मिलिटैंट सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दें अन्यथा उनका हश्र भी मानोचाहल जैसा होगा ।

प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार कल बागड़ियां गांव से मानोचाहल की फरारी के बाद सुरक्षा बलों ने विभिन्न गांवों में मिलिटैंटों के कम से कम 67 अड्डों पर छापे मारे गए । रटौल गांव में अजीत सिंह नामक एक व्यक्ति के फार्म हाउस पर जब छापा मारा गया तो वहां से मानोचाहल भाग कर गेहूं के खेतों में जा छिपा, जहां मुठभेड़ के दौरान वह मारा गया ।

मुठभेड़ में सेना की 2 कम्पनियों, सी.आर.पी.एफ. तथा पंजाब पुलिस के जवानों ने हिस्सा लिया । रटौल गांव में मानोचाहल के छिपे होने की सूचना उसके 2 सहयोगियों ने दी थी, जिन्हें गत रात्रि बागड़ियां गांव में मानोचाहल के अड्डे पर छापे के दौरान बंकरों से गिरफ्तार किया गया था । बागड़ियां गांव में छापा इंटैलीजैंस रिपोर्ट मिलने पर मारा गया था ।

बागड़ियां गांव में मानोचाहल के अड्डे से कल एक ए.के. 47 राइफल, एक डबल बैरल गन तथा दो रिमोट कंट्रोल बम बरामद हुए थे ।

मानोचाहल उन मिलिटैंटों में शामिल था जो सर्वाधिक समय तक सक्रिय रहे । वह जरनैल सिंह भिडरांवाला का निकटवर्ती साथी था । 13 अप्रैल, 1978 को अमृतसर में निरंकारियों के साथ संघर्ष में मानोचाहल संलिप्त था । जब 1982 में जरनैल सिंह भिडरांवाला स्वर्ण मंदिर में शरण लेने के लिए बम्बई से भागा था तो मानोचाहल ने उसकी मदद की थी ।

समझा जाता है कि आप्रेशन ब्ल्यू स्टार से पूर्व भिडरांवाला ने गुरबचन सिंह मानोचाहल को स्वर्ण मंदिर से बाहर जाने की अनुमति दे दी थी । 1986 में मानोचाहल स्वर्ण मंदिर में पुनः आ गया और उसने वस्सन सिंह जफरवाल के साथ मिल कर पंथक कमेटी गठित की तथा ऐलान किया कि सिखों का एकमात्र लक्ष्य 'खालिस्तान' है । 1987 में मानोचाहल ने जफरवाल के सहयोग से भिडरांवाला टाइगर्स फोर्स गठित की । यह सहयोग ज्यादा देर तक नहीं चला और मतभेद पैदा होने पर जफरवाल ने 1990 में अपनी पंथक कमेटी का गठन कर लिया । इसके बाद भिडरांवाला टाइगर्स फोर्स का एक और विभाजन हुआ । मानोचाहल के निकट सहयोगी संधा ने अपना अलग संगठन बना लिया ।



*मानोचाहल का एक फाइल फोटो ।*

इस साल मानोचाहल गुट को एक जबरदस्त झटका उस समय लगा, जब मानोचाहल का एक निकटवर्ती साथी सुरजीत सिंह बहला सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया । इसके बाद मानोचाहल के 50-60 अन्य साथी भी मुकाबलों में मारे गए । मानोचाहल के मारे जाने से उसके संगठन का पूर्णत: सफाया हो गया है ।

उल्लेखनीय है कि पिछले 3 वर्षों के दौरान मानोचाहल रटौल गांव में 3 बार सुरक्षा बलों को चकमा देकर भागा था । वह इस गांव में प्राय: आया करता था । मई, 1990 में भी मानोचाहल सुरक्षा बलों के साथ एक दिन से भी अधिक समय तक मुठभेड़ के दौरान बच कर भाग गया था । उस मुठभेड़ में उसके 9 साथी मारे गए थे तथा बार्डर रेंज के डी.आई.जी. श्री अजीत सिंह भी शहीद हो गए थे । 1991 में भी इसी गांव में दो मुठभेड़ों के दौरान मानोचाहल सुरक्षा बलों के घेरे से भाग जाने में सफल रहा था ।

'प.स.' के अनुसार मानोचाहल को मिलिटैंटों ने अकाल तख्त का हैड ग्रंथी भी नियुक्त किया था, लेकिन एक पखवाड़ा पूर्व उसने इस्तीफा दे दिया था । मानोचाहल सेना में भी रहा था । सेना छोड़ने के बाद वह गुरुद्वारा में ग्रंथी का काम करने लगा । इसके बाद वह मिलिटैंसी में शामिल हो गया । उस पर 25 लाख रुपए का इनाम था ।

'वार्ता' के अनुसार रटौल गांव में पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुए बार्डर रेंज के आई.जी.पी. श्री डी.आर. भट्टी ने कहा कि मानोचाहल के मारे जाने से 'पंजाब में मिलिटैंसी के एक युग का अंत' हो गया है । लगभग 40 वर्षीय मानोचाहल पंजाब, हरियाणा, दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश में दो हजार से भी अधिक हत्याओं में प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से संलिप्त था । उस पर 30 लाख रुपए का पुरस्कार था । श्री भट्टी ने बताया कि मानोचाहल ने स्वयं लगभग 2 दर्जन लोगों की हत्याएं की थीं । शेष हत्याएं उसके गिरोह के सदस्यों ने की थीं । पंजाब तथा पंजाब से बाहर कई स्थानों पर हुए बड़े नरसंहारों की योजना मानोचाहल ने ही तैयार की थी । दिल्ली के ग्रेटर कैलाश इलाके में हुए कत्लेआम में भी मानोचाहल के गिरोह का हाथ था । मानोचाहल ने पहली बार 1986 में अपने पैतृक गांव मानोचाहल में एक कांस्टेबल की हत्या की थी । इसके बाद उसी वर्ष उसने तरनतारन में मुठभेड़ में एक और पुलिस कर्मी को मारा था । 1991 में तरनतारन पुलिस जिला में खब्बे राजपूतां गांव में एक परिवार के 5 लोगों की हत्या की कार्रवाई की स्वयं उसने निगरानी की थी । किसी समय वह भिडरांवाला का बॉडी गार्ड भी था । श्री भट्टी ने बताया कि वस्सन सिंह जफरवाल, जोकि पाकिस्तान की गुप्तचर संस्था इंटर सर्विसिज इंटैलीजैंस के बहुत निकट है, से मतभेद के कारण मानोचाहल पिछले 3 वर्षों से पाकिस्तान नहीं गया था ।

मुठभेड़ का विवरण देते हुए तरनतारन पुलिस जिला के प्रमुख श्री अजीत सिंह संधू ने बताया कि बागड़ियां गांव में कल सर्वप्रथम कपूरथला पुलिस ने मानोचाहल के अड्डे पर छापा मारा था । वहां से मानोचाहल के भागने के बाद सेना की मदद से सुरक्षा बलों ने 'आप्रेशन मानोचाहल' शुरू किया । बागड़ियां गांव में मानोचाहल के अड्डे से एक डायरी भी मिली थी, जिसमें मानोचाहल के अन्य अड्डों की जानकारी थी । श्री संधू ने बताया कि विभिन्न स्थानों पर मानोचाहल की तलाश के बाद सुरक्षा बलों की टुकड़ियां वापस आ गईं, जबकि एक डी.एस.पी. के नेतृत्व वाली टुकड़ी लौटते समय जब रटौल गांव के सुदूरवर्ती एक फार्म हाउस के निकट से गुजरी तो भीतर छिपे मिलिटैंट ने जनरल पर्पज़ मशीनगन से फायरिंग की । सुरक्षा बलों ने फार्म हाउस को घेर लिया तथा वायरलैस पर अतिरिक्त सुरक्षा बलों को भेजने का संदेश दिया । श्री संधू ने बताया कि उक्त फार्म हाउस एक ड्रेन के किनारे पर स्थित है और बारिश की वजह से वहां तक जाने वाली कच्ची सड़क पर चलना बड़ा कठिन था । जब अतिरिक्त सुरक्षा बल वहां पहुंचे तो फार्म हाउस के भीतर से फायरिंग बंद हो गई, लेकिन थोड़ी ही देर बाद निकटवर्ती खेतों से फायरिंग पुनः शुरू हो गई

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjabi Sanatani

## मिलिटैंटों द्वारा आत्म-समर्पण

(पृष्ठ 3 का शेष)

उसने कमालपुर गांव में तीन व्यक्तियों तथा जगराओं के निकट ढोलक गांव में एक पुलिस कर्मी के परिवार के 6 सदस्यों की हत्या की थी ।

**4 लुटेरे मिलिटैंट काबू :** बरनाला से सिधवानी, धनौला से सिंगला के अनुसार बरनाला के पुलिस अधीक्षक श्री ईश्वर चन्द्र शर्मा ने बताया कि धनौला पुलिस ने चार लुटेरे मिलिटैंटों को मुकाबले के बाद गिरफ्तार कर लिया है । इन मिलिटैंटों की पहचान बेअन्त सिंह, जंसा सिह, अवतार सिंह और भीम सिंह के रूप में हुई है । इनके कब्जे से 303 की एक राइफल, तीन कटी नाली वाली बंदूकें, बड़ी संख्या में गोली-सिक्का बरामद हुआ है ।

**आत्मत्या कर ली :** थाना शेरपुर में तैनात सी.आर.पी.एफ. के एक जवान जो कि एक ड्राइवर था ने सरकारी असले से अपने आपको गोली मार कर आत्महत्या कर ली ।

Punjabi Sanatani

**मुठभेड़ में 1 मिलिटैंट मरा :** लुधियाना जिले के जसपाल बांगर गांव के पास सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया । उसके पास से एक माउज़र, दो वायरलैस सैट और कुछ कारतूस मिले ।

**एक और मिलिटैंट मरा :** तरनतारन पुलिस जिले के बलेर गांव में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में के.सी.एफ. का जसविन्दर सिह उर्फ पंजाब सिह नामक एक मिलिटैंट मारा गया ।

**सरपंच का अपहरण :** अजीतवाल से 'गिल' के अनुसार विगत शनिवार को दऊपुर साकी गांव के सरपंच जुगराज सिंह को कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने अपहृत कर लिया । बधनी थाने में केस दर्ज कर लिया गया है ।

**व्यापारी का अपहरण :** अहमदगढ़से 'पुरी' के अनुसार कल रात मिलिटैंटों ने मारुति कार एच.आर. 01-7000 में अहमदगढ़ से लुधियाना जा रहे यमुनानगर के एक गुड़ व्यापारी बरजिन्द कुमार को लहरा गांव के निकट अपहृत कर लिया । बताया जाता है कि मिलिटैंटों ने पुलिस कमांडोज की वर्दियां पहनी हुई थीं और उन्होंने जांच के बहाने कार रुकवाई । मिलिटैंटों ने व्यापारी के ड्राइवर को कार समेत यमुनानगर भेज दिया । अपुष्ट सूत्रों के अनुसार मिलिटैंटों ने टैलीफोन करके व्यापारी के घर वालों से 40 लाख रुपए की फिरौती मांगी है ।



*मिलिटैंटों के विभिन्न गुटों से सम्बद्ध 101 मिलिटैंट मंगलवार को बटाला में अपने शस्त्रों और गोली-सिक्के के साथ पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल के समक्ष आत्म-समर्पण करते हुए।* (छाया : अनिल पुरी)

# के.ए.एफ. चीफ हरभजन सिंह, मानोचाहल के भाई, 3 लै. जनरलों समेत 101 मिलिटैंटों द्वारा आत्मसमर्पण

**पंजाब में अगले 15 दिनोंके दौरान मिलिटैंसी का खात्मा कर दिया जाएगा : गिल**

**अन्य मिलिटैंट भी आत्मसमर्पण कर दें, उनके प्रति नर्मी बरती जाएगी : भट्टी**

## बरनाला के निकट 5 सुरक्षा कर्मियों की हत्या : 3 मिलिटैंट मरे

चंडीगढ़, 2 मार्च (वार्ता, प.स.): बटाला में आज विभिन्न संगठनों के 101 मिलिटैंटों ने पंजाब के पुलिस प्रमुख श्री के.पी.एस. गिल के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया । आत्मसमर्पण करने वालों में खालिस्तान आर्म्ड फ़ोर्स का हरभजन सिंह ऊधोके, गुरबचन सिंह मानोचाहल का भाई नरेन्द्र सिंह, एक महिला हरजिन्द्र कौर (27) तथा 2 संगठनों के 3 लैफ्टिनैंट जनरल भी शामिल हैं । इसके अतिरिक्त पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान बरनाला क्षेत्र में मिलिटैंटों ने एक ग्रामीण खेल मेले के दौरान 5 पुलिस कर्मियों की हत्या कर दी, जबकि तीन मिलिटैंट मारे गए ।

**101 मिलिटैंटों द्वारा आत्मसमर्पण :** बटाला (वार्ता, प.स., चौधरी, कोछड़): आज यहां आयोजित एक समारोह में विभिन्न संगठनों के 101 मिलिटैंटों ने पंजाब पुलिस के प्रमुख श्री के.पी.एस. गिल के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। समर्पण करने वालों में खालिस्तान आर्म्ड फोर्स का चीफ हरभजन सिंह ऊधोके, खालिस्तान कमांडो फोर्स (जफरवाल) का जसबीर सिंह, भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स (मानोचाहल) का बलविंदर सिंह, खालिस्तान कमांडो फोर्स (पंजवड़) का लै. जनरल सुरजीत सिंह उर्फ बिट्टू, बब्बर खालसा इंटरनैशनल के 2 लैफ्टिनैंट जनरल दर्शन सिंह तथा गुरनाम सिंह और गत रविवार को रटौल गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए खूंखार मिलिटैंट गुरबचन सिंह मानोचाहल का छोटा भाई नरेन्द्र सिंह शामिल है। समर्पण करने वालों में पंजवड़ गुट से सम्बद्ध एक महिला हरजिन्द्र कौर भी है। जिन मिलिटैंटों ने आज हथियार डाले हैं, उनमें से 5 दुर्दांत मिलिटैंटों पर 1 लाख रुपए से 5 लाख रुपए तक पुरस्कार है। समर्पण करने वालों में 41 गैर दुर्दांत तथा 55 साधारण श्रेणी के मिलिटैंट हैं। इनमें से 35 मिलिटैंट बब्बर खालसा के, 23 खालिस्तान कमांडो फोर्स (पंजवड़) के तथा 22 भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान के हैं। शेष खालिस्तान लिबरेशन फोर्स, खालिस्तान नैशनल आर्मी, के.सी.एफ. जफरवाल तथा दशमेश रैजीमैंट से सम्बद्ध रहे हैं। मिलिटैंटों ने पहली बार इतनी बड़ी संख्या में हथियार तथा गोली-सिक्का सौंपा है। इन मिलिटैंटों द्वारा सौंपे गए 35 हथियारों में 2 जनरल परपज मशीनगनें, 8 ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलें, 13 राइफलें और बंदूकें, 3 सैल्फ लोडिंग राइफलें, एक राकेट, एक राकेट लांचर तथा 5 पिस्तौलें, एक एयर गन, एक खिलौना पिस्तौल

"अगले 15 दिनों में पंजाब में मिलिटैंसी खत्म हो जाएगी।" श्री गिल ने सचेत किया कि अगला पखवाड़ा पंजाब प्रदेश तथा यहां की जनता के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पंजाब में शांति स्थापना के 'नए क्रम' को मिलिटैंटों की हार तथा सुरक्षा बलों की जीत के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। यह हार और जीत पंजाब की है। श्री गिल ने कहा कि इस साल बार्डर रेंज में दूसरी बार इतनी बड़ी संख्या में मिलिटैंटों ने समर्पण किया है। इससे पूर्व 14 जनवरी को अमृतसर जिला के दोबुर्जी क्षेत्र में 122 मिलिटैंटों ने आत्मसमर्पण किया था। अब तक पंजाब में कुल 766 मिलिटैंट आत्मसमर्पण कर चुके हैं, जिनमें 10 दुर्दांत हैं। आत्मसमर्पण करने वाले मिलिटैंटों के विरुद्ध कार्रवाई के बारे में पूछे जाने पर श्री गिल ने कहा कि जो गम्भीर अपराधों में संलिप्त हैं, उनके विरुद्ध कानून के अनुसार एक्शन होगा। श्री गिल ने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि आज मिलिटैंटों के आत्मसमर्पण के संदर्भ में समारोह ऐसे क्षेत्र में आयोजित किया गया है, जहां विगत में फायरिंग तथा बम विस्फोटों की घटनाओं में अनेक निर्दोष लोग मारे गए। श्री गिल ने कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान मिलिटैंसी के कारण बटाला में औद्योगिक कार्य प्रभावित हुआ तथा उद्योगपति आतंक की वजह से पलायन कर गए। उद्योगपति नई इकाइयां स्थापित करने से हिचकिचाने लगे। श्री गिल ने आशा व्यक्त की कि पंजाब में शांति स्थापित होने से प्रदेश प्रगति-पथ पर अग्रसर होगा। उन्होंने कहा कि पंजाब के लोगों ने मिलिटैंटों से अपना मुंह मोड़ लिया, जिसकी वजह से पंजाब में 'परिवर्तन' हुआ है। श्री गिल ने मिलिटैंसी के विरुद्ध 'अंतिम लड़ाई' में पंजाब के आम लोगों, पंचों तथा सरपंचों से सहयोग मांगा। श्री गिल ने कहा कि "मिलिटैंट अब पुन: सिर नहीं उठा सकेंगे।"

आई.जी. बार्डर रेंज श्री डी.आर. भट्टी ने कहा कि इस साल के शुरू से ही इस रेंज में मिलिटैंसी से संबंधित कोई वारदात नहीं हुई। इस अवधि में 42 असाल्ट राइफलें, 8 जनरल परपज मशीनगनें, 7 राकेट लांचर, 35 राकेट, 250 क्विंटल विस्फोटक तथा एक हजार डैटोनेटर बरामद हुए हैं। श्री भट्टी ने कहा कि जिन मिलिटैंटों ने समर्पण किया है, उनके प्रति नर्म रवैया अपनाया जाएगा तथा उनका पुनर्वास होगा। श्री भट्टी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने ग्रामीणों से अपील की थी कि वे अपने घरों या खेतों में मिलिटैंटों द्वारा छिपाए हथियार प्रशासन को सौंप दें। इस अपील का अच्छा प्रभाव पड़ा और पिछले एक सप्ताह के दौरान 35 हथियार सौंपे गए। इनमें से 14 हथियार पिछले दो दिनों के बीच ही ग्रामीणों द्वारा सौंपे गए हैं। श्री भट्टी ने चेतावनी दी कि सीमा पार से हथियारों की तस्करी करने वालों के विरुद्ध 'कड़ी कार्रवाई' होगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे मिलिटैंटों को आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित करें। समर्पण समारोह में उक्त 5 पुलिस जिलों के सिविल तथा पुलिस अधिकारी, पंच, सरपंच, नागरिक तथा राजनीतिज्ञ भी मौजूद थे।

**5 पुलिस कर्मी मरे :** बरनाला से 'सिधवानी' के अनुसार आज दोपहर बाद लगभग डेढ़ बजे गांव दीवाना थाना भदौड़ में मिलिटैंटों ने टूर्नामैंट में सुरक्षा ड्यूटी दे रहे 5 कर्मचारियों को एक जगह घेर कर गोलियां मार कर मार डाला और फरार होने में सफल हो गए। बताया जाता है कि पुलिस चौकी के इंचार्ज ए.एस.आई. जसवंत सिंह के नेतृत्व में हैड कांस्टेबल जरनैल सिंह, मग्घर सिंह, शिंगारा सिंह एस.पी.ओ. और मेहर सिंह (होमगार्ड) टूर्नामैंट में विभिन्न जगहों पर ड्यूटी दे रहे थे कि मिलिटैंटों ने उनको घेरे में ले लिया और एक जगह पर सबको इकट्ठा करके गोलियां मार दीं। हत्या करने के बाद मिलिटैंट वहां से फरार हो गए। घटना के समय टूर्नामैंट चल रहा था। वारदात करने के बाद मिलिटैंट इन सुरक्षा कर्मियों से 3 एस.एल.आर., 1 रिवाल्वर, एक मशीनगन और एक वायरलैस सैट लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही उच्चाधिकारी वहां पहुंच गए और अभियुक्तों की खोज शुरू कर दी।

**मुकाबले में 1 मिलिटैंट मरा :** मानसा से 'मेहता' तथा बरेटा से 'गर्ग' के अनुसार कल रात धर्मपुरा गांव के निकट नहर के पुल पर नाकेबंदी के दौरान सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में के.एल.एफ. का एक मिलिटैंट गुरमेल सिंह उर्फ भोला उर्फ तीरा मारा गया । उसका एक साथी बचकर भाग गया । घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक 12 बोर की राइफल तथा कुछ गोली-सिक्का भी मिला है । मानसा के एस.एस.पी. के अनुसार गुरमेल सिंह हत्या की कई वारदातों में वांछित था तथा उसकी गिरफ्तारी पर एक लाख रुपए का पुरस्कार था ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

# खन्ना के निकट बब्बर खालसा का दुर्दांत मिलिटैंट टैणी पत्नी समेत मुठभेड़ में मरा : अन्यत्र 4 मिलिटैंट मरे

चंडीगढ़, 5 मार्च (वार्ता, प.स.): आज शाम खन्ना में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में बस में सवार एक बब्बर खालसा का दुर्दांत मिलिटैंट रमिंद्रजीत सिंह उर्फ टैणी तथा उसकी पत्नी की मृत्यु हो गई । क्रास फायरिंग में 2 व्यक्ति भी मारे गए तथा कई अन्य लोग जख्मी हो गए । इसके अतिरिक्त पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान 4 मिलिटैंट मारे गए तथा दो पुलिस हिरासत से भाग गए ।

**मिलिटैंट और उसकी पत्नी मारी गई : क्रास फायरिंग में दो बस यात्री भी मरे :** खन्ना (शर्मा): आज शाम लगभग साढ़े पांच और छः बजे के बीच फतेहगढ़ ट्रांस्पोर्ट कम्पनी की बस को, जो पटियाला से लुधियाना आ रही थी, जब सदर थाना खन्ना के सामने रुकने का पुलिस ने संकेत किया तो अंदर से, बाहर खड़ी पुलिस पर फायरिंग शुरू हो गई जिस पर पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग शुरू कर दी । इस बात का रहस्योदघाटन खन्ना के पुलिस अधीक्षक श्री राज कृष्ण बेदी ने आज यहां एक बयान में किया ।

क्रास फायरिंग में कई लोग घायल हो गए जिनमें बस यात्री भी हैं । घायलों के नाम हरजीत सिंह, रमेश कुमार, अच्छर सिंह, हरप्रीत सिंह, बंत सिंह, गुरदयाल कौर, हरभजन कौर, हरभजन सिंह, अजीत सिंह और अनिल सभ्रवाल हैं । एक मिलिटैंट रमिंद्रजीत सिंह टैणी, जिसने पी.जी.आई. चंडीगढ़ में फायरिंग की थी और उसकी पत्नी, जो रोपड़ की बताई जाती है, गोली लगने से मारे गए । मृत मिलिटैंट के पास से एक माऊजर रिवाल्वर, जिसमें अभी चार गोलियां बाकी थीं और कारतूसों से भरी एक बैल्ट मिली ।

बाद में घायल सवारियों में से एक 30-35 वर्षीय सिख युवक की मौत हो गई । 9 घायलों को उनकी गम्भीर हालत के कारण सी.एम.सी. भेज दिया गया । शेष 3 घायल यात्री खन्ना सिविल अस्पताल में उपचाराधीन हैं ।

श्री बेदी ने बताया कि टैणी बहुत ही दुर्दांत मिलिटैंट था और वह पूर्व वित्तमंत्री बलवंत सिंह सहित लगभग 100 व्यक्तियों की हत्याओं में शामिल था । उसे पी.जी.आई. से छुड़वाने के लिए मिलिटैंटों ने पी.जी.आई. में 3 पुलिस कर्मियों की हत्या कर दी थी । वह जालन्धर और रोपड़ जिलों में सक्रिय था तथा पुलिस को उसकी कई अन्य मामलों में भी तलाश थी ।

लुधियाना से 'राजपाल' के अनुसार 8 घायलों को स्थानीय सी.एम.सी. में दाखिल करवाया गया है । इनके नाम हैं : भजन सिंह, अजीत सिंह, हरप्रीत सिंह, अच्छर सिंह, गुरदयाल कौर, हरभजन कौर, बंत सिंह और रमेश चंद । इस घटना में अनिल नामक एक अन्य यात्री भी घायल हो गया ।

'वार्ता' के अनुसार मारा गया दुर्दांत मिलिटैंट रमिंद्रजीत सिंह टैणी बब्बर खालसा इंटरनैशनल का सदस्य था । वह जालंधर के मास्टर अमरीक सिंह का पुत्र बताया जाता है । घायलों में एस.एच.ओ. हरजिंदर भी है । बताया जाता है कि गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस ने खन्ना थाना सदर के पास नाका लगाया हुआ था ।

**गुट संघर्ष में 2 मरे** : जगरांव पुलिस जिला के वारदे गांव में कल रात गिरोहों की आपसी दुश्मनी में चार मिलिटैंटों ने सरपंच हरनेक सिंह और उसके भाई जगदीश सिंह की हत्या कर दी । घटनास्थल से एक पत्र बरामद किया गया, जिसमें यह कहा गया है कि मृतक तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स के मिलिटैंटों को शरण देते थे और आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के नाम पर जनता से पैसा वसूलते थे । घटनास्थल से एक राइफल और कुछ खाली कारतूस भी बरामद किए गए ।

***2 मिलिटैंट मरे, 2 फरार** : संगरूर जिला* में हथियारों की बरामदगी के लिए गुरबाज सिंह नामक एक मिलिटैंट को पुलिस पार्टी ले जा रही थी कि गांव भट्टियां के निकट मिलिटैंटों के एक गिरोह ने हमला कर दिया । सुरक्षा बलों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने पर एक मिलिटैंट मारा गया, जबकि गुरबाज सिंह भाग निकला । घटनास्थल से एक माऊजर भी बरामद हुआ है ।

इसी जिला में मलकीयत सिंह नामक एक मिलिटैंट को भी हथियारों की बरामदगी के लिए ले जाया जा रहा था कि घग्गर घाट गांव के निकट

Punjabi Sanatani

## पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 1 का शेष)

हथियार के निशान पाए गए हैं । मृतक कादियां का रहने वाला था ।

**घायल कर दिया : पटियाला :** गत रात निकटवर्ती गांव रोंगला में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने नायब सिंह नामक व्यक्ति को गोली मार कर घायल कर दिया । बताया जाता है कि इन अज्ञात व्यक्तियों ने नायब सिंह से उसकी लाइसैंसी बंदूक मांगी थी । उसके इन्कार करने पर उन्होंने गोली चला दी ।

**एक मिलिटैंट गिरफ्तार : अमृतसर** (नारंग): जंडियाला थाना के मल्लियां गांव से पुलिस ने संक्षिप्त मुठभेड़ में के.सी.एफ. के एरिया कमांडर भजन सिंह को बंदूक समेत गिरफ्तार कर लिया ।

Punjabi Sahapedani

# 3 मिलिटैंट मरे : एक अन्य व्यक्ति की हत्या

चंडीगढ़, 9 मार्च : पिछले 48 घंटों के दौरान पंजाब में 3 मिलिटैंट मारे गए, जबकि एक अन्य व्यक्ति की हत्या किए जाने की सूचना है । इसी बीच 5 मिलिटैंटों को गिरफ्तार भी किया गया है ।

**अज्ञात मिलिटैंट मरा** : रोपड़ जिले के सैदपुर गांव के पास सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में आज तड़के एक मिलिटैंट मारा गया । उसके पास से एक ए.के.47 राइफल और कुछ कारतूस बरामद हुए हैं ।

**भिड़ंत में दो मिलिटैंट मरे** : बरनाला : सुरक्षा बलों ने बरनाला पुलिस जिले के चानणवाल गांव के पास परसों एक मुठभेड़ में दो मिलिटैंटों को मार गिराया । इनकी शिनाख्त नहीं हो सकी है । मौके से एक राइफल, एक हथगोला तथा कुछ कारतूस मिले ।

**2 मिलिटैंट फरार** : इसी पुलिस जिले में मोहिंदर सिंह नाम का एक मिलिटैंट गांव कांगड़ के समीप पुलिस हिरासत से निकल भागा । पुलिस की एक टुकड़ी उसे हथियारों की बरामदगी के लिए ले जा रही थी । इसी तरह एक मिलिटैंट संगरूर जिले के तामनवाला गांव के पास से फरार हो गया ।

**मिलिटैंट गिरफ्तार** : सुरक्षा बलों ने भटिंडा, मजीठा और तरनतारन पुलिस जिलों से पांच मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है । पांच गिरफ्तार किए गए मिलिटैंटों में से एक निर्मलजीत सिंह उर्फ निम्मा (खालिस्तान कमांडो फोर्स) है ।

**शव मिला** : बटाला (चौधरी): पुलिस ने आज प्रातः गांव लीलकलां से राकेश उर्फ लक्की नामक युवक का शव बरामद किया है । यह सब्जी बेचने का काम करता था । शव पर तेजधार

(शेष पृष्ठ 14 पर)

Punjabi Sanatani

## पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

पुलिस द्वारा जारी सूचना में कहा गया है कि पुलिस ने गांव धर्मचक्क के पास से सर्बजीत सिंह को दो राइफलों, एक रिवाल्वर, राकेट आदि व कुछ गोली-सिक्का समेत गिरफ्तार किया था । जब पुलिस पार्टी सर्बजीत सिंह को मेहता पुलिस थाना की ओर ले जा रही थी तो मिलिटैंटों के एक गुट ने पुलिस दल पर हमला कर दिया । पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की तथा इस दौरान भागने के प्रयास में सर्बजीत मारा गया । यह मिलिटैंट पंजाब तथा दूसरे प्रदेश में 100 से अधिक हत्याओं के मामलों में संलिप्त था ।

बाद में सुरक्षा बलों ने क्षेत्र की तलाशी ली तो एक अन्य मिलिटैंट का शव मिला । इस की पहचान मीता सिंह के रूप में हुई । यह उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्र के गदरपुर नामक स्थान का रहने वाला था । उसके पास से एक स्टेनगन व कुछ गोली-सिक्का मिला ।

## अल्वा जयललिता से मिलने जाएंगी

नई दिल्ली, 11 मार्च (प.स.): केंद्रीय कार्मिक राज्यमंत्री श्रीमती मारग्रेट अल्वा शनिवार को मद्रास में तमिलनाडु की मुख्यमंत्री सुश्री जयललिता से मिलेंगी ।

समझा जाता है कि श्रीमती अल्वा प्रधानमंत्री का संदेश लेकर वहां जाएंगी । श्री राव ने अन्नाद्रमुक के केंद्र सरकार से समर्थन वापस लेने के संदर्भ में उन्हें अपना संदेश दिया है ।

# 2 एरिया कमांडरों समेत 5 मिलिटैंट मारे गए : एक सुरक्षा कर्मी मरा

चंडीगढ़, 11 मार्च : विगत 24 घंटों के दौरान पंजाब में सैफरन टाइगर्ज़ आफ खालिस्तान व के.सी.एफ. के दो एरिया कमांडरों समेत 5 मिलिटैंट मारे गए । सुरक्षा बलों ने 8 मिलिटैंटों को गिरफ्तार भी किया है । मिलिटैंटों के साथ भिड़ंत में सी.आर.पी. का एक जवान भी मारा गया ।

**एक मिलिटैंट व एक सुरक्षा कर्मी मरा :** जालन्धर (न.न.ए.): आज थाना करतारपुर के गांव रहीमपुर में सुरक्षा बलों और तीन मिलिटैंटों के मध्य भिड़ंत हो जाने के परिणामस्वरूप एक अज्ञात मिलिटैंट तथा सी.आर.पी. का एक जवान मारा गया ।

पुलिस ने मृतक मिलिटैंट के कब्जे से एक ए.के. 47 राइफल, 3 मैगज़ीन, 7 जिन्दा कारतूस, 30 बोर का माऊज़र, इसके 10 कारतूस, एक स्टिक गन व कुछ खाकी वर्दियां बरामद की हैं । भिड़ंत में सी.आर.पी. का एक जवान घायल हो गया, उसे सिविल अस्पताल जालन्धर में भर्ती कराया गया है ।

इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए श्री एस.के. शर्मा (एस.एस.पी.) ने बताया कि उक्त गांव में पुलिस तलाशी ले रही थी कि तीन अज्ञात मिलिटैंट पुलिस पर गोलियां चलाते हुए भागे, जिस पर पुलिस पार्टी ने उनका पीछा करते हुए गोलियां चलाईं और वायरलैस की सहायता से और फोर्स बुलवाई । लगभग तीन-चार कि.मी. तक पीछा करते रहने पर एक मिलिटैंट सुच्चा सिंह नामक एक व्यक्ति के डेरे में जा छिपा और उसके अन्य दो साथी खेतों में जा छिपे । सुच्चा सिंह के डेरे को घेर कर पुलिस ने तलाशी लेनी शुरू कर दी । इस दौरान उक्त मृतक मिलिटैंट जो कि भूसे के कुप में छिपा था, ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग की । पुलिस पार्टी ने भी जवाबी गोलियां चलाईं जिससे यह मिलिटैंट मारा गया और उसके प्रहार से सी.आर.पी. का एक जवान मारा गया और एक रमेश चंद्र नामक जवान घायल हो गया ।

**मृतक मिलिटैंट एरिया कमांडर था :** पुलिस के अनुसार रहीमपुर गांव में मारा गया मिलिटैंट खालिस्तान कमांडो फोर्स का एरिया कमांडर बलजिंदर सिंह था ।

मारे गए सी.आर.पी. कर्मी का नाम धनी सिंह-नायक, बताया गया है ।

**2 अज्ञात मिलिटैंट मरे :** अबोहर (राज सदोष): सदर पुलिस के साथ गत रात हुई मुठभेड़ में दो अज्ञात मिलिटैंट मारे गए ।

जिला पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुस्तफा ने बताया है कि किशन लाल पुत्र बीरबल राम, निवासी गांव 6 एल.एन.पी. चक कुंडल वाला, थाना सदर श्रीगंगानगर ने कल बाद दोपहर पुलिस को सूचित किया कि 2 व्यक्तियों ने उससे 300 रुपए किराया तय करके गांव दिवानखेड़ा तक जीप पर चलने को कहा था । "उनका कहना था कि उनकी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई है । वे दोनों उसे जीप नं. आर.एन.के. 1307 सहित एक सम्पर्क सड़क पर ले गए और रिवाल्वर दिखा कर जीप छीन ली व फरार हो गए ।" इस सूचना पर उप पुलिस कप्तान सुरजीत सिंह ग्रेवाल ने सभी सम्पर्क सड़कों पर नाके लगवा दिए । रात्रि 12.30 बजे थाना सदर के प्रभारी ने चक मोडीखेड़ा सम्पर्क मार्ग के पास वह जीप देखी और रुकने का इशारा किया । जीप सवारों ने गोलियां चलाईं । जवाबी फायरिंग में दोनों मारे गए । जीप का नम्बर टेप लगा कर 307 बनाया हुआ है । मृतकों की उम्र 20-25 वर्ष के बीच है । उनके कब्जे से 32 व 12 बोर का एक-एक रिवाल्वर व 11 जीवित कारतूस बरामद हुए । श्री मुस्तफा ने बताया कि अभी मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है ।

**एरिया कमांडर साभा व एक अन्य मिलिटैंट मरा :** अमृतसर (नारंग): पुलिस जिला मजीठा के गांव धर्मू चक्क के पास हुई भिड़ंत में गत रात सैफरन टाइगर्ज आफ खालिस्तान का एरिया कमांडर सर्बजीत सिंह उर्फ साभा तथा उसका एक साथी मीता सिंह मारा गया । मीता सिंह भी सूचीबद्ध मिलिटैंट बताया गया है । घटनास्थल से एक स्टेनगन, दो राकेट, एक बंदूक, एक .38 बोर की पिस्तौल, दो राइफलें तथा बड़ी मात्रा में गोली सिक्का मिला है ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjabi Sanatani

# एरिया कमांडर सहित 6 मिलिटैंट मरे, 1 फरार : 1 महिला की हत्या, 4 घायल

चंडीगढ़, 15 मार्च (वा., प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों में बब्बर खालसा के एक एरिया कमांडर मेजर सिंह सहित 6 मिलिटैंट मारे गए तथा एक मिलिटैंट पुलिस की हिरासत से भाग निकला । मिलिटैंटों ने एक महिला की हत्या कर दी तथा 4 लोगों को घायल कर दिया ।

**एरिया कमांडर सहित 2 मरे :** रोपड़ जिले में सुरक्षा बलों ने स्कूटर पर सवार होकर भाग रहे 2 मिलिटैंटों का पीछा करके खपरां गांव के निकट उन्हें मार गिराया । इन दो मिलिटैंटों में से एक की पहचान बब्बर खालसा के एरिया कमांडर मेजर सिंह तथा इकबाल सिंह उर्फ बाला के रूप में हुई है । मृत मिलिटैंट 50 से अधिक हत्याओं में संलिप्त था । इनके सिरों पर 5 लाख रुपए से अधिक का ईनाम था ।

**आकाशवाणी के इंजीनियर का हत्यारा :** पुलिस ने बताया कि गत वर्ष आकाशवाणी के पटियाला केंद्र के अपहृत इंजीनियर श्री एम.एल. मनचंदा का सिर मेजर सिंह ने ही काटा था ।

मेजर सिंह व उसके साथी ने इससे पूर्व कुराली में शराब के ठेके पर हमला कर वहां दो व्यक्तियों को घायल कर दिया था ।

**4 अज्ञात मिलिटैंट मरे :** सुरक्षा बलों ने कल रात मानसा जिले में आदमपुर गांव के निकट एक मुठभेड़ में 2 अज्ञात मिलिटैंटों को मार गिराया । इनके पास से एक दुनाली बंदूक, 1 एकनाली बंदूक तथा कुछ गोली-सिक्का बरामद किया ।

गुरदासपुर जिले में कल रात राजू बेला छिचरा गांव के निकट सुरक्षा बलों ने एक अन्य मुठभेड़ में भी दो मिलिटैंटों को मार गिराया । इन मिलिटैंटों के पास से एक सैल्फ लोडिंग राइफल, एक एकनाली बंदूक तथा गोली-सिक्का बरामद किया गया । इन दोनों मिलिटैंटों की पहचान नहीं हो सकी थी ।

**1 महिला की हत्या, 1 घायल :** फगवाड़ा (अशोक): आज सायं मिलिटैंटों ने फगवाड़ा-होशियारपुर रोड पर जगजीतपुर के निकट मनजीत सिंह तथा कुलजीत कौर, जो अपने घर माडल टाउन वापस लौट रहे थे, पर फायरिंग करके कुलजीत कौर की घटनास्थल पर ही हत्या कर दी, जबकि मनजीत सिंह को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । मनजीत सिंह को स्थानीय सिविल अस्पताल में दाखिल करवाया गया है । सदर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है । पुलिस मिलिटैंटों की तलाश कर रही है ।

**एक व्यक्ति घायल :** चमकौर साहब (कौशल): गत रात्रि मिलिटैंटों ने जतिन्द्र सिंह नामक एक व्यक्ति को गोलियां मार कर घायल कर दिया । घायल व्यक्ति को पी.जी.आई. चंडीगढ़ ले जाया गया है ।

**1 मिलिटैंट फरार :** कल रात जगराओं पुलिस जिले (लुधियाना) के दादूहर गांव के निकट एक अभियुक्त सुरजीत सिंह उर्फ सत्ता पुलिस की हिरासत से उस समय भाग निकला जबकि उसे लेकर जा रहे पुलिस दल पर मिलिटैंटों ने हमला किया ।

सुरक्षा बलों ने एक मिलिटैंट को होशियारपुर जिले में गिरफ्तार किया है ।

**मिलिटैंट गिरफ्तार :** अमृतसर (नारंग): थाना जंडियाला के गांव वंडाला में आज रात्रि एक कथित मिलिटैंट ब्रजिंद्र सिंह उर्फ बिंदी पुत्र हरनाम सिंह को गिरफ्तार किया गया । उसके कब्जे से एक ए.के. 47 राइफल, 2 मैगजीन और 150 राऊंड गोली-सिक्का बरामद किया गया है । अभियुक्त वंडाला गांव का सरपंच भी है ।

**ठेका कर्मचारी घायल :** चंडीगढ़ (संधी): आज सायं मोटर साइकिल पर सवार मिलिटैंटों ने कुराली के निकट एक देसी शराब के ठेके के कर्मचारी रोशन पर गोलियां चला कर उसे घायल कर दिया

# मुठभेड़ में 3 मिलिटैंट मारे गए : एक पुलिस जवान भी मरा

पिहोवा, 15 मार्च (संजीव): यहां से लगभग 15 किलोमीटर दूर थाना झांसा के अन्तर्गत गांव सूरजगढ़ के पास आज दोपहर में कुरुक्षेत्र जिला पुलिस ने एक मुठभेड़ में 3 दुर्दान्त मिलिटैंटों को मार गिराया। इस मुठभेड़ के दौरान एक पुलिस कांस्टेबल भी मारा गया।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि मारे गए मिलिटैंटों में हरदीप सिंह तथा सज्जन सिंह थे। यह दोनों ही पिहोवा के निकटवर्ती गांव झुलमत के रहने वाले थे। तीसरे मारे गए मिलिटैंट की पहचान नहीं हो सकी थी।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह मिलिटैंट पिछले कुछ दिनों से पिहोवा के निकटवर्ती गांवों को अपनी शरणस्थली के रूप में इस्तेमाल कर रहे थे। पुलिस ने इन मिलिटैंटों के बारे में सूचना मिलने पर गांव को दोनों ओर से घेर लिया था। लगभग 5 घंटे तक यह मुकाबला चलता रहा। मुठभेड़ के दौरान मरे पुलिस जवान का नाम दिलेसिंह बताया गया है।

इस मुठभेड़ की सूचना मिलते ही अम्बाला रेंज के डी.आई.जी., कुरुक्षेत्र के एस.पी. घटनास्थल पर पहुंच गए।

पुलिस ने उक्त मिलिटैंटों के विरुद्ध बुलेटप्रूफ ट्रैक्टर का भी प्रयोग किया। मृत मिलिटैंटों से काफी बड़ी मात्रा में गोली-सिक्का भी बरामद हुआ है।

चंडीगढ़ से प्राप्त समाचारों के अनुसार हरियाणा के पुलिस महानिदेशक श्री कल्याण रुद्र ने बताया कि मिलिटैंटों का यह गिरोह 3 दिन पहले हरियाणा में घुस आया था । यह यहां लोगों पर तथाकथित 'समाज सुधारों' को लागू करने का प्रयास कर रहे थे ।

**30 हत्याओं में संलिप्त :** हरदीप सिंह उर्फ काला हरियाणवी के इस गिरोह ने पंजाब में गुरदासपुर-बटाला तथा उत्तर प्रदेश में 30 से अधिक हत्याएं की थीं । हरदीप सिंह गत वर्ष पुलिस के शिकंजे से बच निकला था ।

Punjabi Sanatani

## पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

हिरासत से उस समय भाग गया जबकि उसको लेकर आ रहे पुलिस दल पर मिलिटैंटों ने हमला कर दिया । शहना पुलिस मुख्तियार सिंह को हथियार बरामद करने के बाद वापस लेकर आ रही थी । एस.पी. श्री हरिन्दर सिंह ने बताया कि इस मिलिटैंट ने एक 12 बोर की बंदूक, 8 कारतूस तथा 1 ए.के. 47 की मैगज़ीन बरामद करवाई थी ।

**1 मिलिटैंट मरा** : कल रात मानसा जिले में बुढलाडा पुलिस थाने के अन्तर्गत सुलूवाला गांव के पास सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया । उसके पास से एक दनाली 12 बोर की बन्दक बरामद हुई है । इस मिलिटैंट की पहचान नहीं हो सकी है ।

**सरपंच गिरफ्तार** : अमृतसर से प्राप्त समाचार के अनुसार गांव बन्डाला के नवनिर्वाचित सरपंच बरजिंदर सिंह उर्फ बिन्दा को संदिग्ध मिलिटैंट के रूप में सुरक्षा बलों ने कल रात जंडियाला पुलिस थाने के अन्तर्गत शीडां कलां के नाले के पुल पर गिरफ्तार कर लिया । उसके पास से 1 ए.के. 47 राइफल, दो मैगज़ीन तथा 150 कारतूस बरामद किए गए ।

**कुलजीत कौर का अंतिम संस्कार** : फगवाड़ा (कौड़ा): गत दिवस कुछ लोगों की ओर से जिस कुलजीत कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी गई थी उसका आज अंतिम संस्कार कर दिया गया । मृतका का पति जो कि सिविल अस्पताल में उपचाराधीन है, की हालत में कुछ सुधार हुआ बताया जाता है ।

**एक मिलिटैंट मरा** : अमृतसर (नारंग): वेरोवाल थाना के रखख गांव में आज शाम साढ़े 7 बजे पुलिस के साथ मुठभेड़ में 1 मिलिटैंट मारा गया । उसका साथी बच कर भाग गया । घटनास्थल से एक रिवाल्वर, गोली-सिक्का तथा के.सी.एफ. का लैटर पैड भी मिला है ।

Punjabi Sanatani

# 2 मिलिटैंट मरे, 1 फरार : 2 संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा आत्महत्या : सरपंच गिरफ्तार

चंडीगढ़, 16 मार्च (पस., वार्ता): पंजाब में पिछले 24 घंटों में 2 मिलिटैंट मारे गए तथा 1 अन्य पुलिस की हिरासत से फरार हो गया, जबकि दो संदिग्ध ट्रक चालकों ने सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली । सुरक्षा बलों ने एक संदिग्ध मिलिटैंट के रूप में एक नवनिर्वाचित सरपंच को गिरफ्तार किया है ।

**संदिग्ध ट्रक ड्राईवर, उसके साथी द्वारा सायनाइड खाकर आत्महत्या :** जालन्धर (ढल्ल): गत दिन जालन्धर कैंट क्षेत्र में एक ट्रक नं. बी.आर.-06/G 1213 के साथ दो शक्की व्यक्तियों ने पुलिस से घिर जाने पर सायनाइड खा लिया और अस्पताल में ले जाए जाने पर डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार दोनों मृतकों के ड्राईविंग लाईसैंसों के अनुसार एक वरिन्दर कुमार पुत्र किशन चंद द्वारा असम भोगल रोडवेज़ प्राईवेट लि. गुवाहाटी (असम) और दूसरा अजीत पाल सिंह पुत्र सुखदेव सिंह थिंड, मकान नं. 13/36, माल गोदाम रोड, रायपुर (मध्य प्रदेश) था । पुलिस पता लगा रही है कि क्या यह उनके असली नाम व पते हैं ।

सूत्रों ने बताया कि इस ट्रक को मंडी गोबिन्दगढ़ की पुलिस ने वहां से पीछा करते हुए जालन्धर छावनी में सी.एस.डी. कैन्टीन के बाहर घेरा था, जहां यह माल उतार रहे थे । घटना का ब्यौरा इस प्रकार बताया गया है कि कल प्रात: 6 बजे के लगभग मंडी गोबिन्दगढ़ में दो ट्रकों के मालिकों में झगड़ा हो गया था जिसमें एक ट्रक के ड्राईवर ने दूसरे ट्रक के ड्राईवर पर फायरिंग कर दी, जिससे एक व्यक्ति मारा गया और दूसरा घायल हो गया ।

इस घटना के बाद उक्त व्यक्ति ट्रक समेत वहां से जालन्धर की ओर बच कर भाग निकले । मंडी गोबिन्दगढ़ की पुलिस पार्टी ने उसका पीछा किया और जालन्धर छावनी में आकर घेर लिया, जिस पर दोनों व्यक्तियों ने सायनाइड खा लिया ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार इस ट्रक में से कोई भी हथियार नहीं मिले । ऐसा प्रतीत होता है कि इनके साथ कोई तीसरा हथियारबंद साथी भी था, जो सम्भवत: मंडी गोबिन्दगढ़ से जालन्धर के मध्य मार्ग में कहीं उतर गया होगा ।

मंडी गोबिन्दगढ़ में उन्होंने जिस चालक की हत्या की, उसका नाम मान सिंह तथा उसके घायल साथी का नाम सुलखन सिंह बताया गया है ।

**मिलिटैंट पुलिस हिरासत से फरार :** बरनाला से 'बालिया' के अनुसार एक मिलिटैंट मुख्तियार सिंह कल रात चुंगा गांव के पास पुलिस की

(शेष पृष्ठ 12 पर)

Punjabi Sahitya

# 1 मिलिटैंट मरा, युवती समेत 2 लोगों का अपहरण

चंडीगढ़, 17 मार्च (प.स., वार्ता): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान एक मिलिटैंट मारा गया, जबकि एक युवती समेत 2 लोगों का अपहरण हुआ ।

**एक मिलिटैंट मरा :** तरनतारन पुलिस जिला के भंजोला गांव के निकट कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया । घटनास्थल से एक रिवाल्वर तथा के.सी.एफ. के 5 लैटरपैड भी मिले हैं ।

**युवती समेत 2 लोगों का अपहरण :** पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुलिस की वर्दी पहने 7 मिलिटैंटों ने कल शाम जालन्धर जिले के कादियांवाली गांव से एक व्यक्ति हरदेव सिह संघा का अपहरण कर लिया । मिलिटैंट मारुति कार में सवार थे । इसी जिले के शंकर गांव से एक युवती सीमा रानी का भी अपहरण कर लिया गया ।

**मारे गए मिलिटैंटों की शिनाख्त :** गुरदासपुर (विनोद): विगत दिनों जिला गुरदासपुर में काहनूवान पुलिस स्टेशन के अन्तर्गत मंड क्षेत्र में पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए दो मिलिटैंटों में से एक रणधीर सिह उर्फ धीरा पुलिस को 50 से अधिक हत्याओं में तथा लूटमार की घटनाओं में वांछित था । जिला पुलिस प्रमुख श्री सुमन्त गोयल ने इस सम्बन्ध में बताया कि मंड क्षेत्र में चलाए विशेष अभियान के अधीन गत सोमवार रात को पुलिस ने नाकाबंदी कर रखी थी कि बेट के पास रात लगभग 12.30 पर तीन युवक आते दिखाई देने पर जब पुलिस ने उन्हें रुकने को कहा तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । जवाबी फायरिंग में 2 मिलिटैंट मारे गए और एक ने ब्यास दरिया में छलांग लगा दी और वह पकड़ा नहीं गया । मारे गए मिलिटैंट से एक एस.एल.आर., एक 12 बोर की राइफल तथा गोली-सिक्का मिला था । तब मारे गए मिलिटैंटों की शिनाख्त नहीं हो पाई थी । श्री गोयल ने बताया कि बाद में इनकी शिनाख्त रणधीर सिह उर्फ धीरा निवासी गुन्नोपुर एरिया कमांडर खालिस्तान लिबरेशन फोर्स तथा सुरेन्द्र सिह उर्फ छिन्दा निवासी भाम के रूप में हुई । श्री गोयल ने बताया कि धीरा पुलिस को उत्तर प्रदेश में भी लूटपाट तथा हत्याओं के मामलों में वांछित था । सुरेन्द्र सिंह पहले बब्बर खालसा से सम्बन्धित था और आजकल वह के.एल.एफ. में शामिल हो गया था ।

# येल्तसिन को रूस में राष्ट्रपति शासन लागू करने की सलाह

मास्को, 17 मार्च (वार्ता): रूस के राष्ट्रपति की सलाहकार परिषद ने राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन को देश में राष्ट्रपति शासल लागू करने की सलाह दी है ताकि वह सत्ता पर अपनी पकड़ फिर से बना सकें । राष्ट्रपति के प्रवक्ता व्याचेस्लाव कोस्तिक्रोव ने इस पर टिप्पणी करते हुए कहा कि छूट देने और समझौतों के दिन अब खत्म हो गए हैं ।

# मिलिटैंटों द्वारा जगरांव में फायरिंग से 6 मरे, 3 घायल : 1 मिलिटैंट द्वारा आत्महत्या

चंडीगढ़, 24 मार्च (वार्ता, प.स.): मिलिटैंटों ने पंजाब के जिला लुधियाना के जगरांव कस्बे में आज रात अंधाधुंध फायरिंग करके 6 लोगों की हत्या कर दी और तीन को घायल कर दिया । पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान एक मिलिटैंट ने सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली, जबकि सुरक्षा बलों द्वारा 11 मिलिटैंट गिरफ्तार किए गए ।

**6 की हत्या** : जगरांव (भंडारी, मल्होत्रा): 2 स्कूटर सवार मिलिटैंटों ने आज रात्रि लगभग 8 बजे यहां मुहल्ला शास्त्री नगर में अंधाधुंध फायरिंग करके 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी और 3 अन्य को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । बताया जाता है कि अभियुक्तों ने शास्त्री नगर महल्ले की गली नं. 2 की नुक्कड़ पर पहले फायरिंग की, फिर वे एक घर में घुस गए और वहां 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी ।

मृतकों के नाम इस प्रकार हैं : किशोरी लाल, विनोद कुमार, जैपाल, स्वर्ण राम, जगमोहन और सुभाष चन्द्र । 3 घायलों में आशा रानी, संजीव कुमार (16) और संजीव कुमार वोहरा शामिल हैं । संजीव कुमार की हालत चिन्ताजनक होने के कारण उसे सी.एम.सी. लुधियाना में भेजा गया है । एस.एस.पी. श्री एच.एस. सोहल के अनुसार इस वारदात में तरसेम सिंह कोके के गुट का हाथ है । मिलिटैंट यद्यपि घटनास्थल से भाग जाने में सफल रहे लेकिन एक पुलिस पार्टी उनका पीछा कर रही है ।

**मिलिटैंट द्वारा आत्महत्या** : फतेहगढ़ साहब जिले के दूमछेड़ी गांव में आज प्रातः सुरक्षा बलों द्वारा घिर जाने पर एक मिलिटैंट ने सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली । मृतक के पास से एक 32 बोर का रिवाल्वर और कुछ कारतूस बरामद हुए हैं ।

**दो मिलिटैंट गिरफ्तार** : पटियाला जिला पुलिस ने गत रात दौलतपुर गांव के पास एक संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात अमर सिंह और जगतार सिंह नामक दो मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया, जबकि उनका एक साथी फरार होने में सफल हो गया । उनके कब्जे से एक स्टिक बम, एक 12 बोर की दोनाली बंदूक तथा कुछ कारतूस बरामद हुए हैं ।

**2 अन्य मिलिटैंट काबू** : सुरक्षा बलों ने गुरदासपुर जिले में दो मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है ।

**5 लुटेरे गिरफ्तार** : जगरांव से 'भंडारी' व 'मल्होत्रा' के अनुसार गत रात रानीके गांव के निकट सुरक्षा बलों के जवानों ने 5 लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया । पकड़े गए लुटेरों की पहचान गुरविन्द्र सिंह व जगतार सिंह निवासी ललतो काला, बूटा सिंह व हरप्रीत सिंह निवासी गांव मनसूरा तथा देविन्द्र सिंह निवासी गांव मडियाली के रूप में हुई है । पकड़े गए लुटेरों के पास से 12 बोर की दो पिस्तौलें, 303 बोर की एक पिस्तौल तथा के.सी.एफ. के लैटर पैड मिले हैं ।

**मिलिटैंट काबू** : अजीतवाल (गिल): गत रात पुलिस चौकी अजीतवाल के इंचार्ज बलबीर सिंह के नेतृत्व में नाकापार्टी ने एक पैदल आ रहे संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार कर उससे 12 बोर का एक रिवाल्वर और दो जिंदा कारतूस बरामद किए । उसकी पहचान सिधवां बेट थाने के गांव मलसियां बाजन निवासी हरविन्दर सिंह पुत्र ध्यान सिंह के रूप में हुई है ।

**मिलिटैंट गिरफ्तार** : अमृतसर (नारंग): गत रात एस.एच.ओ. खलचियां ने एक मिलिटैंट मेजर सिंह पुत्र मक्खन सिंह निवासी भोरसी ब्राह्मणा को एक नाके के दौरान गिरफ्तार कर लिया । उसके पास से 32 बोर के 2 रिवाल्वर और 5 कारतूस बरामद हुए हैं ।

**कुएं से सड़ी-गली लाश बरामद** : बरनाला (सिधवानी): कांग्रेस पार्षद श्री गुरदेव सिंह के लड़के राजेन्द्र सिंह राजू की गली-सड़ी लाश के लोथड़े पांच माह बाद बिजली दफ्तर बरनाला के पीछे एक वीरान कुएं से बरामद हो रहे हैं । नग्नावस्था में इस लाश को ईंटों-पत्थरों के साथ एक प्लास्टिक के टुकड़े में बांध कर कुएं में फैंका गया था ।

Punjabi Sanataru

## पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

कि जगरांव के हत्यारों की पहचान हो गई है। आशा है कि हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस संदर्भ में पुलिस काफी सरगर्म है। वित्त मंत्री ने बताया कि जगरांव निवासी पुलिस और सरकार से काफी नाराज थे और वहां पुलिस के विरुद्ध प्रदर्शन भी किया गया। उन्होंने कहा कि रात सवा आठ और साढ़े आठ बजे के बीच चार मिलिटैंटों ने शास्त्री नगर चौक में खड़े होकर अंधाधुंध गोलियां चलाईं और गंदी गालियां भी निकालीं। उन्होंने एक ही सम्प्रदाय के लोगों की हत्या करके हिन्दुओं और सिखों के बीच दरार पैदा करने की कोशिश की है लेकिन वे अपने नापाक इरादों में कभी सफल नहीं होंगे। मैं मुख्यमंत्री की ओर से आज जगरांव गया था। हत्यारे मानवता के सबसे बड़े शत्रु हैं। मिलिटैंसी की जो आग बुझ चुकी थी, उसे पुन: सुलगाना चाहते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि मिलिटैंटों को शह देने वाले बाज आ जाएं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे उत्तेजित न हों।



स. बलवंत सिंह कपूरथला स्वर्णकार संघ के प्रधान, अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ की मीटिंग जालंधर में इंटरनैशनल होटल में हुई, जिसमें वह पंजाब के उप-प्रधान सर्वसम्मति से चुने गए।

**मिलिटैंट मरा** : कपूरथला (शर्मा): थाना भुलत्थ के क्षेत्र में आज प्रात: पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात मिलिटैंट मारा गया। स्थानीय सिविल अस्पताल में उसके शव का पोस्टमार्टम करवाया गया है।

**मुठभेड़ में 2 मिलिटैंट मरे** : बरनाला पुलिस जिले में साहनेवाल गांव के निकट गत रात सुरक्षा बलों के साथ मुकाबले में 2 मिलिटैंट मारे गए। मृतक मिलिटैंटों के पास से एक .303 की बंदूक, एक 12 बोर की बंदूक तथा कुछ कारतूस बरामद हुए।

**एक अन्य मिलिटैंट मरा** : मानसा पुलिस जिले में कुलरिदां गांव के पास गत रात हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों द्वारा एक अन्य मिलिटैंट मार गिराया गया। मृतक के पास से एक 12 बोर की दोनाली बंदूक तथा कुछ कारतूस बरामद हुए हैं।

**स्कूटर व नकदी छीनी** : फगवाड़ा (अशोक) गत सायं स्थानीय खलवाड़ा गेट में दो हथियारबंद लुटेरों ने सुच्चा सिंह नामक एक व्यक्ति से उसका स्कूटर नम्बर पी.बी.टी.-7733, उसकी सोने की अंगूठी व 2500 रुपए नकद छीन लिए व फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

**5 मिलिटैंट गिरफ्तार** : पुलिस ने जालन्धर जिले में लोहियां थाना के गांव मेहमोवाल क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान जैपाल नामक एक मिलिटैंट को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक 303 राइफल और 42 कारतूस बरामद किए। पुलिस के अनुसार जैपाल को एक ट्रैक्टर के साथ दबोच लिया गया जो उसने गत 18 फरवरी को कमालपुर गांव के निकट सतनाम सिंह नामक व्यक्ति से छीना था। सुरक्षा बलों ने पटियाला तथा भटिंडा जिलों में भी दो-दो मिलिटैंटों को गिरफ्तार किया है।



*गत दिवस गुरदासपुर जिले में सुरक्षा बलों के साथ हुए एक मुकाबले में मारे गए मिलिटैंट (ऊपर) बलविंदर सिंह (मध्य), बलजिंदर सिंह तथा (नीचे) बलविंदर सिंह की लाशें।*






इटालियन टैक्नोलोजी पर आधारित नेपाल, थाईलैंड, मलेशिया, बर्मा, भूटान तथा सिंगापुर में धूम मचाने के बाद मैजिक मार्बल अब भारत में भी उपलब्ध

मैजिक मार्बल की विशेषताएं

* संगमरमर व टीकवुड की मनपसंद, मनभावन, डिज़ाइन।
* रंग फीके नहीं पड़ते।
* पपड़ी नहीं उतरती।
* मनचाहे रंग।
* आसानी से धोया जा सकता है।
* वातानुकूलन में सहायक।
* मनचाहे साइज।
* प्राकृतिक संगमरमर का विकल्प।
* एक्सपोर्ट क्वालिटी।

पंजाब, हिमाचल, जम्मू व कश्मीर तथा चंडीगढ़ के शहरों तथा जिलों के लिए अधिकृत वितरक तथा विक्रेता बनने के लिए अम्बाला शहर के पते पर मिलें या लिखें।

AUTHORISED STATE DISTRIBUTOR OF PUNJAB, HIMACHAL, J & K AND CHANDIGARH

श्री पार्श्वनाथ ट्रेडिंग कम्पनी

केयर/आफ अधीश कुमार संजीव कुमार जैन

होलसेल क्लाथ मर्चेंट्स

देव समाज कालेज रोड, अम्बाला शहर, फोन : 57511

North zone

गगन इंजीनियर्ज़ एंड ट्रेडर्ज़, 2-ग-33, विज्ञान नगर, कोटा

Haryana

ओबराय मैजिक मार्बल डैकोरेटर्स, 173, रेलवे रोड, अम्बाला कैंट

10 वर्ष की गारंटी

# जगरांव नरसंहार में मृतकों की संख्या 7 हो गई : शोकमग्न नगर में पूर्ण हड़ताल रही : पंजाब में 4 मिलिटैंट मारे गए

चडीगढ़, 25 मार्च (वार्ता, पस.): जगरांव में गत रात मिलिटैंटों की अंधाधुंध फायरिंग से मरने वालों की संख्या बढ़ कर 7 हो गई है,जबकि पंजाब में अन्यत्र गत 24 घंटों के दौरान 4 मिलिटैंट मारे गए तथा 5 अन्य गिरफ्तार कर लिए गए ।

**जगरांव नरसंहार में मृतकों की संख्या 7 हुई :** लुधियाना (महिन्द्रा, मुसाफिर): कल जगरांव में 2 स्कूटर सवार मिलिटैंटों ने शास्त्री नगर मोहल्ले की गली नं. एक व दो में अंधाधुंध फायरिंग कर एक ही समुदाय के 6 लोगों को मार डालाथा। आज एक और व्यक्ति दम तोड़ गया। इस तरह मरने वालों की संख्या 7 हो गई है। मरने वालों के नाम इस प्रकार हैं—सर्वश्री किशोरी लाल, सुभाष चंद्र, संजीव कुमार, विनोद कुमार, सुरेन्द्र मोहन, जयपाल, सरवन कुमार। अब 2 घायल अस्पताल में उपचाराधीन हैं। जगरांव में उनके शोक में आज पूर्ण हड़ताल रही।

वित्त मंत्री डा. केवल कृष्ण के साथ जगरांव के विधायक श्री दर्शन बराड़, लुधियाना के जिलाधीश श्री एस.एस. चन्नी और अतिरिक्त डी.आई.जी. श्री आर.के. शर्मा, डी.आई.जी. श्री चन्द्रशेखर जगरांव आए। डा. केवल कृष्ण और उनकी सारी टीम दुखी परिवारों से भी मिली और ये लोग दो व्यक्तियों के अंतिम संस्कार में भी शामिल हुए। इस अवसर पर वित्त मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री बेअंत सिंह ने भी आना था मगर किसी कारण नही आ सके और मुझे भेजा है। डा. केवल कृष्ण ने कहा कि जो फायरिंग हुई है, वह सरकार के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि पंजाब की शांति को ये मिलिटैंट भंग नहीं कर सकेंगे। इन्हें सख्ती से कुचल दिया जाएगा। कल की फायरिंग की चुनौती का सरकार डट कर मुकाबला करेगी। उन्होंने कहा कि चूंकि पंजाब पुलिस ने बड़े-बड़े मिलिटैंटों को मुकाबले में मारा है, जगरांव की वारदात कर मिलिटैंटों ने बदला लिया है।

वित्त मंत्री ने सुरक्षा बलों को निर्देश दिया कि वारदात करने वाले मिलिटैंटों को तुरन्त काबू किया जाए ताकि पंजाब में शांति बहाल होने से सरकार पर जनता का जो विश्वास बना है, वह लड़खड़ा न जाए और जनता का मनोबल न गिरे। डा. केवल कृष्ण ने कहा कि सरकार अनुभव करती है कि जगरांव का क्षेत्र कमजोर है, इसलिए इस जगह दो वारदातें हो चुकी हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि इस जगह और अधिक फोर्स तैनात की जाए।

वित्त मंत्री ने दुखी परिवारों को पूर्ण सहायता देने का विश्वास दिलाया और कहा कि हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाएगी। उन्होंने जगरांव के लोगों को विश्वास दिलाया कि सरकार की यह लगातार कोशिश है कि ऐसी घटनाएं न दोहराई जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि इक्का-दुक्का वारदातें बदले की भावना से की जा रही हैं। सरकार इस समस्या पर खुद को केन्द्रित करेगी ताकि भविष्य में इस तरह की वारदातें न हों।

पुलिस के अनुसार इस वारदात में के.एल.एफ. के कुलदीप सिंह उर्फ कीपा ग्रुप का हाथ है।

'धीमान' के अनुसार वित्त मंत्री ने जगरांव का दौरा करने के बाद वापसी पर यहां एक भेंट में बताया

(शेष पृष्ठ 12 पर)

**छोटी सी बात ... रंगा**

**अन्नाद्रमुक व भाजपा में निरंतर सद्भाव बढ़ता आ रहा है ।**

**–लाल कृष्ण अडवानी**



भाई साहब, इसके लिए श्री अडवानी को कांग्रेस (इ) का आभारी होना चाहिए ।

# सूरजकुंड अ...
# पदों के चु...

नई दिल्ली, 25 मार्च (वार्ता): कांग्रेस (इ)

Punjabi Sanatani

## पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

लेकिन वे भाग निकले । पुलिस ने पीछा करके इन्हें पकड़ लिया । पूछताछ के दौरान उन्होंने अपने नाम अमरजीत सिंह, जसविन्द्र सिंह तथा गुरदर्शन सिंह बताए । उन्होंने कुछ हथियार भी किसी गोपनीय स्थान पर रखे होने की जानकारी दी । जब पुलिस पार्टी हथियारों की बरामदगी के लिए उन्हें ले जा रही थी तो घोंगियां ड्रेन के निकट छिपे कुछ मिलिटेंटों ने हमला कर दिया । पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग की गई । दोतरफा गोलीबारी में उक्त तीनों मिलिटेंट मारे गए । उनके कब्जे से तीन डैटोनेटर, एक बम, एक राइफल, एक बंदूक तथा बिना नम्बर वाला बजाज चेतक स्कूटर बरामद हुआ ।

**1 मिलिटेंट मरा** : तरनतारन पुलिस जिला के गज़ल गांव के निकट आज प्रातः सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटेंट मारा गया । घटनास्थल से एक पिस्तौल तथा कुछ कारतूस भी मिले हैं ।

**3 मिलिटेंट गिरफ्तार** : सुरक्षा बलों ने संगरूर, रोपड़ तथा भटिंडा जिलों से एक-एक मिलिटेंट को गिरफ्तार किया ।

Punjabi Sanatani

# के.एल.एफ. लै. जनरल गुरमीत सिह कालेके समेत 5 मिलिटैंट मरे, मुकाबले में ए.एस.आई. की मृत्यु

चंडीगढ़, 28 मार्च (वार्ता, प.स.): पंजाब पुलिस के कमांडो ने आज उत्तर प्रदेश के गोंडा कस्बे में तथाकथित खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के लैफ्टिनैंट जनरल गुरमीत सिह कालेके को मार गिराया । पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान चार मिलिटैंट मरे, जबकि मुकाबले में पुलिस के एक असिस्टैंट सब-इंस्पैक्टर की मौत हो गई ।

**मुठभेड़ में के.एल.एफ. लैफ्टिनैंट जनरल मरा** : पंजाब पुलिस के कमांडो दस्ते ने उत्तर प्रदेश के गोंडा नगर में आज के.एल.एफ. लैफ्टिनैंट जनरल गुरमीत सिह कालेके को मार गिराया । कालेके से एक ए.के. 47 राइफल तथा कुछ कारतूस भी बरामद हुए हैं । उक्त आशय की जानकारी मजीठा पुलिस जिला प्रमुख श्री परमजीत सिह गिल ने दी है । श्री गिल ने बताया कि कमांडो दस्ते ने पुष्ट सूचना मिलने पर कल नई दिल्ली में कालेके के अड्डे पर छापा मारा था, मगर कालेके वहां से भाग निकला । कमांडो दस्ते ने पीछा करके उसे गोंडा में घेर लिया, जहां वह मुठभेड़ में मारा गया । श्री गिल ने बताया कि कालेके ने 100 से अधिक लोगों की हत्या की थी । दो वर्ष पूर्व बुटारी रेलवे स्टेशन के निकट रेल लाईन पर बाधाएं खड़ी करके पैट्रोल इंजन को उलटा कर 8 पुलिस कर्मियों की हत्या की घटना में कालेके संलिप्त था । मजीठा पुलिस जिला में व्यास तथा मानांवाला के मध्य जी.टी. रोड पर हुए कई गोलीकांडों में भी कालेका का हाथ था । कालेका की गिरफ्तारी पर 5 लाख रुपए का पुरस्कार था ।

**मुठभेड़ में ए.एस.आई. की मौत** : भुलत्थ से 'गोगना', कपूरथला से 'शर्मा' के अनुसार बेगोवाल में आज तड़के मिलिटैंटों के साथ मुठभेड़ में ए.एस.आई. ज्ञान सिह की मृत्यु हो गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार पुलिस को यह सूचना मिली थी कि उक्त गांव में सुरत सिह नामक एक व्यक्ति की हवेली में बेगोवाल निवासी अमरजीत सिह तथा श्री हरगोबिन्दपुर के निवासी शमशेर सिह उर्फ शेरा नामक दो मिलिटैंटों ने शरण ली हुई है । पुलिस ने रात साढ़े आठ बजे के लगभग सुरत सिह की हवेली को घेर लिया । भीतर से मिलिटैंटों ने फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग की गई । प्रातः साढ़े चार बजे तक चली मुठभेड़ में ए.एस.आई. ज्ञान सिह की मृत्यु हो गई, जबकि उक्त दोनों मिलिटैंट अंधेरे में बच कर भाग गए । मिलिटैंट ए.एस.आई. ज्ञान सिह का रिवाल्वर भी ले गए ।

**3 मिलिटैंट मारे गए** : दसूहा से 'झावर' के अनुसार कल रात घोगियां ड्रेन के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन मिलिटैंट मारे गए । एस.एस.पी. श्री दिनकर गुप्ता ने बताया कि पुलिस को यह सूचना मिली थी कि कुछ मिलिटैंट ब्यास नदी की तरफ से इस इलाके में दाखिल हो सकते हैं । इसके बाद दसूहा के एस.पी. श्री जैमल सिह के नेतृत्व में एक पुलिस पार्टी ने नदी के साथ-साथ जाने वाली सड़क पर नाकाबंदी की हुई थी । रात 9 बजे के लगभग एक स्कूटर पर 3 संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिए । पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया

(शेष पृष्ठ 10 पर)

# रतिया में 3 मिलिटैंट, एक ए.एस.आई. मारे गए

रतिया, 30 मार्च (रमेश जोईयां): आज रात्रि लगभग 9.30 बजे यहां से लगभग 12 किलोमीटर दूर गांव लांबा में पुलिस और मिलिटैंटों के मध्य हुई एक मुठभेड़ में तीन मिलिटैंट और एक ए.एस.आई. मारे गए, जबकि एक डी.एस.पी. और एक कांस्टेबल गंभीर रूप से घायल हो गए । मारे गए मिलिटैंटों में से दो की शिनाख्त हो गई है । इनमें से एक का नाम बलविंद्र सिंह उर्फ बुलेट और दूसरे का नाम तरसेम सिंह उर्फ काली बताया गया है ।

बताया गया है कि मारे गए दोनों मिलिटैंट बब्बर खालसा इंटरनैशनल के सदस्य हैं ।

रात्रि 11 बजे प्राप्त सूचना के अनुसार पुलिस ने और कुमक मंगवा ली और सारे गांव को घेर लिया है । मिलिटैंटों की संख्या काफी बताई जा रही है, जो गेहूं और कपास के आस-पास सटे खेतों में छिपे हुए हैं ।

Punjabi Sarmaya



*अमृतसर बस स्टैंड पर सोमवार को लुधियाना से अमृतसर आ रही बस की छत पर विस्फोट हो गया। चित्र में (ऊपर बाएं) विस्फोट से क्षतिग्रस्त बस (दाएं) घटनास्थल पर लोगों की भीड़ (नीचे) घटनास्थल पर मृत 5 यात्रियों के शव। (फोटो: रवि भंडारी)*

Punjabi Ganatani

# अमृतसर बस अड्डे पर बस में विस्फोट होने से 5 व्यक्तियों की मृत्य, 30 घायल

चंडीगढ़, 5 अप्रैल (वार्ता, प.स.): अमृतसर में ...रल बस अड्डे पर आज दोपहर एक बस में हुए ...फोट में पांच व्यक्ति मारे गए और 30 अन्य ...यल हो गए । राज्य में गत 24 घंटों के दौरान ...न्य स्थानों पर एक मिलिटैंट और तीन लुटेरे मारे ...ए ।

**बस में विस्फोट से 5 मरे, 30 घायल** : ...मृतसर (नारंग, इ.न.स.): आज दोपहर सवा बारह ...जे स्थानीय बस स्टैंड पर एक बस में विस्फोट होने ...से 5 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई तथा 30 अन्य ...यल हो गए । घटनास्थल से प्राप्त विवरण के ...नुसार पंजाब रोडवेज (लुधियाना डिपो) की बस नं. ...बी. 12-8710 लुधियाना से अभी बस स्टैंड पर ...हुंची ही थी कि विस्फोट हो गया । मृतकों में से तीन ...की पहचान हरदेव सिंह (कुरुक्षेत्र), रणजीत सिंह ...नड) तथा बी.आर. पराशर (जालन्धर दूरदर्शन ...का कर्मचारी) के रूप में हुई है । घायलों में से कुछ के ...नाम मलकीयत कौर, बलवीर सिंह, वीर सिंह, ...अमरीक सिंह, कमला, बलविन्द्र सिंह, शिमला, ...बलवीर सिंह, बलविन्द्र सिंह, बलवीर सिंह, जसपाल ...सिंह, सुरेन्द्र पाल सिंह, सुरेन्द्र सिंह, हरदेव सिंह, ...नाम सिंह, गुरदीप सिंह, महेन्द्र सिंह, हरबंस ...लाल, अंजू बत्तरा, राजेन्द्र सिंह, बलविन्द्र सिंह, ...देव सिंह तथा गुरबचन सिंह हैं । विस्फोट से ...बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई ।

घटनास्थल पर खून तथा इंसानी अंग बिखरे पड़े ...थे । अमृतसर के एस.एस.पी. की हरदीप सिंह ...ढिल्लों ने घटनास्थल पर बताया कि यह कोई बम ...धमाका नहीं था बल्कि बस की छत पर पटाखे पड़े थे ...जो गर्मी के कारण फट गए तथा बस की छत के लोहे ...के छोटे-छोटे टुकड़े यात्रियों के शरीर को बींधते हुए ...निकल गए ।

बम धमाका उस समय हुआ जब बस स्टैंड पर ...बस से यात्री उतर रहे थे, बस लुधियाना से 8 बजे ...सुबह चली थी । बस की छत पर रखे सामान में हुए ...जबरदस्त धमाके में बस की छत उड़ गई, चारों तरफ ...धुआं छा गया । घटनास्थल पर पटाखों के कागज ...व खोल बिखरे पड़े थे ।

...बस के कंडक्टर हरनेक सिंह ने बताया कि बस ...अमृतसर आकर रुकी तो एक यात्री जो ...लुधियाना से जालन्धर बाई पास रोड से सवार हुआ ...था अपना सामान जो कि छः बोरे थे, जिनमें सब्जी थी ...उतार रहा था कि इतने में एक जबरदस्त धमाका ...हुआ तथा चारों तरफ धुआं छा गया । लोगों के ...रोने-चिल्लाने की आवाजें आने लगीं, वह खुद भी ...घायल हुआ ।

डी.एस.पी. (डी) से प्राप्त जानकारी के अनुसार विस्फोटक प्याज के बोरों में था जो कि बस की छत पर पड़े थे । बोरों में रखे पटाखे तेज धूप के कारण फट गए तथा उन्होंने जबरदस्त विस्फोट का रूप ले लिया । एक रिक्शा चालक भी घायल हुआ ।

मौके पर ड्यूटी पर तैनात एस.पी.ओ. गुरमीत सिंह तथा निर्मल दास द्वारा देरी न करते हुए घायलों को बाहर निकाला गया ।

'सोनी' के अनुसार घायलों में 5 की दशा चिंताजनक है । घटना की सूचना पाकर थाना रामबाग के इंचार्ज मेजर सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे जिन्होंने घायलों को अस्पताल पहुंचवाया । घटनास्थल व बस का निरीक्षण करने के बाद एस.पी. सिटी एस.एस छीना व डी.एस.पी. गुरिन्दर सिंह ढिल्लों ने बताया कि बस के अंदर फैली बारूद की दुर्गंध और अवशेषों से प्रतीत होता है कि किसी व्यक्ति ने बस की छत पर बोरों में 'भुंजमार-पटाखे' (जमीन पर पटक कर चलाए जाने वाले पटाखे) रखे थे जो धमाके के साथ फट गए और बस की छत उड़ने से यह दुखांत हुआ । उन्होंने कहा अभी यह कहना कठिन है कि ये पटाखे कैसे फटे । उन्होंने कहा कि इन संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता कि बोरे में टाईम बम अथवा रिमोट कंट्रोल बम रखा गया हो लेकिन चूंकि ऐसे किसी बम का अभी तक कोई अवशेष नहीं मिला है अतः इसे मात्र सम्भावना ही कहा जा सकता है ।

बस चालक लाहौरा सिंह ने बताया कि बस लुधियाना से चल कर सीधे जालन्धर रुकी थी और इसके बाद अमृतसर आकर रुकी । उसने कहा कि मार्ग में कोई सवारी नहीं बिठाई गई । अतः सम्भावना है कि विस्फोट वाला बोरा या बोरे बाईपास पर ही रखे गए थे । उसने कहा कि उसे यह नहीं पता कि बोरे रखने वाली सवारी कहां उतरी है ।

एस.एस.पी. अमृतसर श्री हरदीप सिंह ढिल्लों ने आज शाम इस बस कांड के बारे में बताया कि यह मात्र एक दुर्घटना है । उन्होंने स्पष्ट किया कि यह मिलिटैंसी की घटना नहीं है । श्री ढिल्लों ने कहा कि अब तक हुई जांच में पाया गया है कि लुधियाना निवासी बलबीर सिंह पुत्र रणजीत सिंह मजहवी चार बोरों में पटाखे भर कर अमृतसर ला रहा था । उसने ये बोरे लुधियाना बाईपास पर बस में लादे थे तथा पटाखों को अमृतसर के बाजार पापड़ां की एक पार्टी को देने के लिएं ला रहा था । उसने 300 रु. प्रति बोरे की दर से खरीद की थी और यहां एक हजार रु. प्रति बोरे की दर से बिक्री करनी थी । अमृतसर बस स्टैंड पर उसने एक रिक्शा चालक अमरीक सिंह को भाड़ा तय करके बोरे उतारने के लिए बस की छत पर चढ़ाया ।

श्री ढिल्लों ने कहा कि रिक्शा चालक ने जब पहला बोरा ही बस के नीचे की ओर किया तो यह उसके हाथ से छूट गया जिससे बोरे में रखे पटाखे जमीन से टकराते ही धमाके के साथ फट गए । इस विस्फोट से पैदा हुए दबाव और क्षण भर के लिए पैदा हुई गर्मी से छत पर रखी हुई तीनों बोरियों के पटाखे विस्फोट के साथ फट गए । विस्फोट से पांच सवारियां मारी गईं तथा कई अन्य घायल हो गए ।

श्री ढिल्लों ने बताया कि घायलों में अधिकांश अमृतसर के रिक्शा चालक हैं जो सवारियों को रिक्शा में ले जाने के लिए बस के इर्दगिर्द इकट्ठे हुए थे तथा जो बोरा जमीन पर गिरा उसके फटने व पटाखों के कंकर लगने से तथा उत्पन्न हुई गर्मी से वे घायल हो गए व झुलस गए । श्री ढिल्लों ने बताया कि पटाखे लाने वाले बलबीर सिंह तथा रिक्शा चालक अमरीक सिंह के विरुद्ध धारा-304ए के तहत थाना रामबाग में केस दर्ज किया गया है । उन्होंने कहा कि बस कंडक्टर हरनेक सिंह भी साफ नहीं बचेगा । उसके विरुद्ध भी कार्रवाई की जा रही है ।

'प.स.' के अनुसार अमृतसर के उपायुक्त के.एस. सिद्धू ने बताया कि विस्फोट में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिवार को 5000-5000 रु. दिए जाएंगे ।

## पंजाब में अन्यत्र एक मिलिटैंट व 3 लुटेरे मारे गए

**1 मिलिटैंट मरा, 1 फरार** : संगरूर (गर्ग): गत रात संगरूर जिला पुलिस के.सी.एफ. के मिलिटैंट बलवंत सिंह को हथियारों की बरामदगी के लिए गांव काऊंके (जिला लुधियाना) लेकर जा रही थी कि मालेरकोटला के निकट गांव बदरावां के पास मिलिटैंटों ने हमला कर दिया । मुकाबले के दौरान बलवंत सिंह जोकि लुधियाना जिले के गांव फतेहपुर का है, बच निकला परन्तु हमला करने वालों में से एक मिलिटैंट मारा गया । उसके पास से गोली-सिक्का बरामद हुआ ।

**3 लुटेरे मारे गए** : सुरक्षा बलों ने एक मुकाबले में आज सुबह तरनतारन पुलिस जिला के गांव बागड़ियां के निकट 3 मिलिटैंटों को मार गिराया । मृतक मिलिटैंटों के पास से दो 12 बोर की बन्दूकें व एक 303 बोर की पिस्तौल मिली है । बाद में एक पुलिस प्रवक्ता, जिसने उनकी पहचान बलबीर सिंह, बीत्ती तथा मेनलू के रूप में की है, ने बताया कि वे लुटेरे थे लेकिन मिलिटैंटों के वेष में लूटपाट करते थे ।

**चौकी पर हमला नहीं हुआ** : समराला (भारद्वाज): गत दिवस मरथला गांव में एक चौकी पर मिलिटैंटों द्वारा किए गए हमले के संबंध में स्थानीय एस.एच.ओ. श्री शंकर दास ने बताया कि गांव में एक इंस्पैक्टर श्री बलकार सिंह के घर पर चौकी बनी हुई है । कल एक होमगार्ड बलविन्दर कुमार से अचानक गोली चल गई । इस पर उसके साथियों ने यह समझ कर कि मिलिटैंटों ने हमला किया है, गोली चला दी । श्री शंकर दास ने बताया कि असल में मिलिटैंटों ने हमला नहीं किया था ।

**मिलिटैंट मारा गया** : लुधियाना (धीमान): आज सायं न्यू शिवपुरी में पुलिस के साथ मुकाबले में एक मिलिटैंट मारा गया । उसके कब्जे से एक रिवाल्वर बरामद हुआ है । उक्त मिलिटैंट की शिनाख्त नहीं हो सकी ।

# जम्मू-कश्मीर में चुनाव 6 मास में : सईद

कोच्चि, 5 अप्रैल (प.स.): केंद्रीय गृह राज्यमंत्री पी.एम. सईद के अनुसार केंद्र का प्रस्ताव जम्मू-कश्मीर में 6 मास के अंदर चुनाव कराने का है । उन्होंने कहा कि इस राज्य में स्थिति लगातार सुधर रही है और सरकार को पूरा विश्वास है कि यह और सुधर जाएगी तथा 6 मास के अंदर वहां चुनाव कराए जा सकेंगे ।

यह पूछे जाने पर कि क्या सरकार पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी को कश्मीर में वास्तविक नियंत्रण रेखा को पार करने की अनुमति देगी, श्री सईद ने कहा कि किसी को भी भारतीय सीमा पार करने की अनुमति नहीं दी जाएगी । यह बात पाकिस्तान को भी समझ लेनी चाहिए ।

श्री सईद ने बम्बई बम विस्फोटों की चर्चा करते हुए कहा कि इस कांड में संलिप्त मेमन बंधुओं को भारत लाने के भरसक प्रयास किए जा रहे हैं । उन्होंने कहा कि सरकार को पता है कि वे कहां हैं लेकिन वे वास्तव में कहां हैं, उन्होंने इसके बारे में कुछ भी कहने से इंकार कर दिया ।

# के.पी.एस. गिल की हत्या का षड्यंत्र विफल, 1 दुर्दांत मिलिटैंट गिरफ्तार

नई दिल्ली, 8 अप्रैल (उमेश लखनपाल): दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा के मिलिटैंट निरोधक दस्ते ने पंजाब के अंतर्राष्ट्रीय मिलिटैंट संगठन दुष्ट सोध कमांडो फोर्स के कट्टर मिलिटैंट उमराव सिंह उर्फ उपेन्द्र सिंह को गिरफ्तार कर पंजाब पुलिस के प्रमुख श्री के.पी.एस. गिल व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की हत्या का षड्यंत्र विफल कर दिया। उसके पास से चीन में निर्मित दो हैंड ग्रैनेड, 51 जाली पासपोर्ट, वीजा कार्ड की जाली मोहरें तथा 38 हजार रुपए नकद बरामद हुए हैं।

विशेष पुलिस शाखा के अतिरिक्त आयुक्त श्री आर.एस. सहाय ने बताया कि उमराव सिंह को उत्तरी-पश्चिमी दिल्ली की पॉश कालोनी पीतमपुरा से पकड़ा गया है। वह यहीं एच.पी. ब्लॉक के एक फ्लैट में रह रहा था। उमराव सिंह की अमरीका, कनाडा व जर्मनी ;पुलिस को भी तलाश थी। उक्त अंतर्राष्ट्रीय मिलिटैंट संगठन को गठित करने में उसका मुख्य हाथ था। इसी संगठन ने रूमानिया में भारत के राजदूत एवं पंजाब पुलिस के पूर्व महानिदेशक जे.एफ. रिबैरो पर हमला किया था। अकाली दल लौंगोवाल के नेता नसीब सिंह की हत्या में भी उसका हाथ था।

पूछताछ के दौरान उमराव सिंह ने बताया कि वह दिल्ली में गत 15 फरवरी को आया था। कनाडा से पहले वह जसविन्द्र सिंह नाम के एक व्यक्ति के जाली पासपोर्ट के आधार पर बैंकाक पहुंचा था। बैंकाक से काठमांडु व काठमांडु से सड़क के रास्ते वह भारत आया। उसके पास से प्रभजोत सिंह नाम से एक ब्रिटिश पासपोर्ट भी मिला है। उसने उपदेश सिंह नाम से अमरीका में राजनीतिक पीड़ित के रूप में शरण भी मांगी थी लेकिन यह प्रयास सफल न होने पर वह कनाडा चला गया था।

श्री सहाय ने बताया कि उसने एक अन्य मिलिटैंट परमजीत उर्फ पम्मा के साथ मिल कर पंजाब में चार विभिन्न हत्याकांडों में भाग लिया था। वह अंतर्राष्ट्रीय सिख यूथ फैडरेशन और सिख स्टुडैंट फैडरेशन का स्वयंभू अध्यक्ष भी रह चुका है तथा बाद में वह खालिस्तान कमांडो फोर्स के पंजवड़ गुट में शामिल हो गया था। श्री सहाय ने बताया कि उमराव सिंह को पकड़ने पर पहले उसने स्वयं को दिल्ली के एक कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र 'नीट' का छात्र बताया। बाद में सख्ती से पूछताछ करने पर उसने पूरा भेद खोला। उमराव सिंह गढ़शकर (होशियारपुर) का रहने वाला है। मिलिटैंट संगठन में शामिल होने से पहले वह एक व्यक्ति हरभजन सिंह के साथ मिल कर फौजी ट्रैवल्स की बस चलाता था। जर्मनी में उसने एक व्यक्ति पृथ्वीपाल व स्विट्ज़रलैंड के बलविन्दर सिंह की हत्या की थी। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलिटैंट गतिविधियों का संचालन करने वाले सुखमिन्दर सिंह चीमा (कनाडा) से भी उसके घनिष्ठ सम्बन्ध थे। उसके परमजीत पंजवड़, सतेन्द्र पाल सिंह गिल और दलजीत सिंह बिट्टू से भी घनिष्ठ सम्बन्ध थे। ये तीनों मिलिटैंट इन दिनों पाकिस्तान में हैं। उसने आगे बताया कि उसे इन आतंकवादी संगठनों के संचालनों ने पंजाब में श्री गिल सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की हत्या करने की योजना को क्रियान्वित करने के लिए भेजा था। इस कार्य को करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर काफी धनराशि एकत्रित की जा रही है।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjabi Sanatani

# गिल की हत्या का षड्यंत्र

(पृष्ठ 3 का शेष)

**एक और मिलिटैंट गिरफ्तार** : पुलिस के अनुसार उमराव सिंह से पूछताछ के बाद एक अन्य मिलिटैंट हरभजन सिंह को गिरफ्तार किया गया है, जो मिलिटैंटों के लिए जाली पासपोर्ट तथा अन्य दस्तावेज तैयार करने में सहायता करता था । वह उमराव सिंह के गांव का रहने वाला है । अदालत ने हरभजन सिंह को न्यायिक हिरासत में रखने तथा उमराव सिंह को पुलिस रिमांड में भेज दिया है । उमराव सिंह की गिरफ्तारी के बारे में पुलिस को सूचना भेज दी गई है ।

Punjabi Sanatani

# Top KLF militant gunned down

CHANDIGARH, April 13 (UNI) – In a major success security forces gunned down hardcore militant Manjit Singh, alias Bhola, of Khalistan Liberation Force responsible for more than 700 killings, in Jagraon police district (Ludhiana) today.

Elsewhere in Punjab, four militants and a police Head Constable were killed, one militant escaped from the police custody and three militants were arrested during the past 24 hours.

Punjab police chief K.P.S. Gill told UNI that security forces shot dead Manjit Singh, alias Bhola in an encounter at Konke Kalan village in Jagraon police district (Ludhiana) this morning.

He said the crimes committed by Manjit Singh included massacre of 55 train passengers, 19 bus passengers, seven BSF men and the latest killing in Jagraon of seven persons.

Babbar Khalsa listed militant Amrik Singh was killed in an encounter with security forces at Makka village in Mansa district today. Head Constable Swaran Singh was also killed while constable Rakesh sustained injuries during the encounter.

Security forces gunned down two unidentified militants at mour Nabha in Barnala police district last night. Two pistols and some cartridges were recovered from the slain militants.

In another encounter in Barnala district, one more unidentified militant was killed near Sadhokalan village today.

A militant identified as Umrao Singh Kalgarh escaped from the police custody when he was being taken for recovery of arms in the Nangal Jhinde area of Hoshiarpur district last night.

Security forces arrested two militants identified as Gurjant Singh alias Janta and Jasbir Singh alias Sema, both real brothers, after a brief encounter near Langiana village in Faridkot district last night. Two 12-bore double barrel guns and some cartridges were recovered from their possession.

The security forces arrested one more militant identified as Hakam Singh in Patiala district and recovered 45 explosive sticks from his possession last night.

# Special flights on April 14, 15

**From Our Correspondent**

SHIMLA, April 13 – Special flights have been introduced for the Bhuntar – Stingari – Bhuntar on April 14 and on the Killar-Pathankot-Killar route on April 15.

Stating this here today, an official spokesman has advised the passengers to contact Deputy Commissioner at Kullu and at Keylong and subdivisional officer (Civil) at Nurpur and at Killar.

Punjabi Sanatani

# पंजाब में 3 मिलिटैंट मरे, 1 गिरफ्तार; पैट्रोल पम्प मालिक से 70 हजार रु. लूटे

चंडीगढ़, 20 अप्रैल (वार्ता, प.स.): पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान 3 मिलिटैंट मारे गए, 1 मिलिटैंट गिरफ्तार हुआ, जबकि एक पैट्रोल पम्प मालिक से 70 हजार रुपया लूट लिया गया ।

**मुठभेड़ में मिलिटैंट मरा** : रोपड़ जिला के किलतरां गांव के निकट कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया । घटनास्थल से एक बन्दूक तथा कुछ गोली-सिक्का भी मिला है ।

**एक मिलिटैंट मरा** : मजीठा पुलिस जिला में





*गत दिवस मानसा के निकट मिलिटैंटों और सुरक्षा बलों के मध्य हुए मुकाबले में मारे गए दो मिलिटैंटों (ऊपर) अमरीक सिंह बीरू और (नीचे) दर्शन सिंह हवलदार के शव । (छाया : मेहता)*

बुटारी गांव के निकट कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिलिटैंट मारा गया । घटनास्थल से एक राइफल तथा कुछ कारतूस भी बरामद हुए हैं ।

**एक मिलिटैंट काबू** : कल रात सुरक्षा बलों ने अमृतसर जिला से एक मिलिटैंट को गिरफ्तार किया ।

**पैट्रोल पम्प मालिक लूटा** : मलोट (केवल): कल रात 8 बजे के लगभग स्थानीय बस स्टैंड के निकट एक पैट्रोल पम्प मालिक को लूट लिया गया । वीरेन्द्र कुमार अपना पैट्रोल पम्प बंद करके घर लौट रहा था कि कार सवार संदिग्ध लोगों ने उससे नकदी वाला बैग छीन लिया । बैग में लगभग 70 हजार रुपए थे । पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है ।

**पटियाला जिले में सिर्फ एक गिरोह बाकी** : पटियाला (भूषण): पटियाला जिले में मिलिटैंटों का अब सिर्फ एक गिरोह बाकी रह गया है । यह जानकारी एस.एस.पी. श्री सी.आर. रेड्डी ने दी । उन्होंने कहा कि इस गिरोह के 11 सदस्य थे लेकिन उनमें से गिरोह का डिप्टी चीफ़ मेवा सिंह पुलिस के साथ मुकाबले में मारा गया । वह ईनामी मिलिटैंट था । श्री रेड्डी ने आशा प्रकट की कि इस गिरोह का भी शीघ्र सफाया कर दिया जाएगा ।

उन्होंने बताया कि राजपुरा के पत्रकार श्री भोला नाथ मासूम की हत्या महेंद्र सिंह उर्फ़ गोरखा और कुलवंत सिंह गिल ने की थी । गोरखा साइनायड खाकर मर चुका है, जबकि गिल की तलाश जारी है ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

## 6 लिट्टे उग्रवादी मरे

कोलम्बो, 20 अप्रैल (प.स.): श्रीलंका में सैनिकों ने पूर्वी जंगलों में लिट्टे तमिल छापामारों के खिलाफ शुरू किए गए अभियान के दौरान 6 छापामारों को मार गिराया ।

Punjabi Sanatani

# सुरंग बिछाकर भटिंडा के डी.सी. की हत्या का प्रयास करने वाला परगट सिंह व उसके 2 साथी मुठभेड़ में मरे

## 4 गनमैन व जिलाधीश घायल, एस.एच.ओ., 2 बैंक कर्मियों व ब्लाक कांग्रेस प्रधान की हत्या

# पंजाब में अन्यत्र 4 मिलिटैंट और मरे

चंडीगढ़, 23 अप्रैल (वा., प.स.): पंजाब में आज भटिडा ज़िले में मिलिटैंटों ने बारूदी सुरंग बिछा कर भटिडा के ज़िलाधीश श्री आर.सी. नैयर की हत्या का प्रयास किया जिससे श्री नैयर व उनके 4 सुरक्षा गार्ड घायल हो गए । इसी ज़िले में मिलिटैंटों ने एक बैंक के दो सुरक्षा गार्डों की हत्या कर दी तथा जिलाधीश की हत्या का प्रयास करने वाले 3 मिलिटैंट बाद में मुकाबले में मारे गए । मुठभेड़ में मरने वाले मिलिटैंटों में के.एल.एफ. का दुर्दांत मिलिटैंट परगट सिह उर्फ फौजी भी शामिल है, जोकि 1 हजार हत्याओं में वांछित था । मुकाबले में नहियांवाला पुलिस थाने के एस.एच.ओ. श्री हरजिन्दर सिह की भी मृत्यु हो गई । पंजाब में अन्यत्र एक ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष की मिलिटैंटों ने हत्या कर दी तथा विभिन्न स्थानों पर 4 मिलिटैंट मारे गए ।

**ज़िलाधीश की हत्या का प्रयास** : भटिडा (ग्रोवर, सोच): आज यहां से 26 किलो मीटर दूर भटिडा-भगता मार्ग पर मिलिटैंटों ने बारूदी सुरंग बिछा कर भटिडा के ज़िलाधीश श्री आर.सी. नैयर की कार को उड़ा कर उनकी हत्या करने का प्रयास किया । इस घटना में श्री नैयर, उनका ड्राईवर तथा तीन गनमैन जख्मी हो गए । बारूदी सुरंग में हुए विस्फोट से ज़िलाधीश की कार का अगला हिस्सा तबाह हो गया । उनकी कार के पीछे आ रहे ज़िला पुलिस प्रमुख श्री अनिल कुमार शर्मा और उनके साथियों नें उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया । डाक्टरों के अनुसार उनकी हालत खतरे से बाहर है । दूसरी तरफ पुलिस ने यह बारूदी सुरंग बिछाने वाले मिलिटैंटों का पीछा किया तथा गांव गंगा के पास उन्हें घेर लिया । वहां पर मुकाबला शुरू हो गया । सरकारी सूत्रों के अनुसार इस मुकाबले में 3 मिलिटैंट मारे गए । यह मुकाबला काफी देर तक चला ।

**दो बैंक गार्डों की हत्या** : आज दोपहर में 4 मिलिटैंटों ने गांव कोठागुरु में बैंक के 2 सुरक्षा गार्डों, जिनमें एक एस.पी.ओ. तथा एक होमगार्ड का जवान था, की फायरिंग करके हत्या कर दी थी । यह मिलिटैंट बाद में एक राहगीर का स्कूटर भी छीन कर भाग गए थे । जिलाधिकारी इसी घटना का जायज़ा लेने के लिए जा रहे थे ।

ऐसा समझा जाता है कि मिलिटैंटों ने ज़िलाधीश की हत्या की साज़िश के अंतर्गत ही बैंक की सुरक्षा के लिए तैनात उक्त दो गार्डों की हत्या की ताकि जब ज़िलाधीश इस घटना का जायज़ा लेने के लिए गांव की ओर आएं तो वह मार्ग में बिछाई गई बारूदी सुरंग का शिकार हो जाएं ।

मुठभेड़ में मारे गए मिलिटैंटों के पास से बैंक में मारे गए सुरक्षा गार्डों की राइफल भी मिली ।

**एस.एच.ओ. मुठभेड़ में मरा** : भटिडा जिले के नहियांवाला पुलिस थाने के एस.एच.ओ. की नैरपुर गांव के पास आज दिन में मिलिटैंटों ने एक मुठभेड में हत्या कर दी । एस.एच.ओ. कोठागुरु गांव की ओर जा रहे थे जहां कि मिलिटैंटों ने इससे पूर्व बैंक में तैनात दो सुरक्षा गार्डों की हत्या कर दी थी । मारे गए मिलिटैंटों में से एक की पहचान परगट सिह उर्फ फौजी के रूप में हुई है । के.एल.एफ. से सम्बन्धित इस दुर्दांत मिलिटैंट पर 15 लाख रुपए का पुरस्कार था ।

नहियांवाला थाने के एस.एच.ओ. श्री हरजिंदर सिह की मृत्यु गांव गिद्दड़ व गंगा के मध्य मिलिटैंटों से हुए मुकाबले के दौरान हुई ।

बताया जाता है कि पुलिस द्वारा बाद में मुठभेड़ में मारे गए 3 मिलिटैंटों से एक ए.के. 47 राइफल तथा सैल्फ लोडिंग राइफल भी बरामद की गई ।

बताया जाता है कि मिलिटैंटों ने ज़िलाधीश की कार को रिमोट कंट्रोल द्वारा विस्फोट करके उड़ाने का प्रयास किया था ।

कोठागुरु गांव में मिलिटैंटों द्वारा मारे गए दोनों बैंक सुरक्षा कर्मियों के नाम एस.पी.ओ. हरपाल सिह तथा होमगार्ड जवान जगजीत सिंह हैं ।

43 वर्षीय श्री शर्मा मोहाली ब्लाक कांग्रेस (इ) के अध्यक्ष थे तथा पंजाब ट्रैक्टर्स में काम करते थे । वह अपने घर से ड्यूटी पर सवार होकर जा रहे थे कि दो और साइकिल सवार मिलिटैंटों ने उनके निकट आकर अपने माऊज़र पिस्तौल से उन पर गोलियां चलाईं । श्री शर्मा की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । श्री शर्मा अपने पीछे 2 पुत्र, 2 पुत्रियां तथा विधवा पत्नी श्रीमती गीता शर्मा को छोड़ गए हैं । श्रीमती शर्मा को अपने पति की मृत्यु का जैसे ही पता चला वह बेहोश हो गईं ।

इस घटना की सूचना मिलते ही मोहाली के एस.पी. श्री जगदीश कुमार फौरन घटनास्थल पर पहुंच गए ।

पता चला है कि इस हत्याकांड के संबंध में मोहाली पुलिस ने कुछ लोगों को अपनी हिरासत में ले लिया है । इनमें कुछ मोटर साइकिल सवार भी शामिल हैं । पुलिस ने अभियुक्तों को पकड़ने के लिए सारे मोहाली क्षेत्र में नाकेबंदी कर दी है । चंडीगढ़ पुलिस के कई अधिकारी भी पंजाब पुलिस की सहायता के लिए मौका पर पहुंच गए । चंडीगढ़ के निकट काफी समय बाद कांग्रेस के किसी कार्यकर्त्ता की हत्या की यह घटना हुई है ।

**मुठभेड़ में 1 मिलिटैंट मरा** : होशियारपुर जिले में नासरा गांव के निकट एक अज्ञात मिलिटैंट मुठभेड़ में मारा गया । मुठभेड़ स्थल से एक बन्दूक तथा कुछ कारतूस बरामद किए गए ।

**1 लाख रुपए लूटे** : अमृतसर में कल रात दो मिलिटैंटों ने एक व्यक्ति देवेन्द्र पाल सिह से एक लाख रुपए लूट लिए । वे उसकी मारुति कार भी छीन ले गए ।

**मिलिटैंटों से संबंधों के आरोप में लड़की व उसका पिता बंदी** : अहमदगढ़ से 'तायल' के अनुसार पुलिस ने मिलिटैंटों के साथ कथित संबंधों के आरोप में नजदीकी गांव की एक 16 वर्षीया लड़की और उसके पिता को हिरासत में ले लिया है ।

Punjabi Sanatani

# के.सी.एफ. के उप-प्रमुख डिम्पल सिंह व दो एरिया कमांडरों समेत 9 मिलिटैंट मरे

Punjabi Sanatani

चंडीगढ़, 24 अप्रैल (प.स., वा.): पंजाब में के.सी.एफ. के उप-प्रमुख डिम्पल सिह, उसके लैफ्टिनैंट जनरल पूरन सिह, बब्बर खालसा इंटरनैशनल के लै. जनरल जसवंत सिह उर्फ बंता, एरिया कमांडर तेजिंदर सिह तथा जुगराज सिह सहित 9 मिलिटैंट मारे गए तथा 10 मिलिटैंट गिरफ्तार किए गए हैं । मिलिटैंटों से मुठभेड़ के दौरान एक पुलिस कमांडो की मृत्यु हो गई तथा एक अन्य घायल हो गया । भटिंडा ज़िले में आज प्रातः हुए एक बम विस्फोट में 4 पुलिस कर्मी घायल हो गए ।

**के.सी.एफ. का उप-प्रमुख डिम्पल सिह साथी समेत मारा गया** : बरनाला पुलिस जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स (के.सी.एफ.) का उप-प्रमुख डिम्पल सिह और उसका लैफ्टिनैंट जनरल पूरन सिह मारे गए । डिम्पल सिह हत्या के 500 से अधिक मामलों के लिए ज़िम्मेदार था । बरनाला पुलिस ज़िले के सैनी गांव के निकट तीन घंटे तक चली मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स के उप-प्रमुख डिम्पल सिह और उसके लैफ्टिनैंट जनरल पूरन सिह को मार गिराया । मारे गए मिलिटैंटों से एक ए.के. 47 राइफल, बारह बोर की एक राइफल, चार राकेट और भारी मात्रा में गोली-बारूद बरामद किए गए हैं ।

इसके पूर्व दो मिलिटैंटों ने साथ के एक गांव से एक ट्रैक्टर जबरन छीन लिया था । सुरक्षा बलों ने उस गांव के एस.पी.ओ. चौकी द्वारा सचेत किए जाने के बाद उनका पीछा किया । एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि डिम्पल सिह पर दस लाख रुपए का इनाम था । वह 1988 से मिलिटैंट संगठनों से जुड़ा था ।

(शेष पृष्ठ 12 पर)



*जालंधर के एस.एस.पी. श्री एस.के. शर्मा (ऊपर) सोमबार को एक पत्रकार सम्मेलन में, जिले के गांव चीमा के पास हुई भिड़ंत का विवरण देते हुए । (मध्य) इस भिड़ंत में मारा गया बब्बर खालसा (माझा क्षेत्र) का चीफ कंवलजीत सिंह तथा (नीचे) इसका एक अज्ञात साथी ।*

*(फोटो : शिव)*

# बब्बर खालसा (माझा क्षेत्र) का नव-नियुक्त चीफ कंवलजीत सिंह अपने एक साथी समेत मारा गया

चंडीगढ़, 26 अप्रैल : सुरक्षा बलों ने गत रात जिला जालंधर के गांव चीमा में एक भिड़ंत के दौरान बब्बर खालसा (माझा क्षेत्र) के नवनियुक्त चीफ कंवलजीत सिंह उर्फ नाई उर्फ मास्टर को मार गिराया । भिड़ंत में उसका एक अज्ञात साथी भी मारा गया । इसके अलावा गत 24 घंटों के दौरान पंजाब में सुरक्षा बलों ने दो अज्ञात मिलिटैंटों व एक लुटेरे को मार गिराया जबकि एक मिलिटैंट सुरक्षा बलोंकी हिरासत से भाग निकला । ।

**बब्बर खालसा (माझा क्षेत्र) का चीफ मारा गया** : जालंधर (अर्जुन): गत रात जिला जालंधर के थाना करतारपुर के तहत गांव चीमा में आधे घंटे तक चली मुठभेड़ के दौरान बब्बर खालसा के माझा क्षेत्र का चीफ कंवलजीत सिंह उर्फ नाई उर्फ मास्टर तथा उसका एक अज्ञात साथी मिलिटैंट मारा गया ।

एस.एस.पी. जालंधर श्री एस.के. शर्मा ने आज एक पत्रकार सम्मेलन में बताया कि बब्बर खालसा के दुर्दांत मिलिटैंट धर्म सिंह काश्तीवाल के मारे जाने के बाद कंवलजीत सिंह को माझा क्षेत्र का नया चीफ बनाया गया था । उन्होंने बताया कि घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक माऊजर, ए.के. 47 की एक मैगजीन, 70 के करीब खाली कारतूस व कुछ जिंदा कारतूसों के अलावा उसकी जेब से दो डायरियां व कुछ अन्य कागजात व चिट्ठियां बरामद हुई हैं । इनसे उसकी पहचान हो सकी । उन्होंने कहा कि दूसरे मिलिटैंट की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी ।

कंवलजीत सिंह 29 निर्दोष लोगों व 18 सुरक्षा कर्मियों की हत्याओं के साथ-साथ करीब सात पुलिस वाहनों को विस्फोट से उड़ाने, पुलिस ट्रेनिंग कालेज फिल्लौर में 1990 में हुए बम धमाके आदि की घटनाओं के मामले में पुलिस को वांछित था । उल्लेखनीय है कि 1990 में हुए इस विस्फोट में इंस्पैक्टर हरचरण सिंह सूरी व सब इंस्पैक्टर राम मूर्ति मारे गए थे । पुलिस जिला बटाला के थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के अंतर्गत आते गांव 'धनिए के बंगड़' निवासी कंवलजीत सिंह पर पांच लाख रुपए का ईनाम था ।

एस.एस.पी. के अनुसार दुर्दांत मिलिटैंट बलविंदर सिंह के मारे जाने के बाद कंवलजीत सिंह धर्म सिंह काश्तीवाल के सम्पर्क में आया था । कुछ सूत्रों का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि कंवलजीत सिंह जालंधर में धर्म सिंह काश्तीवाल के पुराने सम्पर्कों को पुनर्जीवित करने व जालंधर को अपना कार्य क्षेत्र बनाने का प्रयास कर रहा था ।

**लुटेरा मरा** : एक अन्य घटना में जिला जालंधर के अंतर्गत आते गांव तलवन में सुरजीत कौर नामक एक विधवा, जो एक माह पूर्व कैनेडा से आई थी, के घर की दीवार फांद कर गत रात दो व्यक्ति घर में घुस आए । सुरजीत कौर का पुत्र कुलविंदर सिंह भी तब घर में था । इन सशस्त्र व्यक्तियों को देख मां-बेटे ने शोर मचा दिया जिससे बौखला कर लुटेरों में से एक ने गोली चला दी जिससे कुलविंदर सिंह घायल हो गया । शोर मचने के कारण वे लुटेरे वहां से भाग गए । पुलिस ने सुरजीत कौर के घर में एक लुटेरे की गिरी चादर, जिस पर खून के निशान थे के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला कि एक लुटेरा घायल है । खून के छींटों के आधार पर लुटेरों का पीछा करके पुलिस ने तुरंत बाद में एक ट्यूबवैल पर छिपे हुए लुटेरे को घेर लिया । लुटेरे के गोली चलाने पर पुलिस ने जवाबी फायरिंग की जिससे वह मारा गया । बाद में उसकी पहचान होशियारपुर पुलिस के निलम्बित सिपाही सुखदेव सिंह के रूप में हुई । उसके पास से एक सैल्फ लोडिंग राइफल बरामद हुई है । दूसरे लुटेरे देव राज उर्फ देबू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । एस.एस.पी. ने बताया कि पकड़ा गया व्यक्ति एक आर.एम.पी. डाक्टर है । दोनों लुटेरे तलवन के निवासी बताए गए हैं ।

एजैंसी रिपोर्ट के अनुसार मारा गया लुटेरा मक्खन सिंह है तथा अनुपस्थिति के आधार पर उसे पुलिस की नौकरी से बर्खास्त किया गया था ।

**दो अज्ञात मिलिटैंट मरे** : जगराओं : पुलिस जिला जगराओं के थाना डेहलों के गांव बहरामपुर में सुरक्षा बलों ने एक भिड़ंत के दौरान दो मिलिटैंटों को मार गिराया । इन की पहचान नहीं हो

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjabi Sanatani

## पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

सकी है । घटनास्थल से .12 बोर की एक बंदूक, कुछ गोली-सिक्का व एक स्कूटर मिला है ।

**भिड़ंत के बाद 5 गिरफ्तार :** फरीदकोट : पुलिस के अनुसार फरीदकोट जिले में दीना गांव के निकट एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद पांच मिलिटेंटों को गिरफ्तार किया गया है ।

**मिलिटेंट फरार :** अमृतसर : एक मिलिटेंट केसर सिंह पुलिस की हिरासत से भाग निकला । तरनतारन पुलिस जिले के डोडा गांव के निकट इस मिलिटेंट को ले जा रहे पुलिस दल पर अन्य मिलिटेंटों ने हमला कर दिया । पुलिस इस गांव में इस मिलिटेंट की निशानदेही पर शस्त्रादि बरामद करके लौट रही थी । पुलिस ने जो बरामदगी की उसमें 5 किलो विस्फोटक, ए.के. 47 राइफल के 50 और 303 के 10 कारतूस शामिल हैं ।

# Victims of sexual terrorism in Punjab

by Diva Arora

OVER a decade of violence in Punjab has left thousands of traumatised women struggling to rebuild broken lives. The worst victims of the militants are young women abducted and forced into marriage at gun-point.

Among them is Bhupinder Kaur who lives in her parents' small mud-plastered house at Talwandi village in Gurdaspur district. Soft-featured and slim, she breaks down when she recalls how she was abducted from her house in May 1986 by Gurmej Singh Geja of the Bhindranwale Tigers Force of Khalistan.

"Geja warned my father that if he did not give his consent to the marriage he would shoot him on the spot. What could my father do? My life became a nightmare after that, as we moved from one secret hideout to another to escape the police. Within two years of our marriage, Geja was killed, leaving me with two children to support.

"I was arrested and jailed. The police extracted all the information they could and after some weeks released me," syas Bhupinder Kaur.

She returned to her father's house, only to be abducted once again, this time by militant Sukhdev Singh.

She shakes her head disconsolately, remembering those frightening days. "I felt like a pawn. I faced so much uncertainty. No one knew what the next day had in store. I bore Sukhdev a child and now had three children to worry about. When Sukhdev was killed, I knew it was only a matter of time before the police would catch up with us."

She denies acquiring any assets from the militants and the simple house, sans furniture or fancy electronic items, reinforces her statement. She wants to resume her studies and get a school teacher's job.

Kanwal Kaur of Kame village in Amritsar district was only 14 when militant Avtar Singh Padri broke into her house and abducted her. Her younger brother, Kashmir Singh, tried to stop him and was killed on the spot while her old parents were beaten up. Padri was 26 years older than her and was a drug addict and alcoholic.

Padri was killed in an encounter with the police several months ago but Kanwal continues to live in a tiny room all by herself. "With what face do I go back home?" she asks. "The image of my blood-spattered brother haunts me. My life is over", she says. She has regressed into her own world, unable to come to terms with life around her.

Majitha Superintendent of Police (Operations) H.R. Banga says he knows of at least 200 such cases. "Most of the terrorists were older and their victims were invariably young women of 14-15 studying in class nine or ten. These women were often used as messengers. That is why during the last year more than 15 women were killed in encounters.

"Look at the case of Kulwinder Kaur Malka from a village in Batala. She was abducted by Joga Singh. At 14 she was considered the most beautiful girl in the village and her parents had received proposals from well-to-do farmers when the tragedy occurred. She lived with him for four years and last month was killed in an encounter. Her parents are heart-broken," says the SP.

Militants are known to have extorted as much as Rs 100 crore during the last five years. But most of this wealth, used to buy land and trucks, has been cornered by their families, and their widows disowned. The women are only left with children who face such social stigma and hatred that their parents have moved them to the homes of relatives to avoid harassment.

One of the few individuals who supports these victims is Luxmi Kanta Chawla, a social worker of Amritsar.

"There are thousands of such young women. The government has devised no rehabilitation scheme for them. I demanded in the Assembly that a short-stay home should be established. The Chief Minister gave an assurance but has done nothing," says Chawla, a gutsy woman who spoke out against militants despite death threats.

Chawla also supports another group at the other end of the political spectrum – women whose husbands were killed by the militants. She estimates there are 9000 such widows.

Rebuilding their lives has not been easy either but at least they have received public sympathy and financial support from the government. The more educated ones have been offered jobs by their husbands' employers.

Asha Rani lives in Chheharta, a bustling industrial area in Amritsar. An ashen-faced serious woman with dark circles under her eyes, it is obvious that the task of caring for five daughters aged between 22 and 15 and a son of 14 has taken a heavy toll on her health.

Her husband, a doctor, was killed in 1987.

Punjabi Sanatani

# Punjab cop, 4 militants die in Maharashtra

AMRAVATI, June 23 (PTI) — Ten persons, including four militants, three women and two children, were killed in a shootout last night with police at Ramkrishna Colony near the Central Jail here, police said today.

A 12-member posse from Harike police station in Tarn Taran district of Punjab, led by police Inspector Baljinder Singh, landed here yesterday evening on receiving information that the militants were staying with a family in the colony for the past three months.

The militants opened fire with AK-47 rifles when the posse, assisted by the Amravati Police, raided the house. In the ensuing shootout the women, children and the militants — Kartar Singh (55), Kashmira Singh (30), Balvir Singh (28), and Pargat Singh (28) — who were in the house, and Lance Naik Balwinder Singh of the Harike Police Station were killed.

However, the police managed to rescue five-year-old Sonu Singh, who was trying to seek shelter in the house.

## पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

भंडारी) : गत रात जगजीत सिंह नामक एक उग्रवादी सुरक्षा बलों की हिरासत से फरार होने में सफल हो गया। बताया जाता है कि जगजीत सिंह को पुलिस हथियारों की बरामदगी के लिए ले जा रही थी कि मार्ग में बारदेके गांव के निकट छुपे हुए उग्रवादियों ने घात लगा कर हमला कर दिया। सुरक्षा बलों द्वारा जवाबी कार्रवाई की गई। इस दौरान जगजीत सिंह हथकड़ी समेत फरार होने में सफल हो गया। वह के. एल. एफ. का सक्रिय सदस्य था तथा 100 से अधिक हत्याओं की वारदातों में वांछित था। घटनास्थल से ए. के. 47 के 11 चले हुए कारतूस मिले हैं।

Punjabi Sanatani

# महाराष्ट्र के अमरावती में पंजाब पुलिस व उग्रवादियों के मध्य मुठभेड़ में 4 मिलिटैंटों व एक कांस्टेबल सहित 10 लोग मारे गए

चंडीगढ़, 23 जून (वार्ता, प.स.) : महाराष्ट्र के अमरावती क्षेत्र में कल रात पंजाब पुलिस के राकेट दस्ते और उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ में चार मिलिटैंटों और पंजाब पुलिस के एक कांस्टेबल समेत कुल 10 व्यक्ति मारे गए। मृत उग्रवादियों में गरम दल खालसा का प्रमुख अनोख सिंह भी शामिल है।

तरनतारन पुलिस जिले के पुलिस अधीक्षक (आप्रेशन) खूबी राम ने आज सुबह फोन पर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चार उग्रवादियों के अलावा उनकी तीन सहयोगी महिलाएं तथा दो बच्चे भी मुठभेड़ के दौरान मारे गए। इस घटना में पंजाब पुलिस का एक कांस्टेबल मारा गया जबकि एक कांस्टेबल घायल हो गया।

इधर पंजाब में कल रात से 2 उग्रवादी मारे गए जबकि एक उग्रवादी पुलिस हिरासत से भागने में सफल हो गया।

प्राप्त विवरण के अनुसार अमरावती में मुठभेड़ केन्द्रीय जेल के निकट रामकृष्ण कालोनी में हुई। पुलिस सूत्रों ने आज बताया कि पुलिस निरीक्षक बलजिंदर सिंह के नेतृत्व में तरनतारन पुलिस जिले के हरिके थाने का एक बारह सदस्यीय पुलिस दल कल शाम इस सूचना के आधार पर वहां पहुंचा कि [illegible] उग्रवादी पिछले तीन महीनों से एक [illegible] वहां रह रहे हैं।

**मृतकों में गर्म दल खालसा का प्रमुख अनोख सिंह शामिल; पंजाब में 2 उग्रवादी मरे; एक फरार**

अमरावती पुलिस की सहायता से जब यह पुलिस बल वहां पहुंचा तो उग्रवादियों ने ए.के. 47 राइफलों से उन पर हमला कर दिया। गोलीबारी में घर में रह रहे करतार सिंह (55 वर्ष), कश्मीरा सिंह (30), बलबीर सिंह (28) तथा परगट सिंह (28) मारे गए। इसके अलावा हरिके पुलिस थाने का नायक कांस्टेबल [illegible] सिंह भी मारा गया।

पुलिस ने [illegible] से ही छूटने की कोशिश कर रहे पांच [illegible] सिंह को सुरक्षित बचा लिया। पुलिस [illegible] अनुसार गोलीबारी में घायल पंजाब पुलिस के कांस्टेबल [illegible] सिंह को स्थानीय जनरल अस्पताल में दाखिल किया गया है।

तरनतारन के पुलिस अधीक्षक (आपरेशन) श्री खूबी राम के अनुसार मृतकों में अनोख सिंह का पुत्र [illegible] सिंह, [illegible] सिंह व शिंगारा सिंह शामिल हैं। मृतक हैड कांस्टेबल का नाम [illegible] सिंह जबकि घायल कांस्टेबल का नाम [illegible] सिंह है।

अमृतसर से 'वार्ता' के अनुसार श्री खूबी राम ने बताया कि यह पुलिस दल 'गर्म फौज-ए-खालिस्तान' के चीफ अनूप सिंह अनोखा को पकड़ने महाराष्ट्र गया था।

अमृतसर में उपलब्ध सूचनाओं के अनुसार अनोखा सिंह अपने पैतृक गांव में अपनी सम्पत्ति बेच कर एक [illegible] के रूप में स्थापित होने के लिए महाराष्ट्र चला गया था। पुलिस को उसका पता-ठिकाना हाल ही में गिरफ्तार किए गए दो उग्रवादियों ने बताया। तुरंत पंजाब पुलिस की एक टीम को वहां भेजा गया जिसने अमरावती में राम कृष्ण कालोनी स्थित किराए के एक मकान की निगरानी करनी शुरू कर दी।

[illegible] पुलिस कर्मियों ने [illegible] के पास एक उग्रवादी को दबोच लिया जिसने घर में अन्य उग्रवादियों के होने की पुष्टि की। बाद में मुठभेड़ में 3 उग्रवादी व एक कांस्टेबल मारा गया।

**2 उग्रवादी मरे :** कपूरथला जिले के [illegible] सिंह [illegible] गांव के निकट कल रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के दौरान दो अज्ञात उग्रवादी मारे गए। उनसे पास एक राइफल, एक [illegible] तथा लगभग दो किलोग्राम विस्फोटक सामग्री बरामद की गई।

**उग्रवादी फरार :** [illegible] (मन्द्रोपा)

# भारत-चीन सीमा वार्ता का छठा दौर कल से दिल्ली में

नई दिल्ली, 23 जून (वार्ता): भारत और चीन के बीच सीमा विवाद पर चल रही बातचीत का छठा दौर शुक्रवार से राजधानी में शुरू हो रहा है। इस बातचीत में हिस्सा लेने के लिए चीन के उप विदेशमंत्री तांग झियाझुआन आज रात राजधानी पहुंच रहे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने आज शाम यहां संवाददाताओं को बताया कि बातचीत 25 तथा 26 जून को होगी।

विदेश सचिव जे.एन. दीक्षित बातचीत में भारतीय शिष्टमंडल का नेतृत्व करेंगे। बातचीत का पांचवा दौर पिछले वर्ष अक्तूबर में हुआ था।

प्रवक्ता ने बताया कि सीमा विवाद का समाधान ढूंढने के लिए गठित संयुक्त कार्यदल की पिछली पांच दौरों की वार्ता से दोनों पक्षों को सीमा विवाद के जटिल मुद्दे पर एक-दूसरे का पक्ष अच्छी तरह से समझने में मदद मिली है तथा समस्या का एक-दूसरे को स्वीकार्य हल ढूंढने की दिशा में दोनों देशों ने बातचीत का सिलसिला जारी रखा है। प्रवक्ता के अनुसार कार्यदल दोनों पक्षों के बीच विश्वास बनाने के तरीके ढूंढने तथा आपसी [illegible] के लिए एक महत्वपूर्ण मंच रहा है।

प्रवक्ता ने बताया कि कार्यदल की बैठकों में [illegible] तथा [illegible] क्षेत्र में दो स्थानों पर दोनों देशों के सैन्य कमांडरों के बीच नियमित बातचीत का सिलसिला भी बना है। यह बातचीत वर्ष में दो बार [illegible] तथा अक्तूबर में होती है। [illegible] होती है, ये सैन्य कमांडर मिलते हैं। प्रवक्ता ने बताया कि कार्यदल की आगामी बैठक में द्विपक्षीय तथा आपसी हित के क्षेत्रीय मामलों पर भी चर्चा की जाएगी।

| **मौसम** | 23.6.93 |
|---|---|
| **चंडीगढ़ (संधी)** | |
| तापमान : अधिकतम : 38.2°C न्यूनतम : 31.0°C | |
| आर्द्रता : अधिकतम 74% न्यूनतम : 43% | |
| *भविष्यवाणी : धूल भरी आंधी चलने की संभावना* | |
| **लुधियाना (पी.ए.यू.)** | |
| तापमान : अधिकतम : 38.2°C न्यूनतम : 31.6°C | |
| आर्द्रता : प्रातः 61% सायं : 61% | |

Punjabi Sanatani

# दिल्ली में युवा इंका मुख्यालय के समक्ष बम धमाका, 11 मरे, 50 घायल, बिट्टा बाल-बाल बचे

## घटना में पंजाब के उग्रवादियों का हाथ होने का संदेह: विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा बम हमले की निंदा

नई दिल्ली, 11 सितम्बर (वार्ता, प.स.): आज दोपहर अढाई बजे के करीब भारतीय युवा कांग्रेस (इ) कार्यालय के समक्ष हुए विस्फोट में कम से कम 11 व्यक्तियों के मरने तथा 50 अन्य के घायल होने की खबर है। पुलिस को संदेह है कि यह युवा कांग्रेस (इ) अध्यक्ष मनिन्दरजीत सिंह बिट्टा की हत्या का प्रयास था। बम विस्फोट युवा कांग्रेस के रायसीना रोड स्थित कार्यालय के सामने उस समय हुआ, जब श्री बिट्टा अपने सुरक्षा वाहनों के साथ कार्यालय से बाहर जा रहे थे।

दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस (इ) महासचिव प्रमोद तिवारी ने कहा कि श्री बिट्टा को भी चोटें आई हैं। उन्होंने कहा कि श्री बिट्टा दिल्ली से बाहर एक शहर में आयोजित एक समारोह में भाग लेने जा रहे थे। मृतकों में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस का एक सिपाही तथा एक कमांडो शामिल बताए जाते हैं। ये श्री बिट्टा की सुरक्षा के लिए तैनात थे।

श्री बिट्टा आज अपनी बुलेटप्रूफ कार के ठीक नहीं होने के कारण एक साधारण कार में सफर कर रहे थे। प्रदेश कांग्रेस (इ) सचिव नरेन्द्र कुमार, जो घटना के प्रत्यक्षदर्शी हैं, ने कहा कि उन्होंने कम से कम तीन विस्फोट सुने थे। उन्होंने कहा कि प्रतीत होता है कि शक्तिशाली बम विस्फोट युवा कांग्रेस (इ) कार्यालय के बाहर सड़क पर खड़े एक वाहन में ठीक उस समय हुआ, जब श्री बिट्टा के वाहनों का काफिला कार्यालय परिसर से निकला।

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ के कई कार्यकर्त्ता भी घायलों में शामिल हैं। इनमें महिलाएं भी हैं। प्राप्त सूचनानुसार श्री बिट्टा जिस कार में थे, उसका शीशा टूट कर उन्हें लगा। श्री बिट्टा के सुरक्षा कर्मी उन्हें उठा कर कार्यालय में ले गए। श्री बिट्टा, जो इससे पूर्व के आतंकवादी हमलों के कारण अपने पैरों पर खड़े होने में पहले ही असमर्थ हैं, ने इसे समाज विरोधी तत्वों की कार्रवाई बताया है तथा लोगों से उत्तेजित न होने और शांति बनाए रखने का आह्वान किया है।

विस्फोट के तुरन्त बाद श्री बिट्टा ने यूनीवार्ता को बताया कि वह यहां 23 सितम्बर को युवा रैली के बारे में अपने सहयोगियों के साथ बैठक के बाद लंच के लिए बाहर निकल रहे थे। श्री बिट्टा ने कहा कि उन्हें जोरदार धमाका सुनाई दिया। इसके बाद तुरन्त पता नहीं चल सका कि आखिर हुआ क्या है। विस्फोट से वह सकते में आ गए और एकदम कोई टिप्पणी करने की स्थिति में नहीं थे।

श्री बिट्टा की चिकित्सकीय जांच के लिए उन्हें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया गया। अस्पताल जाने से पहले श्री बिट्टा ने अपने को 'सामान्य' बताया। वैसे इस घटना के बाद उनका



(1)





(3)



(4)



विस्फोट इतना जबरदस्त था कि इसकी आवाज़ कई किलोमीटर दूर इलाके में सुनाई दी। विस्फोट की वजह से बहुमंजिले मेरीडियन होटल की इमारत के अधिकतर शीशे टूट गए और धुएं के कारण काफी समय तक कुछ भी दिखाई नहीं दिया। विस्फोटस्थल से मुश्किल से पचास गज दूरी पर स्थित प्रैस क्लब में दोपहर के भोज के लिए एकत्रित पत्रकार, फोटोग्राफर धमाका सुनते ही बाहर भागे। जलती हुई कारों और अन्य वाहनों के भीतर से कई लोगों को बाहर निकाला गया और उन्हें गंभीर अवस्था में निकट के अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार इस विस्फोट में पंजाब के उग्रवादियों का हाथ होने का शक है। सूत्रों का यह भी अनुमान है कि विस्फोटक सामग्री के रूप में आर.डी.एक्स. का इस्तेमाल किया गया होगा। सूत्रों ने इस विस्फोट में रिमोट कंट्रोल का इस्तेमाल किए जाने की संभावना से इंकार नहीं किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार इस विस्फोट की जिम्मेदारी अभी किसी उग्रवादी संगठन ने नहीं ली है। जिस जगह विस्फोट हुआ, वहां से कृषि भवन तथा शास्त्री भवन जैसी महत्वपूर्ण सरकारी इमारतें कुछ ही दूर हैं।

विस्फोट से जो वाहन नष्ट हुए हैं, उनमें एक फिएट, एक मारुति कार, एक मारुति वैन, श्री बिट्टा के सुरक्षा कर्मियों की एम्बैसडर कार भी शामिल है। श्री बिट्टा के छह सुरक्षा कर्मी कमांडो इस कार में थे। सुरक्षा कर्मियों की कार श्री बिट्टा की कार को एस्कार्ट कर रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों का अनुमान है कि बम किसी कार या स्कूटर में रखा गया था। विस्फोट में श्री बिट्टा के कई कमांडो, सुरक्षा कर्मी बुरी तरह घायल हुए हैं।

इस जबरदस्त धमाके के कारण अत्यंत सुरक्षित समझे जाने वाले संसद भवन और आसपास के प्रमुख केन्द्रीय मंत्रालयों के भवन हिल उठे। शनिवार होने के कारण आज सरकारी कार्यालयों में अवकाश था। पुलिस ने पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर ली है। धमाके के तुरन्त बाद घटनास्थल पर आधे घंटे तक आग की लपटों और धुएं को दूर-दूर से देखा जा सकता था।

घटनास्थल के आसपास रायसीना रोड पर जवाहर भवन और प्रैस क्लब के निकट वाहनों के पुर्जे और हताहतों के अंग-प्रत्यंग बिखरे पड़े थे। रायसीना रोड पर एक मृतक का धड़ युवा कांग्रेस मुख्यालय के बाहर पड़ा देखा गया, जबकि उसका सिर पचास फुट दूर सड़क के उस पार पड़ा था। जिस स्थान पर विस्फोट हुआ, वहां पर दो गड्ढे बने हुए थे। वाहनों के पुर्जे, स्टियरिंग, इंजन आदि दूर-दूर तक बिखरे पड़े थे। धमाका इतना जबरदस्त था कि आसपास के पेड़ों

Punjabi Sanatani

## युवा इंका मुख्यालय के समक्ष बम विस्फोट

(पृष्ठ 1 का शेष)

समझा जाता है कि ये रिमोट कंट्रोल बम युवा कांग्रेस के मुख्यालय के बाहर एक पेड़ के नीचे खड़े किए गए दो स्कूटरों में रखे हुए थे और श्री बिट्टा की कारों का काफिला उनके नजदीक से होकर गुजरने वाला था ।

श्री कौशल ने बताया कि अब तक की जांच-पड़ताल से लगता है कि दो बम एक कार में रखे गए थे । विस्फोट में इस कार के परखचे उड़ गए । इसका इंजन करीब 40 फुट दूर जाकर गिरा, जबकि कुछ अन्य हिस्से अलग-अलग स्थानों पर गिरे । पुलिस आयुक्त ने बताया कि श्री बिट्टा पर यह तीसरा बड़ा हमला था । इस वारदात को देखने से लगता है कि हमलावर बड़ी बारीकी से श्री बिट्टा की गतिविधियों पर निगाह रखे हुए थे और उनकी कार बाहर आते ही रिमोट कंट्रोल से विस्फोट कर दिए गए । उन्होंने बताया कि इस विस्फोट में आर.डी.एक्स. अथवा पी.ई.टी.एन. नामक विस्फोटक सामग्री इस्तेमाल की गई लगती है । ऐसा लगता है कि ये बम कम से कम 20 किलोग्राम के थे । इतने भारी बम किसी स्कूटर में नहीं आ सकते हैं ।

बम विस्फोटों में मारे गए व्यक्तियों की शिनाख्त भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के कांस्टेबल राम निवास और लांस नायक सुखबीर सिंह, शकरपुर (पूर्वी दिल्ली) के एस.डी. उपाध्याय और करोल बाग के राम मूरत के रूप में की गई है ।

जांच के लिए पुलिस ने एक विशेष दस्ता बनाया है । पुलिस को घटनास्थल से कुछ महत्वपूर्ण सामग्री भी मिली है । इसके साथ ही दूर-दूर तक पड़े गाड़ियों के पुर्जों को भी इकट्ठा किया जा रहा है ताकि उस कार की पहचान की जा सके, जिसमें यह विस्फोट रखा गया था ।

श्री कौशल ने बताया कि पुलिस को मौके से एक रिमोट कंट्रोल जैसा सैट मिला है । इसमें बैटरी लगी थी तथा तार बाहर निकले थे । इससे लगता है कि विस्फोट को अधिक मारक बनाने में इसका इस्तेमाल किया गया था । उन्होंने बताया कि युवा कांग्रेस (इ) के रायसीना रोड स्थित मुख्यालय में यमुना पार के इलाके से आए कार्यकर्त्ताओं को कुछ देर पहले ही श्री बिट्टा ने सम्बोधित किया था । इसके बाद कुछ टैम्पो इन कार्यकर्त्ताओं को लेकर वापस चले गए थे लेकिन कुछ अन्य टैम्पो में सड़क के दूसरी ओर कार्यकर्त्ता खाना खाने लगे थे, लेकिन इस दौरान कोई विस्फोट नहीं हुआ था । पुलिस आयुक्त ने बताया कि श्री बिट्टा की एक पायलट कार पहले निकल गई थी । इसके बाद एम्बैसेडर कार निकली और इसके ठीक पीछे श्री बिट्टा की गाड़ी बाहर आई । श्री बिट्टा गाड़ी की अगली सीट पर बैठे थे । उन्होंने कहा कि इससे साफ है कि वारदात करने वाला व्यक्ति निरन्तर श्री बिट्टा पर निगाह रखे था और वह सिर्फ उन्हें ही अपना निशाना बनाना चाहता था ।

Punjabi Sanatani

खबर है। पुलिस को संदेह है कि यह युवा कांग्रेस (इ) अध्यक्ष मनिन्दरजीत सिंह बिट्टा की हत्या का प्रयास था। बम विस्फोट युवा कांग्रेस के रायसीना रोड स्थित कार्यालय के सामने उस समय हुआ, जब श्री बिट्टा अपने सुरक्षा वाहनों के साथ कार्यालय से बाहर जा रहे थे।

दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस (इ) महासचिव प्रमोद तिवारी ने कहा कि श्री बिट्टा को भी चोटें आई हैं। उन्होंने कहा कि श्री बिट्टा दिल्ली से बाहर एक शहर में आयोजित एक समारोह में भाग लेने जा रहे थे। मृतकों में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस का एक सिपाही तथा एक कमांडो शामिल बताए जाते हैं। ये श्री बिट्टा की सुरक्षा के लिए तैनात थे।

श्री बिट्टा आज अपनी बुलेटप्रूफ कार के ठीक नहीं होने के कारण एक साधारण कार में सफर कर रहे थे। प्रदेश कांग्रेस (इ) सचिव नरेन्द्र कुमार, जो घटना के प्रत्यक्षदर्शी हैं, ने कहा कि उन्होंने कम से कम तीन विस्फोट सुने थे। उन्होंने कहा कि प्रतीत होता है कि शक्तिशाली बम विस्फोट युवा कांग्रेस (इ) कार्यालय के बाहर सड़क पर खड़े एक वाहन में ठीक उस समय हुआ, जब श्री बिट्टा के वाहनों का काफिला कार्यालय परिसर से निकला।

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ के कई कार्यकर्त्ता भी घायलों में शामिल हैं। इनमें महिलाएं भी हैं। प्राप्त सूचनानुसार श्री बिट्टा जिस कार में थे, उसका शीशा टूट कर उन्हें लगा। श्री बिट्टा के सुरक्षा कर्मी उन्हें उठा कर कार्यालय में ले गए। श्री बिट्टा, जो इससे पूर्व के आतंकवादी हमलों के कारण अपने पैरों पर खड़े होने में पहले ही असमर्थ हैं, ने इसे समाज विरोधी तत्वों की कार्रवाई बताया है तथा लोगों से उत्तेजित न होने और शांति बनाए रखने का आह्वान किया है।

विस्फोट के तुरन्त बाद श्री बिट्टा ने यूनीवार्ता को बताया कि वह यहां 23 सितम्बर को युवा रैली के बारे में अपने सहयोगियों के साथ बैठक के बाद लंच के लिए बाहर निकल रहे थे । श्री बिट्टा ने कहा कि उन्हें जोरदार धमाका सुनाई दिया । इसके बाद तुरन्त पता नहीं चल सका कि आखिर हुआ क्या है । विस्फोट से वह सकते में आ गए और एकदम कोई टिप्पणी करने की स्थिति में नहीं थे ।

श्री बिट्टा की चिकित्सकीय जांच के लिए उन्हें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया गया । अस्पताल जाने से पहले श्री बिट्टा ने अपने को 'सामान्य' बताया । वैसे इस घटना के बाद उनका चेहरा जर्द दिखाई दे रहा था । विस्फोट के बाद कई वरिष्ठ कांग्रेस (इ) नेताओं ने फोन पर श्री बिट्टा से उनका हालचाल पूछा और उन्होंने फोन पर बातचीत भी की ।

श्री बिट्टा ने कहा कि आज उनकी बुलेट प्रूफ कार मुरम्मत के लिए भेजी गई थी । उन्होंने कहा कि बम शायद कार्यालय के गेट के पास खड़ी कार में रखा हुआ था । श्री बिट्टा के सुरक्षा गार्ड बलविन्दर सिंह ने कहा कि उसकी कार श्री बिट्टा की कार से आगे थी । जैसे ही श्री बिट्टा की कार गेट के पास पहुंची, गेट के पास खड़ी एक फिएट कार में विस्फोट हो गया ।

जिस स्थान पर विस्फोट हुआ, वह संसद भवन से लगभग आधा किलोमीटर और पांच सितारा मेरीडियन होटल से लगभग सौ मीटर की दूरी पर है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इस जबरदस्त विस्फोट से सड़क पर 6 कारें, 5 दोपहिये वाहन तथा कुछ साइकिल चकनाचूर हो गए। कुछ वाहनों में आग भी लगी देखी गई। बम विस्फोट स्थल से पचास गज दूर एक बस के सभी शीशे टूट गए, जिससे कई यात्री घायल हो गए। उन्हें तत्परता से इलाज के लिए वहां से ले जाया गया।



(1)




(2)



(3)



(4)



(5)

*(1) दिल्ली में युवा इंका मुख्यालय के बाहर बम विस्फोटों से क्षतिग्रस्त वाहनों का मलबा । (2) अपने कार्यालय में परेशान श्री मनिंदरजीत सिंह बिट्टा घटना की जानकारी देते हुए । (3) एक राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड कर्मी के क्षत-विक्षत शव को घटनास्थल से पुलिस जिप्सी में ले जाते हुए सुरक्षा कर्मचारी । (4) बम खोजी दस्ते के सदस्य बम विस्फोट के पश्चात मिले रिमोट कंट्रोल उपकरण का निरीक्षण करते हुए । (5) एक खोजी कुत्ता घटनास्थल पर किसी सुराग को ढूंढते हुए ।*

*(छाया : प्रै.ट्र.)*

Punjabi Sanatam

N NOTICE
BOYS
GET HANDSOME
15,000/- To Rs.
OR ABOVE BY

जनादेश यात्रा जनादेश यात्रा
लोकतंत्र की हत्या

## पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

**लै. जनरल कर्मजीत सिंह उर्फ बिट्टू मारा गया** : गुरदासपुर (विनोद): बीती रात जिला पुलिस गुरदासपुर में काहनूवान पुलिस स्टेशन के अन्तर्गत गांव लाधूपुर के पास पुलिस के साथ मुठभेड़ में भिंडरांवाला सैफरन टाईगर्ज आफ खालिस्तान का स्वयं-भू लैफ्टिनैंट जनरल खतरनाक आतंकवादी कर्मजीत सिंह उर्फ बिट्टू निवासी रामपुर (यू.पी.) मारा गया जबकि उसका एक साथी भागने में सफल हो गया । मृतक यू.पी. में 200 से अधिक हत्याओं में पुलिस को वांछित था ।

पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री वी.के. बांवरा ने बताया कि गत शाम किसी सम्पर्क सूत्र ने डी.एस.पी. मक्खन सिंह गिल को यह सूचना दी कि कुछ अज्ञात आतंकवादी काहनूवान इलाके में शस्त्रों सहित घूम रहे हैं और कोई घटना कर सकते हैं जिस पर श्री मक्खन सिंह ने काहनूवान पुलिस स्टेशन के इंचार्ज को साथ लेकर कल रात को ही इस क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी । जब डी.एस.पी. मक्खन सिंह व काहनूवान पुलिस स्टेशन के इंचार्ज पर आधारित पुलिस पार्टी गांव लाधूपुर के पास पहुंची तो वहां दो आतंकवादियों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस पार्टी द्वारा भी जवाबी फायरिंग की गई । लगभग एक घंटे की मुठभेड़ के बाद जब फायरिंग बन्द हुई तो क्षेत्र की छानबीन करने पर वहां से एक आतंकवादी की लाश मिली, जबकि दूसरा आतंकवादी भागने में सफल हो गया ।

श्री बांवरा ने बताया कि घटनास्थल से एक ए.के. 56 राइफल, दो 303 बोर की राइफलें, एक 315 बोर की राइफल, 2 मैगजीन, 40 पैकेट विस्फोटक पदार्थ, 75 डैटोनेटर, 2 बैटरियां तथा भिंडरांवाला सैफरन टाईगर्ज आफ खालिस्तान के लैटर पैड तथा कुछ पत्र बरामद हुए ।

श्री बांवरा ने बताया कि मृतक कर्मजीत सिंह उर्फ बिट्टू की पहचान बरामद पत्रों से हुई । वह उत्तर प्रदेश में करोड़ों रुपए की लूटमार में भी पुलिस को वांछित था । मृतक एक खतरनाक आतंकवादी था और सम्भावना है कि उत्तर प्रदेश में पुलिस का दबाव बढ़ जाने के कारण वह भाग कर पंजाब आया था ।

**लुटेरा काबू** : बीती रात धारीवाल पुलिस ने इस इलाके में लूटमार करने वाले एक अपराधी बलदेव सिंह निवासी खड्डर साहिब को गिरफ्तार किया है । इससे एक पिस्तौल बरामद किया गया है । यह जानकारी एस.पी. (मुख्यालय) श्री वी.के. बांवरा ने दी ।

**बिट्टा पर हमले के संबंध में 150 गिरफ्तार** : अमृतसर (वार्ता): पंजाब पुलिस ने दिल्ली बम कांड के संबंध में आज तड़के छापे मार कर सीमा रेंज में 150 से भी अधिक व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया । एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि बटाला जिला पुलिस प्रमुख रोहित चौधरी के नेतृत्व में एक पुलिस दल दिल्ली भेजा गया है जहां यह दिल्ली पुलिस की खालिस्तान लिबरेशन फोर्स (के.एल.एफ.) के आतंकवादियों को पकड़ने में सहायता करेगा जिन्होंने गत शनिवार को रिमोट कंट्रोल द्वारा कार बम विस्फोट किया था । यह हमला युथ इंका अध्यक्ष श्री मनिन्दरजीत सिंह बिट्टा की हत्या करने के उद्देश्य से किया गया था ।

पुलिस दलों ने अर्धसुरक्षा बलों की सहायता से संदिग्ध उग्रवादियों के सभी छुपने के ठिकानों, जिनमें मृतक उग्रवादियों के कई घर भी शामिल हैं, पर छापे मारे । प्रवक्ता ने कहा कि इनमें से बड़ी संख्या में लोगों को उचित पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया । जांच अभी जारी है ।

**कुलदीप सिंह कीपा के दिल्ली में होने की आशंका** : नई दिल्ली (दिनेश शर्मा): खूंखार उग्रवादी कुलदीप सिंह कीपा के दिल्ली में छिपने की सूचनाएं मिली हैं । वेश बदलने में माहिर कीपा बम फिट करने तथा छापामार कार्रवाइयां करने में सिद्धहस्त बताया जाता है । गत 11 सितम्बर को युवा कांग्रेस मुख्यालय पर हुए घातक बम विस्फोट के पीछे कीपा का हाथ बताया जा रहा है । सूत्रों के अनुसार रिमोट कंट्रोल की नई तकनीक से विस्फोट करने के लिए पंजाब और कश्मीर के संयुक्त गिरोह ने संसद की नाक के नीचे जिस ढंग से जानलेवा हमला किया है उसमें मूल रूप से कीपा का दिमाग चल रहा था । उल्लेखनीय है कि कीपा के पाकिस्तानी गुप्तचर एजेंसी आई.एस.आई. से सीधे सम्बन्ध रहे हैं तथा पंजाब व उत्तर प्रदेश में पुलिस आपरेशन के समय कीपा ने वेश बदल कर दिल्ली में कई बार कुछ संदिग्ध स्थानों पर शरण ली है ।

सूत्रों का कहना है कि जब पुलिस कीपा को पंजाब और तराई प्रदेशों में तलाश करती रही तब कई बार वेश बदल कर उक्त खतरनाक उग्रवादी अपने कुछ सहयोगियों के साथ दिल्ली में एक धर्म स्थल की कार सेवा में शामिल होने आता रहा है और अपने इन कथित धार्मिक दौरों के दौरान कुछ संदिग्ध तत्वों की मदद से उसने पाक दूतावास के भी चक्कर लगाए । गुप्तचर इस खबर से बेखबर रहे हैं कि इस खूंखार उग्रवादी ने कुछ पेशेवरों की मदद से तस्करों द्वारा भेजी गई विस्फोटक सामग्री (आर.डी. एक्स) का जखीरा दिल्ली में भी कुछ स्थानों पर किस्तों में पहुंचाने में सफलता पा ली है ।

विश्वस्त सूत्रों का कहना है कि श्री मनिन्द्रजीत सिंह बिट्टा पर हमला करने वाले अत्याधुनिक साधनों से सज्जित उग्रवादी अभी भी दिल्ली में छिपे हुए हैं जिनका अगला निशाना युवा कांग्रेस (इ) की दिल्ली की लाल किला मैदान में आगामी 24 सितम्बर को होने जा रही विशाल रैली है । यह रैली युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्री बिट्टा की अध्यक्षता में होगी, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रधानमंत्री श्री राव ने शामिल होना है । गुप्तचर एजेंसियों तथा गृह मंत्रालय कीपा सहित अन्य उग्रवादियों के अगले निशाने से अत्यंत चिंतित है । वरिष्ठ अधिकारियों की राय है कि प्रधानमंत्री को इस रैली में शामिल नहीं होना चाहिए, जबकि उनके कुछ सहयोगियों का कहना है कि यदि यह रैली स्थगित कर दी गई अथवा प्रधानमंत्री इसमें शामिल न हुए तो उग्रवादियों का हौसला बढ़ जाएगा और इसे वह अपनी बहुत बड़ी जीत मानेंगे । पार्टी की प्रतिष्ठा और उग्रवादियों की चुनौती का गम्भीरता से आकलन करके दिल्ली की रैली का मंच स्थल बदलने का निर्णय लिया गया है । पहले यह मंच लालकिले की प्राचीर के नीचे किनारे पर बनाने का निर्णय लिया गया था जहां से प्रधानमंत्री 15 अगस्त को भाषण देते हैं । अब यह मंच इसके विपरीत लाहौरी दरवाजे के निकट लालकिले मैदान में स्थित प्राचीन मजार के पास बनाया जाएगा ।

Punjabi Sanatani

# भिंडरांवाला सैफरन टाइगर्ज़ फोर्स के प्रमुख जवंदा व उपप्रमुख बिट्टू (रामपुरी) सहित 7 खूंखार उग्रवादी मरे

## दुर्दांत कुलदीप सिंह कीपा के दिल्ली में होने की आशंका : अगला निशाना 24 सितम्बर की रैली

# बिट्टा पर हमले के संबंध में सीमा रेंज में 150 लोग पकड़े

चंडीगढ़, 13 सितम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में कल रात से भिंडरांवाला सैफरन टाइगर्ज़ आफ खालिस्तान के प्रमुख स्वर्ण सिंह जवंदा एवं उप-प्रमुख कर्मजीत सिंह उर्फ बिट्टू निवासी रामपुर (उ.प्र.) सहित 7 उग्रवादी मारे गए । मारे गए उग्रवादियों में खालिस्तान कमांडो फोर्स का उप-प्रमुख जसवंत सिंह उर्फ जस्सा भी शामिल है । जवंदा और बिट्टू पंजाब व उत्तर प्रदेश पुलिस को सैंकड़ों हत्याओं, लूटपाट, अपहरणों आदि की वारदातों में वांछित थे तथा इनके सिर पर उत्तर प्रदेश व पंजाब सरकारों ने लाखों रुपए के इनाम घोषित कर रखे थे ।

इसी बीच खूंखार आतंकवादी कुलदीप सिंह कीपा के दिल्ली में होने की आशंका है और सूत्रों के अनुसार आतंकवादियों का अगला निशाना युवा इंका की 24 सितम्बर को दिल्ली में होने वाली रैली है ।

इस बीच अखिल भारतीय यूथ इंकाध्यक्ष श्री मनिन्दरजीत सिंह बिट्टा पर हमले के सम्बन्ध में पुलिस ने आज तड़के सीमा क्षेत्रों में छापे मार कर 150 व्यक्तियों को हिरासत में लिया ।

**4 उग्रवादी मरे** : अमृतसर (नारंग) : तरनतारन पुलिस जिला में भिक्खीविंड पुलिस थाने के अंतर्गत गांव बलेर में एक पुलिस मुकाबले में 4 उग्रवादी मारे गए। तरनतारन पुलिस जिला के एस.एस.पी. श्री अजीत सिंह संधु ने बताया कि भिक्खीविंड पुलिस को एक पुष्ट सूचना मिली थी कि हाल ही में पाकिस्तान से लौटे कुछ उग्रवादी गांव बलेर में छुपे हुए हैं। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने गांव बलेर में तलाशियां लेनी शुरू कीं। जब पुलिस सुबह 4 बजे के लगभग बगीचा पुत्र भगेल सिंह की बैठक में पहुंची तो अचानक अन्दर से अंधाधुंध फायरिंग शुरू हो गई। जब पुलिस ने जवाबी फायरिंग की तो अन्दर छुपे उग्रवादी दूसरे दरवाजे से बाहर निकल गए और बाहर सतर्क खड़ी पुलिस पर भी फायरिंग शुरू कर दी। इस पर मुकाबला फिर शुरू हो गया जो 4 बजे से लेकर लगभग 5.15 बजे तक चला।

बाद में खेतों की तलाशी लेने पर 4 उग्रवादियों की लाशें बरामद हुईं। उक्त उग्रवादियों की आयु 20 से 30 वर्ष के बीच में है। इनमें से एक की शिनाख्त जसवंत सिंह उर्फ जस्सा पुत्र बीर सिंह गांव धुन थाना खालड़ा के रूप में हुई है। वह के.सी.एफ. (जफरवाल ग्रुप) का उप-प्रमुख था। वह 200 से ज्यादा हत्याओं, अपहरणों, बलात्कारों व उग्रवादी गतिविधियों में पुलिस को वांछित था। बताया जाता है कि वह हाल ही में पाकिस्तान से लौटा था व यहां बाकी उग्रवादी संगठनों से बातचीत करके एक बड़े नरसंहार की योजना बना रहा था।

घटनास्थल से एक ए.के. 47 राइफल, एक मैगजीन, एक 315 बोर की असाल्ट राइफल, एक 12 बोर की कटी हुई राइफल, 1 पिस्तौल व भारी मात्रा में गोली-सिक्का बरामद हुआ है। घटनास्थल से 50 ग्राम अफीम भी मिली है।



*संगरूर ज़िला में सुरक्षा बलों के साथ हुए मुकाबले में मारा गया उग्रवादी (ऊपर) स्वर्ण सिंह जवंदा और (नीचे) एक अज्ञात उग्रवादी की लाश का चित्र ।*
*(फोटो : गर्ग):*

**खूंखार जवंदा व एक अन्य उग्रवादी मारे गए** : संगरूर (गर्ग) : एस. पी. (डी) श्री प्रितपाल सिंह ने एक प्रैस बयान में बताया है कि आज सुबह बडरुक्खा थाना कोतवाली संगरूर में हुए पुलिस मुकाबले में एक सूचीबद्ध उग्रवादी स्वर्ण सिंह जवंदा मारा गया। इसी मुकाबले में एक और अज्ञात उग्रवादी भी मारा गया।

उन्होंने बताया कि उक्त उग्रवादियों के पास से दो असाल्ट राइफलें, 2 माऊज़र, एक बुलेट प्रूफ जैकेट व भारी मात्रा में गोली-सिक्का बरामद किया गया।

स्वर्ण सिंह भिंडरांवाला सैफरन टाइगर्ज आफ खालिस्तान का प्रमुख था। उसने उत्तर प्रदेश में 5 बैंक डकैतियों में 15 लाख रुपए लूटे थे। रुद्रपुर (यू.पी.) में रामलीला समारोह में एक बम विस्फोट किया था, जिसमें 60-70 लोग मारे गए थे। उत्तर प्रदेश में ही इसने एक डी.एस.पी., 2 इंस्पैक्टरों व 10 पुलिस कर्मियों को मारा था। रुद्रपुर में ही 10 अन्य लोगों की हत्या की। वह बिलासपुर (यू.पी.) में भी 10 अन्य लोगों का हत्यारा था। इसके अतिरिक्त 8 अन्य वारदातें करके इसने 55 लाख रुपए लूटे। वह उत्तर प्रदेश में सब से बड़ा उग्रवादी था और पूरे उत्तर प्रदेश में इसका आतंक था।

संगरूर जिला के पुलिस प्रमुख श्री जसमिन्दर सिंह के अनुसार जवंदा गुरदासपुर जिले में बटाला थाने के गांव बाऊली इंद्रजीत सिंह का रहने वाला था । उसके बाप का नाम बलदेव सिंह है । उन्होंने कहा कि मुठभेड़ स्थल से बरामद दस्तावेजों के अनुसार जवंदा गिरोह के 36 सदस्य थे । इनमें से लगभग आधे उग्रवादी किसी न किसी घटना में निष्क्रिय कर दिए गए हैं । शुरू में इस गिरोह के पास 33 ए.के. 47 असाल्ट राइफलें, एक टैलीस्कोपिक गन, एक एस.एल.आर. व अन्य छोटे हथियार थे । इनमें से कई हथियार पुलिस द्वारा बरामद किए जा चुके हैं । उत्तर प्रदेश सरकार ने उसके सिर पर 10 लाख रु. से भी अधिक का इनाम घोषित कर रखा था । श्री जसमिन्दर सिंह ने कहा कि मुकाबले में पुलिस पार्टी के चार जवान भी मामूली जख्मी हुए हैं ।

**2 उग्रवादी गिरफ्तार** : बरनाला (वालिया) : यहां से लगभग 15 कि. मी. दूर हरिगढ़ के निकट एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से एक पिस्तौल व 2 कारतूस बरामद हुए हैं। एक अन्य आतंकवादी गांव अमलासिंहवाला से एक पिस्तौल व 3 कारतूसों समेत पकड़ा गया। गिरफ्तार आतंकवादियों की पहचान प्यारा सिंह व इन्द्र सिंह के रूप में हुई है।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

A.C.C

# चुनावी तालमेल बारे वी.पी., सुरजीत व गुप्त की वार्ता का ठोस परिणाम न निकला

गाजियाबाद, 13 सितम्बर (प.स.): मुलायम सिंह यादव से चुनावी तालमेल के सवाल पर जी.डी.ए. गैस्ट हाऊस में पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के साथ वामपंथी नेता हरकिशन सिंह सुरजीत और इंद्रजीत गुप्त की बातचीत का कोई ठोस हल नहीं निकला । श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने पत्रकारों से इस मामले पर सिर्फ इतना कहा कि वे पार्टी के अनुशासन से बंधे हैं, इसलिए कुछ नहीं कर सकते ।

उनकी बातों से यह तो लगा कि जद (ब) और ... जारी रखेंगे ।

पूर्व प्रधानमंत्री ने दावा किया कि अगले पांच साल के बाद से सन 2000 तक देश का प्रधानमंत्री दलित वर्ग का होगा । इस अवधि में देश भर के राज्यों में 85 फीसदी मुख्यमंत्री इसी वर्ग के होंगे ।

श्री सिंह ने कहा कि सामाजिक न्याय और मंडल का आशय केवल नौकरियों तक ही सीमित नहीं है । मीडिया (प्रैस) को छोड़ कर सरकार, ब्यूरोक्रेसी, राजनीतिक दलों और अर्थव्यवस्था सब में यह लागू

Punjabi Sanatani

# यूथ इंका वर्करों की बस पर फ़ायरिंग : 3 मरे

लुधियाना, 23 सितम्बर (महिन्द्रा): आज रात्रि लगभग 11 बजे यहां जी.टी. रोड पर शेरपुर बाईपास चौक से थोड़ा आगे कुछ संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा यूथ कांग्रेस (इ) की दिल्ली रैली में भाग लेने जा रही एक बस पर फ़ायरिंग किए जाने से 3 व्यक्ति मारे गए, जबकि 10 घायल हो गए। घायलों में से 4 की दशा गम्भीर है । बताया जाता है कि बस फगवाड़ा से इंका के यूथ वर्करों को लेकर दिल्ली जा रही थी । घायलों को यहां ओसवाल कैंसर अस्पताल में उपचारार्थ दाखिल करवाया गया ।

घटना की सूचना मिलते ही डी.आई.जी. श्री चंद्र शेखर और जिलाधीश श्री एस.एस. चन्नी तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गए । फोकल प्वाइंट थाने के एस.एच.ओ. श्री प्रकाश सिंह घटनास्थल पर सर्वप्रथम पहुंचे थे, उन्होंने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने का प्रबन्ध किया ।

फायरिंग में मरने वालों के नाम कुलदीप कुमार, मलूक चंद और अमरीक चंद बताए गए हैं, जबकि घायलों में मोहन लाल, बलबीर सिंह, शाम लाल, रेशम लाल, सुरेन्द्र कुमार, बलबीर राम, जगदीश लाल और बटा सिंह शामिल हैं ।

Punjabi Sanatani



गत दिनों जलालाबाद सैक्टर में भारत-पाक सीमा की चौकी संतोखसिंहवाला में सीमा सुरक्षा बल
के जवानों ने नाकाबंदी के दौरान पाकिस्तान की तरफ से आते हुए एक पाकिस्तानी घुसपैठिए
जासूस को मार गिराया । बाद में क्षेत्र की तलाशी लेने पर उस क्षेत्र से बड़ी मात्रा में
गोली-सिक्का बरामद किया । चित्र में पकड़े गए हथियारों में एक 7.57 एम.एम. बोल्ट
एक्शन राइफल, एक 222 आटो राइफल (दोनों पाकिस्तान की बनी हुई), चार 7.63 आटो
पिस्तौल, एक 2.5 स्टारलेट पिस्तौल जो साइबेरिया की बनी हुई है, 7.63 आटो पिस्तौल की 5
मैग्ज़ीनें, ए.के. 47 के 325 जीवित राऊंड, 7.57 एस.एस. राइफलों के 13 राऊंड दिखाई दे
रहे हैं । (फोटो : राकेश मलिक)

Punjabi Sanatani

# युवा इंका रैली के लिए जा रही बस पर फायरिंग करने वाले उग्रवादियों ने पुलिस की वर्दी पहन रखी थी

चंडीगढ़, 24 सितम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में कल रात उग्रवादियों ने युवा कांग्रेस (इ) के तीन कार्यकर्त्ताओं की गोली मारकर हत्या कर दी तथा नौ अन्य को घायल कर दिया ।

यह घटना लुधियाना शहर के बाहरी क्षेत्र में शेरपुर चौक के निकट हुई जहां चार उग्रवादियों ने बस में सवार युवा कांग्रेस (इ) के कार्यकर्त्ताओं पर गोलियां चलाईं । इस घटना में एक कार्यकर्त्ता की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई तथा गम्भीर रूप से घायल दो ने अस्पताल में दम तोड़ दिया ।

फगवाड़ा से प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से मिली सूचना के अनुसार चार उग्रवादियों ने युवा कांग्रेस (इ) कार्यकर्त्ताओं पर उस समय गोलियां चलाईं जब वे लुधियाना के बाहरी क्षेत्र में शेरपुर चौक के निकट खाने के पैकेट पाने के लिए इंतजार कर रहे थे । जिस समय यह घटना हुई उस समय बस के सुरक्षा गार्ड सोए हुए थे ।

लुधियाना शहर के पुलिस अधीक्षक संजीव कालड़ा के अनुसार एक गार्ड ने गोलियां चलाईं लेकिन उग्रवादी तब तक भाग चुके थे ।

घायल अवस्था में अस्पताल में इलाज करा रहे दो व्यक्तियों बूटा सिंह और जगदीश लाल ने बताया कि जिस समय कार्यकर्त्ता बस में चढ़ रहे थे उसी समय उग्रवादियों ने गोलियां चलाईं और बाहर तथा बस में बैठे लोग उनकी गोलियों का निशाना बने । एमरजैंसी वार्ड में भर्ती हुए शाम लाल ने बताया कि घटना के समय वह बस में सवार हो रहा था ।

मोहन लाल और बलबीर चंद ने कहा कि उन पर तब गोली चलाई गई जब वे बस में बैठे हुए थे । बस से बाहर खड़ा रेशम लाल गोलियां चलने की आवाज सुनते ही लेट गया तो भी उसे एक गोली लगी ।

मारे गए तीनों व्यक्ति कुलदीप कुमार, बलूका राम और अमरीक सिंह के शव उनके निकटवर्ती गांव भुल्लाराय ले जाए गए । घायल हुए व्यक्ति भी इसी गांव के हैं । यह गांव श्रम एवं रोजगार मंत्री श्री जोगिंदर सिंह मान के चुनाव क्षेत्र में आता है । घायलों में से एक सतपाल को आज प्रातः अस्पताल से छुट्टी दे दी गई । सुरिंदर कुमार के अमाशय के निचले भाग में लगी गोली को आप्रेशन करके निकाल दिया गया है जबकि बलबीर राम के बाएं बाजू में लगी गोली से उसकी मुख्य रक्त धमनी कट गई । आप्रेशन के बाद उसकी हालत स्थिर है ।

दिल्ली की रैली में भाग लेने वाले कार्यकर्त्ताओं को लेकर फगवाड़ा से रात आठ बजे रवाना होने वाली यह 16वीं बस थी ।

उग्रवादियों के हमले से पहले यह बस लगभग 90 मिनट तक वहां खड़ी रही । घटनास्थल से चले हुए 267 कारतूस बरामद हुए हैं ।



(ऊपर बाएं) लुधियाना के निकट बस गोली कांड में वीरवार रात को घायल एक युवा इंका कार्यकर्ता का लुधियाना के एक अस्पताल में उपचार करते हुए डाक्टर (दाएं) दो मृतकों के शव (नीचे बाएं) एक घायल का उपचार करते हुए डाक्टर (दाएं) लुधियाना पुलिस रेंज के डी.आई.जी. चन्द्रशेखर एवं उपायुक्त एस.एस. चन्नी अस्पताल में घायलों का हाल-चाल पूछते हुए । (फोटो : भाम्बी)

फगवाड़ा के एस.डी.एम. श्री खुशी राम ने लुधियाना के एस.डी.एम. श्री सुच्चा राम के साथ अस्पताल जाकर घायलों का हाल-चाल पूछा ।

**चारों उग्रवादी पुलिस वर्दी में थे :** फगवाड़ा (अशोक कौड़ा): फगवाड़ा में दुर्घटना की सूचना लगभग पौने बारह बजे मिली तो स्थानीय एस.डी.एम. श्री खुशी राम व पुलिस उप-अधीक्षक श्री आर.के. बख्शी ने उच्चस्तरीय बैठक कर क्षेत्र में सुरक्षा प्रबन्धों का निरीक्षण किया व एस.डी.एम., सिटी पुलिस इंस्पैक्टर श्री मुलख राज, ब्लाक कांग्रेस के महासचिव श्री इन्द्र दुग्गल व यह सम्वाददाता लुधियाना के लिए चल पड़े । ओसवाल अस्पताल लुधियाना में उपचाराधीन 10 घायलों जिनमें से जगदीश लाल, रेशम लाल, बलबीर चंद, बूटा सिंह व मोहन लाल (वार्ड नम्बर 16), रूप लाल व शाम लाल (एमरजैंसी वार्ड) में थे । सतपाल को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई थी व दो घायल बलबीर राम व सुरिंदर कुमार का नाजुक अवस्था के कारण आप्रेशन किया गया । सुरिन्दर कुमार के पेट में गोली लगी थी जबकि बलबीर राम की हाथ की नाड़ियां कट गई थीं । अस्पताल में दाखिल अनेक घायलों ने बताया कि वे अभी बस में सवार हो ही रहे थे कि पीछे से गोलियों की बौछार ने घेर लिया । स्थानीय एस.डी.एम. श्री खुशी राम ने घायलों की कुशलक्षेम पूछी व उनका उपचार सरकारी खर्च से किए जाने की घोषणा की । इसी मध्य लगभग रात 2.10 बजे लुधियाना के पुलिस अधीक्षक (सिटी) श्री संजीव कालड़ा जिनके नेतृत्व में पुलिस का 'खोज अभियान' जारी था, अस्पताल आए ।

***तीनों मृतकों का अंतिम संस्कार कर दिया गया : फायरिंग के पीछे के.सी.एफ. पंजवड़ व के.एस.एफ. का हाथ : फायरिंग के संदर्भ में 5 दर्जन हिरासत में**

श्री कालड़ा ने बताया कि पुलिस सक्रियता से अपराधियों को दबोचने को प्रयासरत है । इसी मध्य पता चला है कि घटना में चार उग्रवादी संलिप्त थे व चारों पुलिस की वर्दियों में थे । घटना में मौके पर ही मारे जाने वाले तीनों मृतकों की पहचान अमरीक सिंह, बलूका राम, कुलदीप कुमार वासी गांव भल्ला राय तहसील फगवाड़ा की गई है । सभी घायल भी इसी गांव के वासी थे ।

**अंतिम संस्कार :** तीनों मृतकों के शवों को आज फगवाड़ा लाकर उनके अंतिम संस्कार के लिए वारिसों के सुपुर्द कर दिया गया । आज मृतकों के अंतिम संस्कार में स्थानीय एस.डी.एम. श्री खुशी राम, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह सहित अनेक गण्यमान्य नागरिकों ने भाग लिया । इसी मध्य पंजाब के श्रम व रोजगार मंत्री श्री जोगिन्दर सिंह मान ने लुधियाना कांड की कटु निंदा की है व इसे अमानवीय कृत्य करार दिया है ।

**मृतकों के परिवारों को 5-5 लाख दिए जाएं :** पंजाब भाजपा के महासचिव चौ. स्वर्णा राम, अकाली नेता स. करम सिंह ठेकेदार व दलित नेता श्री अशोक दादरी ने लुधियाना में वीरवार रात को उग्रवादियों द्वारा तीन युवा इंका कार्यकर्त्ताओं की हत्या व 9 अन्य को घायल करने की कटु निंदा की है । आज सायं यहां जारी विभिन्न प्रैस वक्तव्यों में इन नेताओं ने मृतकों के परिवारों को पांच-पांच लाख रुपए का मुआवजा देने व परिवार के एक-एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की है ।

**कपूरथला (सेखड़ी):** युवा कांग्रेस (इ) कपूरथला नगर अध्यक्ष श्री रवीन्द्र कुमार और महासचिव श्री बलदेव सिंह ने एक संयुक्त बयान में दिल्ली जा रही यूथ इंका कार्यकर्त्ताओं की बस पर उग्रवादियों द्वारा लुधियाना के निकट की गई फायरिंग की कड़ी निंदा की है तथा मृतकों व घायलों के परिवारों से सम्वेदना व्यक्त की है ।

**5 दर्जन हिरासत में :** लुधियाना (मुसाफिर): गत रात्रि युवा कांग्रेस की बस पर हुई फायरिंग के संदर्भ में पुलिस ने आज शहर और देहात में घेरा डाल कर छापे मारे और लगभग 5 दर्जन संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ शुरू कर दी है । बताया जाता है कि बस शेरपुर से आगे जुगियाना तक चली गई थी । उसको कोई वापस लेकर आया और जब फायरिंग हुई उस वक्त कुछ लोग शराब खरीद रहे थे । पुलिस का कहना है कि इस फायरिंग के पीछे खालिस्तान कमांडो फोर्स पंजवड़ और खालिस्तान लिबरेशन फोर्स का हाथ है ।

'धीमान' के अनुसार कल रात उग्रवादियों ने यहां से कुछ दूर युवा कांग्रेस की आज की रैली में शामिल होने वालों की बस पर जो अंधाधुंध फायरिंग की, से तीन कार्यकर्त्ता मारे गए व 11 घायल हो गए । घायल होने वालों में से 10 स्थानीय ओसवाल अस्पताल में दाखिल कराए गए । इनमें से 2 का सफलतापूर्वक आप्रेशन कर दिया गया, शेष घायलों की हालत बहुत गम्भीर है । इन सबकी

(शेष पृष्ठ 12 पर)

## हड़ताली ट्रक आपरेटरों का सरकार को 'एसमा', 'रासुका' 24 घंटे में वापस लेने का अल्टीमेटम

## रस्म पगड़ी

'जय श्री राम'

Punjabi Sanatani

## पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

टांगों पर अधिक गोलियां लगीं । यह युवा वर्कर फगवाड़ा के नजदीक गांव खेरू रनिया की बस में नई दिल्ली में शामिल होने के लिए जा रहे थे । इस कांड से यह प्रमाणित हो गया है कि उग्रवादी इस क्षेत्र में अभी भी सरगर्म हैं । इससे पुलिस वालों के यह दावे कि उग्रवाद समाप्त हो गया है, झूठे साबित हो जाते हैं। कांग्रेस (इ) नेताओं सर्वश्री इकबाल सिंह सांसद, राकेश पांडे विधायक व सुरेन्द्र डावर प्रधान जिला शहरी कांग्रेस ने इस कांड पर गहरा दुख प्रकट करते हुए मृतकों व घायलों के परिवारों के प्रति हार्दिक सहानुभूति प्रकट की ।

**एक गिरफ्तार** : तरनतारन (प.स.): इस दौरान पुलिस ने पुलिस जिला तरनतारन में एक उग्रवादी करतार सिंह को गिरफ्तार किया है ।

**उग्रवादियों द्वारा रैली के युवकों पर हमले की भर्त्सना** : नई दिल्ली (हितेश शर्मा): प्रधानमंत्री श्री नरसिम्हा राव ने आज यहां लाल किला मैदान में युवा कांग्रेस की रैली में अपने भाषण के दौरान पंजाब से दिल्ली की रैली में भाग लेने आ रहे यूथ कांग्रेस के उन युवकों के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किए जो रैली में भाग लेने आ रहे थे । इन पर उग्रवादियों ने जानलेवा हमला किया है । उन्होंने इस हमले की भर्त्सना की तथा संकेत दिया कि हिंसा करने वाले अपने इरादों में कभी कामयाब नहीं होंगे । उन्होंने पंजाब के लोगों को बहादुर बताया ।

**बेअंत सिंह द्वारा संवेदना व्यक्त** : पंजाब के मुख्यमंत्री ने आज पुन: दोहराया कि वह राज्य से उग्रवाद का सफाया करके ही दम लेंगे । श्री बेअंत सिंह ने उक्त संकल्प विधानसभा के फगवाड़ा क्षेत्र के प्रतिनिधि तथा श्रम व रोजगार मंत्री श्री जोगिन्दर सिंह मान को दिल्ली से भेजे एक शोक संदेश में व्यक्त किया है । उन्होंने लुधियाना के निकट यूथ इंका वर्करों पर उग्रवादियों द्वारा फायरिंग किए जाने को कायरतापूर्ण कृत्य करार दिया है । उन्होंने मृतकों व घायलों के परिवारों के साथ हार्दिक संवेदना व्यक्त की है ।

श्री मान, जो नई दिल्ली में यूथ इंका की रैली में भाग लेने गए थे, लुधियाना कांड के मृतकों की अंत्येष्टि में भाग लेने गांव भल्ला राय लौट आए । उन्होंने लुधियाना के मोहन देवी ओसवाल अस्पताल में जाकर इस गोली कांड के घायलों का हाल-चाल भी पूछा ।

Punjabi Sahitya

# युवा इंका रैली के लिए जा रही बस पर फायरिंग करने वाले उग्रवादियों ने पुलिस की वर्दी पहन रखी थी

चंडीगढ़, 24 सितम्बर (वार्ता, प.स.): पंजाब में कल रात उग्रवादियों ने युवा कांग्रेस (इ) के तीन कार्यकर्त्ताओं की गोली मारकर हत्या कर दी तथा नौ अन्य को घायल कर दिया ।

यह घटना लुधियाना शहर के बाहरी क्षेत्र में शेरपुर चौक के निकट हुई जहां चार उग्रवादियों ने बस में सवार युवा कांग्रेस (इ) के कार्यकर्त्ताओं पर गोलियां चलाईं । इस घटना में एक कार्यकर्त्ता की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई तथा गम्भीर रूप से घायल दो ने अस्पताल में दम तोड़ दिया ।

फगवाड़ा से प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से मिली सूचना के अनुसार चार उग्रवादियों ने युवा कांग्रेस (इ) कार्यकर्त्ताओं पर उस समय गोलियां चलाईं जब वे लुधियाना के बाहरी क्षेत्र में शेरपुर चौक के निकट खाने के पैकेट पाने के लिए इंतजार कर रहे थे । जिस समय यह घटना हुई उस समय बस के सुरक्षा गार्ड सोए हुए थे ।

लुधियाना शहर के पुलिस अधीक्षक संजीव कालड़ा के अनुसार एक गार्ड ने गोलियां चलाईं लेकिन उग्रवादी तब तक भाग चुके थे ।

घायल अवस्था में अस्पताल में इलाज करा रहे दो व्यक्तियों बूटा सिंह और जगदीश लाल ने बताया कि जिस समय कार्यकर्त्ता बस में चढ़ रहे थे उसी समय उग्रवादियों ने गोलियां चलाईं और बाहर तथा बस में बैठे लोग उनकी गोलियों का निशाना बने । एमरजैंसी वार्ड में भर्ती हुए शाम लाल ने बताया कि घटना के समय वह बस में सवार हो रहा था ।

मोहन लाल और बलबीर चंद ने कहा कि उन पर तब गोली चलाई गई जब वे बस में बैठे हुए थे । बस से बाहर खड़ा रेशम लाल गोलियां चलने की आवाज सुनते ही लेट गया तो भी उसे एक गोली लगी ।

मारे गए तीनों व्यक्ति कुलदीप कुमार, बलूका राम और अमरीक सिंह के शव उनके निकटवर्ती गांव भुल्लाराय ले जाए गए । घायल हुए व्यक्ति भी इसी गांव के हैं । यह गांव श्रम एवं रोजगार मंत्री श्री जोगिंदर सिंह मान के चुनाव क्षेत्र में आता है । घायलों में से एक सतपाल को आज प्रातः अस्पताल से छुट्टी दे दी गई । सुरिंदर कुमार के अमाशय के निचले भाग में लगी गोली को आप्रेशन करके निकाल दिया गया है जबकि बलबीर राम के बाएं बाजू में लगी गोली से उसकी मुख्य रक्त धमनी कट गई । आप्रेशन के बाद उसकी हालत स्थिर है ।

दिल्ली की रैली में भाग लेने वाले कार्यकर्त्ताओं को लेकर फगवाड़ा से रात आठ बजे रवाना होने वाली यह 16वीं बस थी ।

उग्रवादियों के हमले से पहले यह बस लगभग 90 मिनट तक वहां खड़ी रही । घटनास्थल से चले हुए 267 कारतूस बरामद हुए हैं ।



(ऊपर बाएं) लुधियाना के निकट बस गोली कांड में वीरवार रात को घायल एक युवा इंका कार्यकर्ता का लुधियाना के एक अस्पताल में उपचार करते हुए डाक्टर (दाएं) दो मृतकों के शव (नीचे बाएं) एक घायल का उपचार करते हुए डाक्टर (दाएं) लुधियाना पुलिस रेंज के डी.आई.जी. चन्द्रशेखर एवं उपायुक्त एस.एस. चन्नी अस्पताल में घायलों का हाल-चाल पूछते हुए। (फोटो : भाम्बी)

***तीनों मृतकों का अंतिम संस्कार कर दिया गया : फार्यरिंग के पीछे के.सी.एफ. पंजवड़ व के.एस.एफ. का हाथ : फार्यरिंग के संदर्भ में 5 दर्जन हिरासत में**

फगवाड़ा के एस.डी.एम. श्री खुशी राम ने लुधियाना के एस.डी.एम. श्री सुच्चा राम के साथ अस्पताल जाकर घायलों का हाल-चाल पूछा ।

**चारों उग्रवादी पुलिस वर्दी में थे :** फगवाड़ा (अशोक कौड़ा): फगवाड़ा में दुर्घटना की सूचना लगभग पौने बारह बजे मिली तो स्थानीय एस.डी.एम. श्री खुशी राम व पुलिस उप-अधीक्षक श्री आर.के. बख्शी ने उच्चस्तरीय बैठक कर क्षेत्र में सुरक्षा प्रबन्धों का निरीक्षण किया व एस.डी.एम., सिटी पुलिस इंस्पैक्टर श्री मुलख राज, ब्लाक कांग्रेस के महासचिव श्री इन्द्र दग्गल व यह सम्वाददाता लुधियाना के लिए चल पड़े । ओसवाल अस्पताल लुधियाना में उपचाराधीन 10 घायलों जिनमें से जगदीश लाल, रेशम लाल, बलबीर चंद, बूटा सिंह व मोहन लाल (वार्ड नम्बर 16), रूप लाल व शाम लाल (एमरजैंसी वार्ड) में थे । सतपाल को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई थी व दो घायल बलबीर राम व सुरिंदर कुमार का नाजुक अवस्था के कारण आप्रेशन किया गया । सुरिन्दर कुमार के पेट में गोली लगी थी जबकि बलबीर राम की हाथ की नाड़ियां कट गई थीं । अस्पताल में दाखिल अनेक घायलों ने बताया कि वे अभी बस में सवार हो ही रहे थे कि पीछे से गोलियों की बौछार ने घेर लिया । स्थानीय एस.डी.एम. श्री खुशी राम ने घायलों की कुशलक्षेम पूछी व उनका उपचार सरकारी खर्च से किए जाने की घोषणा की । इसी मध्य लगभग रात 2.10 बजे लुधियाना के पुलिस अधीक्षक (सिटी) श्री संजीव कालड़ा जिनके नेतृत्व में पुलिस का 'खोज अभियान' जारी था, अस्पताल आए ।

श्री कालड़ा ने बताया कि पुलिस सक्रियता से अपराधियों को दबोचने को प्रयासरत है । इसी मध्य पता चला है कि घटना में चार उग्रवादी संलिप्त थे व चारों पुलिस की वर्दियों में थे । घटना में मौके पर ही मारे जाने वाले तीनों मृतकों की पहचान अमरीक सिंह, बलूका राम, कुलदीप कुमार वासी गांव भल्ला राय तहसील फगवाड़ा की गई है । सभी घायल भी इसी गांव के वासी थे ।

**अंतिम संस्कार :** तीनों मृतकों के शवों को आज फगवाड़ा लाकर उनके अंतिम संस्कार के लिए वारिसों के सुपुर्द कर दिया गया । आज मृतकों के अंतिम संस्कार में स्थानीय एस.डी.एम. श्री खुशी राम, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह सहित अनेक गण्यमान्य नागरिकों ने भाग लिया । इसी मध्य पंजाब के श्रम व रोजगार मंत्री श्री जोगिन्दर सिंह मान ने लुधियाना कांड की कटु निंदा की है व इसे अमानवीय कृत्य करार दिया है ।

**मृतकों के परिवारों को 5-5 लाख दिए जाएं :** पंजाब भाजपा के महासचिव चौ. स्वर्णा राम, अकाली नेता स. करम सिंह ठेकेदार व दलित नेता श्री अशोक दादरी ने लुधियाना में वीरवार रात को उग्रवादियों द्वारा तीन युवा इंका कार्यकर्त्ताओं की हत्या व 9 अन्य को घायल करने की कटु निंदा की है । आज सायं यहां जारी विभिन्न प्रैस वक्तव्यों में इन नेताओं ने मृतकों के परिवारों को पांच-पांच लाख रुपए का मुआवजा देने व परिवार के एक-एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की है ।

**कपूरथला (सेखड़ी):** युवा कांग्रेस (इ) कपूरथला नगर अध्यक्ष श्री रवीन्द्र कुमार और महासचिव श्री बलदेव सिंह ने एक संयुक्त बयान में दिल्ली जा रही यूथ इंका कार्यकर्त्ताओं की बस पर उग्रवादियों द्वारा लुधियाना के निकट की गई फायरिंग की कड़ी निंदा की है तथा मृतकों व घायलों के परिवारों से सम्वेदना व्यक्त की है ।

**5 दर्जन हिरासत में :** लुधियाना (मुसाफिर): गत रात्रि युवा कांग्रेस की बस पर हुई फायरिंग के संदर्भ में पुलिस ने आज शहर और देहात में घेरा डाल कर छापे मारे और लगभग 5 दर्जन संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ शुरू कर दी है । बताया जाता है कि बस शेरपुर से आगे जुगियाना तक चली गई थी । उसको कोई वापस लेकर आया और जब फायरिंग हुई उस वक्त कुछ लोग शराब खरीद रहे थे । पुलिस का कहना है कि इस फायरिंग के पीछे खालिस्तान कमांडो फोर्स पंजवड़ और खालिस्तान लिबरेशन फोर्स का हाथ है ।

'धीमान' के अनुसार कल रात उग्रवादियों ने यहां से कुछ दूर युवा कांग्रेस की आज की रैली में शामिल होने वालों की बस पर जो अंधाधुंध फायरिंग की, से तीन कार्यकर्त्ता मारे गए व 11 घायल हो गए । घायल होने वालों में से 10 स्थानीय ओसवाल अस्पताल में दाखिल कराए गए । इनमें से 2 का सफलतापूर्वक आप्रेशन कर दिया गया, शेष घायलों की हालत बहुत गम्भीर है । इन सबकी

(शेष पृष्ठ 12 पर)

Punjabi Sanatani

# युवा इंका कार्यकर्त्ताओं के हत्यारे उग्रवादियों की पहचान हो गई

लुधियाना, 27 सितम्बर (श्रीमान): डी.आई.जी. श्री चन्द्रशेखर ने आज पत्रकारों को बताया कि गत 24 सितम्बर को जिन चार उग्रवादियों ने युवा इंका कार्यकर्त्ताओं पर हमला किया था और परिणामस्वरूप तीन युवा इंका कार्यकर्त्ता मारे गए थे और दस घायल हो गए थे, इन उग्रवादियों की पहचान कर ली गई है। इनमें एक उग्रवादी हरनेक सिंह उर्फ पप्पू गांव बुटारी जिला लुधियाना भी शामिल है, जिसका सम्बन्ध के.एल.एफ. के कुलदीप सिंह उर्फ कीपा ग्रुप से है।

श्री चन्द्रशेखर ने दावा किया कि उन चारों उग्रवादियों को शीघ्र काबू कर लिया जाएगा।

# हाईकोर्ट जज को हत्या की धमकी

Punjabi Sanatani

कलकत्ता, 27 सितम्बर (एजें.): कलकत्ता हाईकोर्ट के एक वरिष्ठ जज मुकुल गोपाल बैनर्जी को हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दिए जाने के बाद हाईकोर्ट भवन के गिर्द सुरक्षा प्रबन्ध कड़ा कर दिया गया है। अज्ञात व्यक्तियों ने, जो अपने आप को अपराध सरगना दाऊद इब्राहीम के आदमी बता रहे थे, फोन करके यह धमकी दी थी।

# श्रीलंका में सेना की कार्रवाई में अनेक लिट्टे छापामार मारे गए

कोलम्बो, 27 सितम्बर (वार्ता): श्रीलंका की सेना ने देश के उत्तरी जिलों में तमिल छापामारों के खिलाफ आज सुबह बड़ा अभियान छेड़ा है और दावा किया है कि बड़ी संख्या में इसके छापामार मारे गए हैं।

इस कार्रवाई में अब तक सेना के पांच जवान भी मारे गए हैं और एक घायल हुआ है। श्रीलंका सेना इस अभियान में लड़ाकू विमानों तथा बख्तरबंद गाड़ियों का भी इस्तेमाल कर रही है।

सेना सूत्रों ने बताया कि मन्नार जिले के वनकलर्क गांव में तमिल छापामार काफी संख्या में मारे गए हैं। सेना ने मन्नार तथा मुल्लैतिवु जिलों में कर्फ्यू लगाकर छापामारों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू की है।

## पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

के अंतर्गत तलाश थी । हाल ही में कामोके पार्टी में सम्मिलित हुआ था और उसे कल पार्टी का उपाध्यक्ष बनाया गया था ।

इससे पहले वह अखिल भारतीय सिख छात्र महासंघ की चंडीगढ़ शाखा का सक्रिय नेता था । पुलिस ने बताया कि आतंकवादी गतिविधियों के आरोप में करीब एक साल तक कामोके जम्मू जेल में रहा और उसे छह माह पहले ही जेल से रिहा किया गया था ।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि उसका एक सम्बन्धी भूपिन्दर सिंह पिंदा भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान का डिप्टी चीफ था और एक वर्ष पहले सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया था । उसका भाई मनमोहन सिंह अभी भी जम्मू जेल में है ।

**दुकानदार की हत्या** : अमृतसर (इ.न.स.): आज रात्रि लगभग 9 बजे यहां गुरुनानकपुरा इस्लामाबाद में दो स्कूटर सवार मिलिटैंटों ने छोले-भटूरों वाले एक दुकानदार प्रेम कुमार पुत्र राजपाल की गोलियां मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि मिलिटैंटों ने दुकान पर पहुंचते ही अंधाधुंध फायरिंग करनी शुरू कर दी, जिससे प्रेम कुमार घटनास्थल पर ही मारा गया और मिलिटैंट बड़े आराम से फरार हो गए । घटनास्थल से एस.एल.आर. के खोल बरामद हुए हैं । पुलिस के अनुसार यह निजी हत्या का मामला है क्योंकि इससे पूर्व मृतक के साले व ससुर की भी हत्या की जा चुकी है । मृतक अजनाला के गांव टेहड़ी का निवासी था ।

**आतंकवादी गिरफ्तार** : अहमदगढ़ (तायल): पुलिस ने आज दोपहर यहां से 6 कि.मी. दूर गांव कंगनवाल के पास एक आतंकवादी हरमिन्दर सिंह पुत्र काका सिंह वासी भुटाल कलां (थाना मूनक) को गिरफ्तार किया । उसके कब्जे से 12 बोर का एक देसी पिस्तौल तथा दो कारतूस पकड़े गए हैं ।

Punjabi Sahatani

# 3 आतंकवादी मरे, दुकानदार की हत्या : अकाली दल (म) का उपाध्यक्ष कामोके गिरफ्तार

चंडीगढ़, 6 जुलाई : पंजाब में गत रात से सुरक्षा बलों के साथ हुई भिड़ंतों में 3 आतंकवादी मारे गए, जबकि मिलिटेंटों ने अमृतसर में एक दुकानदार की हत्या कर दी । इसी बीच पुलिस ने अकाली दल (मनजीत) के नवनियुक्त उपाध्यक्ष धर्मवीर सिह कामोके को गिरफ्तार कर लिया है ।

**दो आतंकवादी मारे गए** : अमृतसर इस जिले के कोटली नसीर खान गांव के पास हथियार बरामद करने के लिए आतंकवादी जुझार सिंह उर्फ मिट्ठू को ले जा रहे पुलिस दल पर कल रात कुछ आतंकवादियों ने घात लगा कर हमला किया । इस मुठभेड़ में मिट्ठू और एक अन्य आतंकवादी मारा गया । मुठभेड़ स्थल से एक राइफल और कुछ कारतूस मिले हैं ।

**भिड़ंत में मरा** : मजीठा पुलिस जिले के मोरवाल गांव के पास सुरक्षा बलों की गोली से कल रात सुबेग सिंह उर्फ शेगा नामक आतंकवादी मारा गया । मुठभेड़ स्थल से एक बन्दूक और कुछ कारतूस मिले हैं ।

**गिरफ्तार** : सुरक्षा बलों ने तरनतारन पुलिस जिले में कल रात एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया है ।

**कामोके गिरफ्तार** : अकाली दल (मंजीत गुट) के नव नियुक्त उपाध्यक्ष धर्मवीर सिहकामोके को आतंकवादियों के साथ सम्बन्ध रखने के आरोप में कल रात कामोके गांव में स्थित उनके घर से मजीठा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया ।

पुलिस अधिकारियों ने दावा किया कि कामोके कट्टर आतंकवादी था और उसकी आतंकवादी गतिविधियां निरोधक कानून की धारा तीन और चार

Punjabi Sanatani

## पंजाब में वारदातें

(पृष्ठ 3 का शेष)

के साथ हुई मुठभेड़ में पंजाब (लुधियाना) पुलिस का एक ए.एस.आई. मारा गया और एक कांस्टेबल घायल हो गया। मरने वाला ए.एस.आई. सुखचैन सिंह कैलाश सिनेमा चौकी लुधियाना में तैनात था। कांस्टेबल कुलदीप सिंह मुकाबले के वक्त उनके साथ था। बताया जाता है कि एक मुखबिर ने खबर दी थी कि वहां एक कुख्यात उग्रवादी "शेरे पंजाब होटल" में ठहरा हुआ है। इसलिए एक पुलिस पार्टी उसे गिरफ्तार करने के लिए वहां गई थी लेकिन अचानक छापे के वक्त मुकाबला हो गया। सुखचैन की लाश लेने के लिए लुधियाना की पुलिस पार्टी नई दिल्ली पहुंच गई है। यह लाश विमान द्वारा नई दिल्ली लाई जा रही है।

**आतंकवादी मारा गया** : लखनऊ (प.स.): शाहजहांपुर जिले में थाना कुठार क्षेत्र में आज पुलिस और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । यहां प्राप्त आधिकारिक जानकारी के अनुसार अभी मृत आतंकवादी की पहचान नहीं हो पाई है । पुलिस उसके अन्य साथियों का पीछा कर रही है । अभियान जारी है ।

Punjabi Sanatani

# गुजरात में पंजाब पुलिस व आतंकवादियों में हुई मुठभेड़ में ए.एस.आई. मारा गया : कमांडो व एक आतंकवादी समेत 3 घायल

अहमदाबाद, 25 जुलाई (वार्ता): गुजरात के खेड़ा जिले में कल देर रात पंजाब पुलिस तथा आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में पुलिस का एक सहायक उप-निरीक्षक मारा गया तथा एक कमांडो और एक आतंकवादी समेत तीन व्यक्ति घायल हुए। यहां पुलिस मुख्यालय में आज मिले समाचार के अनुसार मुठभेड़ खम्भोलाज-सारसा राजमार्ग पर धाबावेली होटल के निकट उस समय हुई, जब दो आतंकवादी एक बस से उतरे। ये आतंकवादी किसानों के वेश में थे। चंडीगढ़ से शुक्रवार को पक्की सूचना के आधार पर यहां आई पंजाब पुलिस की टीम इस क्षेत्र में सभी बस स्टैंडों तथा नाका चौकियों पर कड़ी नजर रखे हुए थी। सहायक उप-निरीक्षक सुखदेव सिंह ने इन आतंकवादियों को इनके संदिग्ध ठिकाने धाबावेली होटल की ओर जाते समय पहचान लिया। इस पर पुलिस दल ने उन्हें पकड़ने की कोशिश की लेकिन आतंकवादियों ने स्वचालित हथियारों से गोलियां चला दीं। पंजाब पुलिस ने भी जवाब में गोलियां चलाईं।

मुठभेड़ 30 मिनट तक चली। सहायक उप-निरीक्षक सुखदेव सिंह के सिर में गोली लगी और उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। पंजाब पुलिस का कमांडो कुलदीप सिंह भी पैर में दो गोलियां लगने से घायल हो गया।

एक आतंकवादी भी घायल हुआ लेकिन बताया जाता है कि दो सिख युवक उसे उठा कर ले गए। अंधेरा होने के कारण उनका पता नहीं चल पाया। वहां से गुजर रहे एक टैंकर का चालक भी गोलीबारी में घायल हो गया।

पुलिस के अनुसार गुजरात पुलिस के आतंकवादी विरोधी दस्ते को मौके पर भेजा गया तथा उस क्षेत्र में व्यापक स्तर पर खोजबीन शुरू की गई है। आतंकवादियों को पकड़ने के लिए राज्य भर में रैड अलर्ट जारी कर दिया गया है। जिले के सभी आवागमन मार्गों को सील कर दिया गया है। घायलों को बड़ौदा के एस.एस.जी. अस्पताल में भर्ती किया गया है।

लुधियाना (धीमान): गत दिवस गुजरात के जिला आनंद के एक गांव खम्बोला में उग्रवादी गिरोह

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjabi Sahatani

स्थापित कर सकती है। | नरसिम्हा राव नहीं हैं, जिन्होंने हिमाचल प्रदेश व | चिंताओं में वृद्धि हुई है।

# रोपड़ के एस.पी. (आप्रेशन) हमले में बाल-बाल बचे : 8 उग्रवादी मरे, 1 बंदी : आई. एस. आई. का दीवाली पर गड़बड़ कराने का कुप्रयास विफल

चंडीगढ़, 3 नवम्बर (वा., प.स.): रोपड़ जिले के एस.पी. (आप्रेशन) आज उग्रवादियों के एक हमले में बाल-बाल बच गए, जबकि पंजाब में पिछले 24 घंटों में 2 घुसपैठियों सहित 8 उग्रवादी मारे गए तथा 1 उग्रवादी पकड़ा गया।

**उग्रवादी मुठभेड़ में मरा** : फिरोज़पुर से 'नीना' तथा कुमार के अनुसार गत रात्रि थाना सदर जलालाबाद के अन्तर्गत पड़ने वाले गांव कच्चा काले वाला से तम्बू वाला तक पुलिस द्वारा लगाए गए एक नाके के दौरान हुई फायरिंग में बी.टी.एफ. के मानोचाहल ग्रुप का एक एरिया कमांडर बख्शीश सिंह निवासी तरमाला मारा गया, जबकि उसका एक साथी भागने में सफल हो गया।

यह जानकारी देते हुए श्री एस.के. शर्मा, जिला पुलिस प्रमुख, फिरोज़पुर ने बताया कि मृत मिलिटैंट नान-हार्डकोर था। वह करीब पांच वर्ष से भगौड़ा था तथा क्षेत्र में फिर वापस आकर कोई बड़ी वारदात करने की ताक में था।

श्री शर्मा ने बताया कि मृत मिलिटैंट लगभग 15 केसों में वांछित था, जिनमें गांव शरीवाला थाना सादिक में दो व्यक्तियों पाला सिंह व गुरदीप सिंह, गांव आलमगढ़ थाना सदर अबोहर में एक व्यक्ति, गांव साधन के थाना वल्टोहा में एक स्त्री तथा गांव तरमाला थाना लम्बी में एक सिपाही के परिवार के 6 सदस्यों का क़त्ल शामिल था।

उन्होंने बताया कि मृत मिलिटैंट पुलिस के भारी दबाव के कारण उत्तर प्रदेश भाग गया था। उसने लगभग 50 लाख रुपए की राशि लोगों से फिरौती के रूप में वसूल की थी।

घटनास्थल से 303 बोर की एक राइफल व कुछ कारतूस बरामद हुए हैं। मृत मिलिटैंट की जेब में से एक नोट बुक भी बरामद की गई है, जिसमें हिसाब-किताब के अतिरिक्त बख्शीश सिंह पुत्र दलीप सिंह जाट निवासी तरमाला लिखा हुआ है।

**दो घुसपैठिए मारे गए** : बटाला (चौधरी, कोछड़): सीमा सुरक्षा बल की 32वीं बटालियन के जवानों ने गत रात सीमा पार पाकिस्तान की गुप्तचर एजैंसी आई.एस.आई. की पंजाब में उग्रवाद को पुनर्गठित करने और दीवाली के अवसर पर कोई बड़ी घटना करने की कोशिश असफल बना दी है।

सूत्रों के अनुसार बी.एस.एफ. गुप्तचर विभाग गुरदासपुर को सूचना प्राप्त हुई थी कि आई.एस.आई. के कुछ प्रशिक्षित लोग भारत के डेरा बाबा नानक क्षेत्र से भारत में घुसने की कोशिश कर रहे हैं। अत: 32वीं बटालियन के कमांडैंट श्री जीत सिंह चाहल ने अपने क्षेत्र में गुप्त निगरानी शुरू कर दी। रात 9.30 पर उन्होंने सीमा पर कुछ हलचल देखी कि दो व्यक्ति सीमा पर लगी कांटेदार तार को काटने की कोशिश कर रहे हैं। ललकारने पर उन्होंने वापस भागने की कोशिश की लेकिन सीमा सुरक्षा बल के गोली चलाने पर दोनों ही ढेर हो गए। उनके कब्ज़े से 9 पैकेट विस्फोटक, 2 तार काटने वाली कैंचियां और भारत व पाकिस्तान की करंसी मिली।

सीमा सुरक्षा बल के उच्चाधिकारियों के अनुसार उक्त दोनों पाक गुप्तचर एजैंसी आई.एस.आई. के व्यक्ति थे व भारत में आकर पंजाब के शांतिपूर्ण वातावरण को बिगाड़ने के लिए यहां उग्रवादियों को पुनर्गठित करने और दीवाली पर बड़ी वारदात करने आ रहे थे, जिसकी उन्हें पहले ही सूचना मिल गई थी।

**3 उग्रवादी मरे** : जगराओं जिले में हंसकलां गांव के पास 3 उग्रवादी उस समय मारे गए, जबकि हथियार बरामद करने के बाद पुलिस दल द्वारा उन्हें वापस थाने ले जाया जा रहा था तथा उन्हें लेकर जा रहे पुलिस जवानों पर उग्रवादियों के एक गिरोह ने फायरिंग की। इसी फायरिंग में हिरासत में लिए गए तीनों उग्रवादी मारे गए। यह तीनों ही भागने का प्रयास कर रहे थे। मृत उग्रवादियों जगजीत सिंह, शमशेर सिंह और मंजीत सिंह से पहले प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने एक ए.के. 47 राइफल, दो हथगोले, 150 कारतूस और 50 किलो विस्फोटक पदार्थ बरामद किए।

**2 अज्ञात उग्रवादी मरे** : रोपड़ जिले के बहरामपुर गांव के निकट एस.पी. (आप्रेशन) के नेतृत्व में जा रहे एक पुलिस दल पर दो अज्ञात उग्रवादियों ने गोलीबारी की। जवाबी कार्रवाई में दोनों उग्रवादी मारे गए। घटनास्थल से दो ए.के. 47 राइफलें, चार मैगजीन और कुछ खाली कारतूस बरामद हुए हैं।

इस बीच बरनाला पुलिस जिले में एक उग्रवादी गुरप्रताप सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार किया है तथा उसके पास से एक एच.ई. 36 हथगोला, एक बैटरी, 90 मीटर तार तथा 500 ग्राम ग्रे रंग की जेली बरामद की गई है।

## पाठकों के लिए आवश्यक सूचना

पाठक एवं एजैंट साहिबान कृपया नोट करें कि 7 नवम्बर, 1993 से पंजाब केसरी जालन्धर-अम्बाला के केवल रविवारीय संस्करण का मूल्य 2 रुपए प्रति कापी होगा।

—मैनेजर

Punjabi Sanatani

# उग्रवादियों द्वारा दरगाह के सेवादार की हत्या, 4 गिरफ्तार

चंडीगढ़, 26 नवम्बर (वा., प.स.) पंजाब में पिछले 24 घंटों में उग्रवादियों ने एक दरगाह के सेवादार की हत्या कर दी तथा सुरक्षा बलों ने 4 उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि दो उग्रवादियों ने कल रात जिला रोपड़ में कुराली पुलिस थाने के अंतर्गत स्थित गांव मानकपुर शरीफ में बाबा हजरत हाफिज मोहम्मद की दरगाह में गए तथा उन्होंने वहां के एक सेवादार नायब शाह की गोली मार कर हत्या कर दी।

एक अन्य घटना में इसी जिले में एक उग्रवादी बाज सिंह आज प्रातः ब्रह्मपुर जिम्मेदारा गांव के पास पुलिस की चलती हुई गाड़ी से भाखड़ा नहर में कूद कर भाग गया। उसे पुलिस दल अमृतसर से रोपड़ वापस ला रहा था।

**4 उग्रवादी गिरफ्तार :** सुरक्षा बलों ने बटाला पुलिस जिले में 4 उग्रवादियों को कुछ हथियारों व गोली सिक्का सहित गिरफ्तार किया है।

गत रात्रि तरनतारन के छिन्नावाल गांव के पास सुरक्षा बलों ने एक झड़प के बाद संदिग्ध अमोलक सिंह को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 32 बोर का एक रिवाल्वर और तीन कारतूस बरामद किए गए हैं।

Punjabi Sanatani